CMYK

अधिकतम :$28^{0}$C
न्यूनतम: $21^{0}$C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 5 मई 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 107 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2083 17 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र की तबादला नीति में सरकार ने किया बदलाव पेज 2



ऑरेंज कैप फिर से अभिषेक के सिर, रबाडा पर्पल कैप की दौड़ में खेल टाइम्स



न हाथ में डिग्री फिर भी जिंदगियां देती दाई मां सम्पादकीय



ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट का नया नक्शा जारी किया पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडु सीएम स्टालिन अपने ही बागी से हारे

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मौजूदा सीएम एमके स्टालिन कोलाथुर सीट से चुनाव हार गए हैं। उन्हें टीवीके के बीएस बाबू ने 8000 से ज्यादा वोटों से हराया है। बाबू पहले डीएमके में थे। फरवरी 2026 में ही उन्होंने विजय की पार्टी जॉइन की थी। इधर, टीवीके को सरकार बनाने के लिए 118 सीटों के साथ बहुमत हासिल करना होगा। एक्टर विजय के पिता चंद्रशेखर ने कहा है कि विजय कांग्रेस के साथ गठबंधन कर सकते हैं।

### होर्मुज में अमेरिकी जहाज पर ईरान का मिसाइल अटैक

**तेहरान/वाशिंगटन।** ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में एक अमेरिकी नेवी शिप पर दो मिसाइलें दागीं। हमले में जहाज को नुकसान पहुंचा, जिसके बाद उसे पीछे हटना पड़ा। ईरानी न्यूज एजेंसी फॉर्स ने इस बारे में जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह हमला तब किया गया जब अमेरिकी जहाज ने ईरानी नौसेना की चेतावनी को नजरअंदाज करते हुए होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की कोशिश की। हालांकि, अमेरिकी सेंट्रल कमांड सेंटकॉम ने होर्मुज में अपने किसी भी नौसैनिक जहाज पर हमले की खबरों को खारिज कर दिया है। सेंटकॉम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि अमेरिकी सेना होर्मुज में प्रोजेक्ट फ्रीडम के तहत काम कर रही है।

### लखनऊ-दिल्ली इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली।** खराब मौसम की वजह से दिल्ली से लखनऊ जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई-6476 की भोपाल में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। इसमें यूपी के दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सवार थे। दोनों भोपाल में सुरक्षित उतरे। यूपी में आंधी-बारिश जारी है। कानपुर, सुल्तानपुर और बाराबंकी समेत 64 जिलों में आंधी, बारिश और ओले गिरने का अलर्ट है। पिछले 24 घंटे में जालौन सबसे गर्म शहर रहा। सुल्तानपुर में पेड़ की डाल गिरने से एक की मौत हो गई। राजस्थान के दौसा, कोटपूतली-बहरोड़, अलवर और हनुमानगढ़ में आंधी के साथ बारिश हुई।

### एकीकृत थिएटर कमान भारतीय सेनाओं के लिए अपरिवर्तनीय सुधार

**नई दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने एकीकृत थिएटर कमान को भारतीय सेनाओं के लिए अपरिवर्तनीय सुधार प्रक्रिया करार देते हुए जोर देकर कहा है कि सेनाओं को बदलते खतरों के अनुसार खुद को तेजी से ढालना होगा और सेना, नौसेना तथा वायु सेना के बीच संयुक्तता, एकीकरण और डिजिटलीकरण की प्रक्रिया को मजबूत बनाना होगा। जनरल चौहान ने व्याख्यान के दौरान 'संयुक्तता और थिएटराइजेशन: प्रमुख चुनौतियां और प्रगति' विषय पर कहा कि एकीकृत थिएटर कमान की स्थापना उन्हें प्रमुख रक्षा अध्यक्ष और सैन्य मामलों के विभाग के सचिव के रूप में सौंपा गया एक महत्वपूर्ण दायित्व है।

# बंगाल और तमिलनाडु में बड़ा उलटफेर

- पश्चिम बंगाल, असम और पुड्डुचेरी में राजग, तो केरल में कांग्रेस मोर्चा को मिल रहा बहुमत
- तमिलनाडु में अभिनेता विजय के करिश्मे के दम पर टीवीके सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी
- केरल में एक दशक बाद कांग्रेस के नेतृत्व में संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा की सरकार बनने का रास्ता साफ
- असम और पुड्डुचेरी में नतीजों के अनुसार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार की वापसी निश्चित हुई
- प.बंगाल की सीएम ममता बनर्जी भवानीपुर सीट से सुवेंदु अधिकारी से 15 हजार वोटों से चुनाव हारीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की मतगणना के रूझानों में पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में भारी उलटफेर की संभावना के साथ भारतीय जनता पार्टी बंगाल में अपने दम पर जबरदस्त बहुमत हासिल करने जा रही है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी अध्यक्ष ममता बनर्जी भवानीपुर से सुवेंदु अधिकारी से 15,114 वोटों से चुनाव हार गई। सुवेंदु के खिलाफ यह उनकी लगातार दूसरी हार है। 2021 विधानसभा चुनाव में सुवेंदु नंदीग्राम से ममता के खिलाफ जीते थे। ममता हार से पहले ही काउंटिंग सेंटर से निकल गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि, मुझे अंदर धक्का दिया और पीटा गया। यहां दोबारा काउंटिंग होनी चाहिए।

उधर तमिलनाडु में अभिनेता विजय के करिश्में के दम पर टीवीके स्पष्ट रूप से सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। केरल में सत्ता परिवर्तन के संकेतों के बीच एक दशक बाद कांग्रेस के नेतृत्व में संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा की सरकार बनेगी। असम और पुड्डुचेरी में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार की वापसी निश्चित हो गई है। चुनाव आयोग के रूझानों के आंकड़ों के अनुसार पश्चिम बंगाल में एग्जिट पोल के अनुमानों के अनुरूप भाजपा को शुरूआती रूझानों में स्पष्ट बढ़त मिल रही है और वह अकेले दम पर जबरदस्त बहुमत हासिल करने जा रही है। राज्य की 294 विधानसभा सीटों में से 284 के आरंभिक रूझानों में विपक्षी भाजपा 119 सीटें जीत चुकी है और 88 सीटों पर आगे चल रही है। भाजपा को कुल 207 सीटें मिलने का अनुमान है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस 48 सीटें जीत चुकी है तथा केवल 22 सीटों पर आगे चल रही है। तृणमूल कांग्रेस को 80 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। वर्ष 2021 के चुनावों में तृणमूल ने 220, तो भाजपा ने 71 सीटें जीती थी। तमिलनाडु में भी रूझानों में एग्जिट पोल के विपरीत भारी उलट फेर देखने को मिला है। राज्य में अभी तक रूझानों में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत के संकेत नहीं हैं, लेकिन विधानसभा की 234 में से 224 सीटों के रूझानों में टीवीके अप्रत्याशित रूप से 107 सीटों से साथ सबसे आगे है। टीवीके 59 सीटें जीत चुकी है और 48 पर आगे है। अन्नाद्रमुक दूसरे स्थान पर 55 सीटों पर तथा सत्तारूढ़ द्रमुक 48 सीटों पर आगे रहते हुए तीसरे स्थान पर है। कांग्रेस 4 तथा पीएमके 5 सीट पर आगे है। पिछले चुनाव में द्रमुक गठबंधन को 158 जबकि अन्नाद्रमुक गठबंधन को 69 सीटें मिली थी। असम विधानसभा की 126 सीटों के नतीजों के अनुसार राजग को स्पष्ट बहुमत मिलता दिख रहा है। भाजपा 100 सीटें जीत चुकी है और दो पर आगे चल रही है। कांग्रेस 14 सीटें जीत चुकी है, और उसे 7 सीटों पर बढ़त मिली हुई है। असम गण परिषद को 9 और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीओपीएफ) को 10 सीटों पर बढ़त हासिल है। पिछले चुनावों में राजग को 74, कांग्रेस गठबंधन को 28 तथा एयूडीएफ को 15 सीटें मिली थी। केरल में अनुमानों के अनुरूप कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा को बहुमत मिलने जा रहा है। विधानसभा की 140 सीटों में से मोर्चा 102 सीटें जीत चुका है। जिनमें से कांग्रेस को 63 उसके सहयोगी दल इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग को 23, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को 25, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को 9 और केईसी को 7 सीटें मिली हैं। केरल में एलडीएफ ने 35 एवं भाजपा ने तीन सीटें जीती हैं। पिछले चुनाव में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा को 94 और संयुक्त मोर्चा को 42 सीटें मिली थी। पुड्डुचेरी विधानसभा की 30 में से राजग 15 सीट जीत चुका है और तीन पर आगे चल रहा है। कांग्रेस को तीन तथा अन्य को छह सीटें मिली हैं। निर्दलीय उम्मीदवार एक सीट पर जीत के साथ दो सीटों पर आगे चल रहे हैं। भाजपा ने एक सीट जीती है और एक पर आगे है। कांग्रेस और अन्नाद्रमुक ने भी एक-एक सीट जीती है।



**पश्चिम बंगाल**
सीटें- 293 बहुमत- 147

| पार्टी | जीत | आगे |
|---|---|---|
| भाजपा | 119 | 88 |
| टीएमसी | 48 | 22 |
| कांग्रेस | 00 | 02 |
| लेफ्ट | 00 | 02 |
| अन्य | 00 | 02 |

**तमिलनाडु**
सीटें- 234 बहुमत- 118

| पार्टी | जीत | आगे |
|---|---|---|
| टीवीके | 59 | 48 |
| डीएमके | 00 | 48 |
| AIADMK | 00 | 55 |
| एनटीके | 00 | 00 |
| अन्य | 00 | 05 |

**असम**
सीटें- 126 बहुमत- 64

| पार्टी | जीत | आगे |
|---|---|---|
| एनडीए | 100 | 02 |
| कांग्रेस | 14 | 07 |
| AIUDF | 02 | 02 |
| अन्य | 00 | 00 |

### केरल में यूडीएफ की जीत पर राहुल गांधी ने प्रदेश की जनता का जताया आभार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केरल में यूडीएफ की जीत के बाद राज्य की जनता का आभार जताया है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में लिखा कि केरल के लोगों को धन्यवाद। उन्होंने इस जीत को निर्णायक जनादेश बताया और कहा कि केरल की जनता ने जिस विश्वास के साथ यूडीएफ को चुना है, वह जिम्मेदारी को और बढ़ाता है। उन्होंने चुनाव अभियान में जुटे सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए इसे एक कठिन लेकिन सुव्यवस्थित अभियान बताया।

## पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत, वर्षों की साधना सिद्ध: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पर कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक और अभूतपूर्व है। सालों की साधना जब सिद्धी में बदलती है तो चेहरे पर जो खुशी होती है वो खुशी मैं देशभर के कार्यकर्ताओं के चेहरे पर देख रहा हूं। एक कार्यकर्ता होने के नाते मैं भाजपा के हर कार्यकर्ता की खुशी में शामिल हूं। आज का ये दिन कई मायनों में खास है। ये देश के उज्जवल भविष्य की उद्घोषणा, भरोसे का दिन है। भरोसा भारत के महान लोकतंत्र पर, भरोसा परफार्मेंस की पॉलिटिक्स पर, भरोसा एक भारत श्रेष्ठ भारत भावना पर। उन्होंने कहा कि आज नया इतिहास रच दिया है।

भाजपा के अध्यक्ष नितिन नवीन के पद संभालने के बाद ये पहले चुनाव थे। इन चुनाव में पार्टी कार्यकर्ताओं को उनका जो मार्गदर्शन था वो इस विजय में बहुमूल्य रहा। पीएम मोदी ने भारत माता की जय के साथ अपना भाषण शुरू किया। उन्होंने सभा स्थल पर मौजूद लोगों से आगे-पीछे न होने की अपील भी की। नितिन नवीन ने कहा कि हम भरोसे के साथ चल रहे हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जनता भय के वातावरण से मोदी के भरोसे के वातावरण में आई है। मोदी की गारंटी को सपनों को हकीकत के आईने में बुनेंगे, तो जनता आपके साथ खड़ी होती है। यही कारण है कि देश के कई राज्यों में भाजपा सरकार दोबारा आती हैं। इन रिजल्ट से जनता ने स्पष्ट किया कि हम भरोसे के साथ चल रहे हैं। 12 सालों के बाद भी मोदी के प्रति वही विश्वास और प्रेम जनता के बीच में कायम है।

## सुनेत्रा पवार ने जीत का इतिहास बनाया

**नई दिल्ली।** देश के 5 राज्यों की 7 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के नतीजे आ गए हैं। महाराष्ट्र के बारामती सीट से एनसीपी उम्मीदवार सुनेत्रा पवार ने 2 लाख 18 हजार वोटों के अंतर से ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

जीत का यह अंतर भारत में किसी विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा है। सुनेत्रा पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार की पत्नी हैं, जिनका 28 जनवरी 2026 को विमान हादसे में निधन हो गया था। बारामती अजित पवार की पारंपरिक सीट रही है। यहां से सुनेत्रा की जीत पहले से लगभग तय थी। उनके खिलाफ 22 निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में थे। महाराष्ट्र की राहुरी सीट से भाजपा के अक्षय कार्डिले जीत गए हैं। भाजपा ने गुजरात, नगालैंड और त्रिपुरा की 1-1 सीट भी जीत ली है। कर्नाटक की बागलकोट और दावणगेरे साउथ सीट पर कांग्रेस उम्मीदवारों ने जीत हासिल की। उपचुनाव वालीं सभी 7 सीटें पूर्व विधायकों की मौत के कारण खाली हुई थीं। कर्नाटक, नगालैंड और त्रिपुरा में 9 अप्रैल को वोटिंग हुई थी। गुजरात की लिमखेड़ा और महाराष्ट्र के बारामती और राहुरी सीट पर 23 अप्रैल को वोटिंग हुई थी। कर्नाटक के दावणगेरे साउथ विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार समर्थ मल्लिकार्जुन ने 5708 वोटों से जीत हासिल की। उन्हें 69,578 वोट मिले हैं, जबकि भाजपा के श्रीनिवास को 63,870 वोट मिले हैं।



**2.18 लाख वोटों से जीतीं उपचुनाव**

### बम की धमकी वाले ईमेल से दिल्ली के स्कूल में मचा हड़कंप

**नई दिल्ली।** दिल्ली के एक स्कूल में सोमवार की सुबह बम की धमकी वाला ईमेल मिलने से हड़कंप मच गया, जिसके तुरंत बाद सावधानी बरतते हुए छात्रों और कर्मचारियों को स्कूल परिसर से बाहर निकाला गया।धमकी की सूचना मिलते ही एहतियात के तौर पर सभी छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। पुलिस को तत्काल सूचित किया गया। इसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा जांच शुरू कर दी। जब तक सुरक्षा जांच के बाद स्कूल को पूरी तरह सुरक्षित घोषित नहीं कर दिया जाता, तब तक कक्षाएं निलंबित रहेंगी।

## सुप्रीम कोर्ट का ट्रांसजेंडर संशोधन एक्ट पर केंद्र व राज्यों को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2026 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर केंद्र सरकार और सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी किया है।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने इस मामले पर 6 हफ्ते के भीतर जवाब मांगा है। अब इस मामले की सुनवाई तीन जजों की बेंच करेगी। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने संशोधन पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि यह संशोधन ट्रांसजेंडर व्यक्तियों से 'सेल्फ आइडेंटिफिकेशन' का अधिकार छीनता है। यह 2014 के ऐतिहासिक एनएएलएसए जजमेंट के खिलाफ है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने खुद की लैंगिक पहचान चुनने को मौलिक अधिकार घोषित किया था। जस्टिस सूर्यकांत ने सेल्फ आइडेंटिफिकेशन के अधिकार को लेकर कुछ चिंताएं जताईं।



**कोर्ट ने छह हफ्ते में जवाब मांगा**

## भारतीय यात्री लिपुलेख से मानसरोवर न जाएं:नेपाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/ काठमांडू।** नेपाल सरकार ने भारतीय तीर्थयात्रियों से लिपुलेख के रास्ते कैलाश मानसरोवर यात्रा न करने की अपील की है। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि 1816 की सुगौली संधि के मुताबिक लिम्पियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी क्षेत्र नेपाल का हिस्सा है।

सरकार ने कहा कि लिपुलेख के रास्ते प्रस्तावित कैलाश मानसरोवर यात्रा को लेकर उसने भारत और चीन दोनों को डिप्लोमैटिक तरीके से अपनी आपत्ति और चिंता से अवगत करा दिया है। नेपाल ने यह भी बताया कि वह पहले भी भारत से इस इलाके में सड़क निर्माण, व्यापार और पर्यटन जैसी एक्टिविटी न करने की अपील करता रहा है। नेपाल ने चीन को भी आधिकारिक तौर पर यह जानकारी दी है कि लिपुलेख उसका हिस्सा है। नेपाल की हालिया टिप्पणी के बाद भारत ने अपना रुख स्पष्ट किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस मुद्दे पर भारत की स्थिति पहले से ही स्पष्ट और स्थिर रही है। भारत सभी विवादों का समाधान बातचीत और कूटनीति के जरिये निकालने के पक्ष में है। जायसवाल ने कहा कि लिपुलेख दर्रा 1954 से कैलाश मानसरोवर यात्रा का एक पारंपरिक मार्ग रहा है और इस रास्ते का इस्तेमाल कई दशकों से होता आ रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कोई नया मुद्दा नहीं है। सीमा विवाद पर भारत ने फिर दोहराया कि नेपाल के दावे तथ्यों और ऐतिहासिक प्रमाणों पर आधारित नहीं हैं। भारत ने कहा कि एकतरफा और कृत्रिम तरीके से सीमा दावों को बढ़ाना स्वीकार्य नहीं है। विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा कि भारत, नेपाल के साथ सभी लंबित मुद्दों पर सकारात्मक बातचीत के लिए तैयार है और सीमा से जुड़े मतभेदों को भी आपसी संवाद और कूटनीति के जरिए सुलझाने का समर्थन करता है। भारत, नेपाल और चीन सीमा से लगे इस इलाके में हिमालय की नदियों से मिलकर बनी एक घाटी है, जो नेपाल और भारत में बहने वाली काली या महाकाली नदी का उद्गम स्थल है। इस इलाके को कालापानी भी कहते हैं। यहीं पर लिपुलेख दर्रा भी है। यहां से उत्तर-पश्चिम की तरफ कुछ दूरी पर एक और दर्रा है, जिसे लिंपियाधुरा कहते हैं।



**लिपुलेख हमारा इलाका, भारत ने कहा:- नेपाल के दावे का कोई ऐतिहासिक प्रमाण नहीं**

### एएटीएस के साथ मुठभेड़ में पारदी गिरोह के तीन सदस्य घायल, छह गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अंबेडकर नगर इलाके में एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड (एएटीएस) की टीम और पारदी गिरोह के सदस्यों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन अपराधियों के पैर में गोली लगी है। इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इन तीनों के अलावा तीन अन्य को भी मौके से हिरासत में लिया गया है। घायल आरोपियों की पहचान 34 वर्षीय निर्मल पारदी उर्फ निखिल, 25 वर्षीय अंबर उर्फ डेविन और 30 वर्षीय सम्राट उर्फ समर उर्फ काला के रूप में हुई है। इन तीनों के पैरों में गोलियां लगी हैं।

CMYK

## इंडिया गठबंधन का अब कोई भविष्य नहीं: पूनावाला

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कई राज्यों के विधानसभा चुनावों की मतगणना के रुझानों को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर हमला बोला है और कहा कि वह (श्री गांधी) इंडिया गठबंधन को संभालने में नाकाम साबित हुए हैं, जिसके कारण इस गठबंधन का अब कोई भविष्य नहीं है। पूनावाला ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि देश में लगातार 12 सालों तक सत्ता में रहने के बावजूद नए राज्यों में भाजपा की सरकारें बन रही हैं। भाजपा का वोट शेयर बढ़ रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वजह से लोगों का भाजपा पर भरोसा और भी मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव का सबसे बड़ा नतीजा यह है कि इंडिया गठबंधन पूरी तरह से टूट गया है और खत्म हो गया है।

## रीता बहुगुणा जोशी के पति का निधन आज होगा संस्कार

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से पूर्व भाजपा सांसद रीता बहुगुणा जोशी के पति पीसी जोशी का सोमवार सुबह लखनऊ स्थित संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में निधन हो गया। उन्होंने सुबह लगभग सात बजे अंतिम सांस ली। इस संबंध में जानकारी स्वयं रीता बहुगुणा जोशी ने अपने एक्स अकाउंट के माध्यम से दी। परिवार के अनुसार पीसी जोशी पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और एसजीपीजीआई में उनका उपचार जारी था। सोमवार सुबह अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उनका निधन हो गया। पीसी जोशी पेशे से मैकेनिकल इंजीनियर थे और तकनीकी एवं लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा।

### योगी कैबिनेट की बैठक में कुल 29 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई

# तबादला नीति में सरकार ने किया बदलाव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक में सोमवार को कुल 29 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बैठक के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य की तबादला नीति में बदलाव किया गया है।

नई व्यवस्था के तहत अब सरकारी कर्मचारियों के तबादले केवल 15 मई से 31 मई के बीच ही किए जाएंगे। ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि ऊर्जा विभाग से जुड़े तीन महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति मिली है। उन्होंने कहा कि हाईटेंशन बिजली लाइनों के बड़े



■ ऊर्जा विभाग से जुड़े तीन महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी स्वीकृत

टावरों से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने के लिए नई नीति लागू की जाएगी। शर्मा ने बताया कि इसके तहत टावर के नीचे की पूरी जमीन और उसके एक मीटर दायरे की भूमि का दोगुना मुआवजा दिया जाएगा, जबकि तार खींचने वाली जमीन के लिए 30 प्रतिशत मुआवजा तय किया गया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले इस तरह का मुआवजा नहीं मिलता था, जबकि वर्ष 2018 में पहली बार इस संबंध में नीति बनाई गई थी। उन्होंने बताया कि ऊर्जा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए जालौन में 500 मेगावाट क्षमता का सोलर पावर प्लांट स्थापित किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि यह परियोजना यूपी उत्पादन लिमिटेड और कोल इंडिया के संयुक्त सहयोग से विकसित होगी, जिसमें 49 प्रतिशत हिस्सेदारी राज्य सरकार और 51 प्रतिशत कोल इंडिया की होगी। परियोजना की शुरुआती लागत 10 करोड़ रुपये बताई गई है। शर्मा ने बताया कि इसके अलावा नोएडा क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहे औद्योगिक विकास को देखते हुए बिजली वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा। यहां 400/220 केवी का नया पावर स्टेशन बनाया जाएगा, जिसकी अनुमानित लागत 653 करोड़ रुपये होगी।

## नौ साल में यूपी बना 'रेवेन्यू सरप्लस': योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश अब अपने संसाधनों के बल पर बड़ी अवसंरचना परियोजनाएं पूरी करने में सक्षम हो चुका है। उन्होंने दावा किया कि करीब 600 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण बिना बैंकों से कर्ज लिए किया गया, जिस पर 36 हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च हुए हैं। सोमवार को लोकभवन में सहकारी समितियां एवं पंचायत लेखा परीक्षा विभाग के 371 तथा स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग के 129 नवचयनित लेखा परीक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद मुख्यमंत्री संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेस-वे के किनारे नौ औद्योगिक और लॉजिस्टिक हब विकसित किए जा रहे हैं, जिन पर कुल मिलाकर 42 हजार करोड़ रुपये से अधिक निवेश हो चुका है।

# लखनऊ समेत कई जिलों में बदला मौसम

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ समेत उत्तर प्रदेश के कई जिलों में सोमवार को मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। तेज रफ़्तार हवा और आसमान पर छाई काला घटाओं से सुबह से आगाज हुआ जिससे कुछ समय तक दिन में भी रात का अहसास हुआ और तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई।

लखनऊ, बाराबंकी, हरदोई, शाहजहांपुर, बरेली और गौतमबुद्ध नगर समेत कई जिलों में मध्य रात्रि के बाद से ही मौसम का मिजाज बदलने लगा था और सुबह तक कई इलाके तूफानी हवाओं और बारिश का गवाह बन चुके थे। मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी के तहत कई जिलों में मध्यम स्तर के गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चलने, बिजली गिरने और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की आशंका जताई गई है। इनमें उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, हरदोई, सीता. पुर, बहराइच, गोंडा, श्रावस्ती और लखीमपुर खीरी सहित आसपास के क्षेत्र शामिल हैं। इसके अलावा अयोध्या, अमेठी, कानपुर नगर, कानपुर देहात, औरैया, कन्नौज, फर्रुखाबाद, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, हमीरपुर, जालौन, महोबा, झांसी, ललितपुर, फतेहपुर, प्रतापगढ़, रायबरेली, इटावा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, हाथरस, कासगंज, अलीगढ़, बदायूं, बुलंदशहर, संभल, अमरोहा और मुरादाबाद समेत कई जिलों में भी गरज-चमक के साथ तेज हवाओं और आकाशीय बिजली गिरने की प्रबल संभावना जताई गई है। हल्की से मध्यम वर्षा के साथ 30 से 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने की भी चेतावनी दी है। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने, खुले स्थानों पर जाने से बचने, पेड़ों एवं कमजोर संरचनाओं के नीचे खड़े न होने तथा बिजली कड़कने के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है।

## प्रतिकूल मौसम में अधिकारियों को फील्ड में रहने के निर्देश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में आंधी-बारिश और खराब मौसम के बीच आमजन को राहत पहुंचाने के लिए प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं।

सोमवार सुबह लखनऊ समेत कई जनपदों में मौसम के बिगड़े हालात को देखते हुए मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को पूरी मुस्तैदी के साथ काम करने को कहा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जनहानि, पशुहानि, घायलों और आपदा से प्रभावित लोगों को हर हाल में 24 घंटे के भीतर मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार हर परिस्थिति में किसानों और प्रदेशवासियों के साथ खड़ी है। योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे फील्ड में रहकर स्थिति का लगातार जायजा लें और राहत-बचाव कार्यों को तेज गति से संचालित करें। आंधी-बारिश के कारण कई स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं की सूचना है, ऐसे में घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराकर उनका समुचित इलाज सुनिश्चित किया जाए।

# फरिश्ता बनकर आए थे आठ को मौत उठा ले गई

अंबेडकरनगर, वार्ता

■ अंबेडकरनगर में दो भाइयों समेत आठ को कार ने रौंद डाला

रविवार रात जलालपुर थाना क्षेत्र के अशरफपुर भुवा भट्ठे के पास हुए एक भीषण सड़क हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। दो बाइकों की टक्कर में घायल हुए लोगों की मदद करने रुके दो सगे भाइयों समेत 8 लोगों को एक बेकाबू कार ने रौंद दिया। बारात से लौट रहे भाई एम्बुलेंस बुला रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सबसे दुखद बात यह रही कि जिन लोगों की मौत हुई, उनमें से कई लोग घायल पड़े अजनबियों की जान बचाने के लिए वहां रुके थे। मानवता दिखाने की यह कीमत उन्हें अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। घटना रविवार रात करीब 12 बजे की है। अकबरपुर-जलालपुर मार्ग पर दो बाइकों के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़े। चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर अपनी गाड़ियां रोककर उनकी मदद के लिए दौड़े। इन्हीं राहगीरों में सम्मनपुर क्षेत्र के जैनापुर निवासी दो सगे भाई, आदित्य (25) और दिव्यांशु उर्फ छोटू (14) भी शामिल थे। दोनों भाई एक वैवाहिक कार्यक्रम (बारात) से लौट रहे थे। घायलों को तड़पता देख उनसे रहा नहीं गया और उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल रोक दी। वे एम्बुलेंस को फोन कर रहे थे और घायलों को उठाने का प्रयास कर रहे थे।

# यूडीएफ की जीत पर प्रियंका ने जताया आभार

### केरल की जनता को कांग्रेस नेता ने दिया धन्यवाद

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस महासचिव एवं केरल के वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस गठबंधन को जिताने के लिए केरल की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि उनके विश्वास और अपार समर्थन से उत्साहित होकर संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) राज्य में बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए काम करेगा। श्रीमती वाड्रा ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में सोमवार को कहा कि केरल की जनता का भरोसा ही यूडीएफ के लिए मार्गदर्शक शक्ति बनेगा और आने वाले पांच वर्षों में ईमानदारी एवं विनम्रता के साथ किए गए वादों को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने वायनाड की जनता का विशेष रूप से धन्यवाद करते हुए कहा कि वहां यूडीएफ को 7 में से 7 सीटों



पर मिली जीत जनता के मजबूत विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सभी प्रतिनिधि मिलकर काम करेंगे और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे। उन्होंने यूडीएफ के कार्यकर्ताओं और नेताओं को बधाई देते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों से एकजुट और प्रगतिशील केरल का संदेश हर घर तक पहुंचा है तथा आने वाले वर्षों में जनता की सेवा का संकल्प और मजबूत होगा।

## केरल की जनता के विश्वास पर खरा उतरेंगे: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में गठबंधन की जीत के लिए केरल की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि उसने संयुक्त लो. कतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) को भारी बहुमत देकर सेवा का अवसर दिया है और पार्टी इस विश्वास पर खरा उतरने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करेगी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जय राम रमेश ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक संदेश में कहा कि कांग्रेस अपनी जिम्मेदारी को भली-भांति समझती है और केरल की जनता ने जो भरोसा जताया है, उस पर पूरी निष्ठा के साथ खरी उतरेगी।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 77269.40
निफ्टी 24119.30

सोना 148000 प्रति 10 ग्राम
चांदी 244000 प्रति किलो

## अमेरिका-ईरान शांति वार्ता की उम्मीद में उछले शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता

अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता की उम्मीद में घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी देखी गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 355.90 अंक (0.46 प्रतिशत) चढ़कर 77,269.40 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 121.75 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की बढ़त में 24,119.30 अंक पर पहुंच गया।

मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.61 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.70 फीसदी ऊपर बंद हुआ। अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के इस बयान के बाद कि ईरान का नया शांति प्रस्ताव अच्छा है निवेशकों में पश्चिम एशिया संकट के जल्द समाप्त होने का विश्वास जगा है। इससे शेयर बाजारों में लिवाली देखी गई। आईटी, मीडिया और बैंकिंग को छोड़कर अन्य सेक्टरों में तेजी रही। रियलटी, धातु, स्वास्थ्य, वित्त और फार्मा सेक्टरों के सूचकांकों में



ज्यादा तेजी रही। अडानी पोर्ट्स के शेयर में पांच प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। हिंदुस्तान यूनीलिवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एलएंडटी, इटरनल और मारुति सुजुकी के शेयर दो से तीन फीसदी के बीच चढ़े। बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट और बजाज फाइनेंस के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच चढ़े। सनफार्मा, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बीईएल, टाटा स्टील, ट्रेंट और पावर ग्रिड के सूचकांक भी हरे निशान में रहे। भारती एयरटेल का शेयर तीन प्रतिशत से ऊपर टूटा। कोटक महिंद्रा बैंक में भी लगभग तीन फीसदी की तेजी रही। टीसीएस, आईटीसी और इंफोसिस के शेयर एक से दो प्रतिशत ऊपर बंद हुए। इंडिगो और टाइटन के शेयर भी गिरावट में बंद हुए।

## सोना हुआ सस्ता चांदी की कीमत में लगे पंख

**नई दिल्ली।** सोमवार को सोने के दाम में गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,906 रुपए गिरकर 1.48 लाख रुपए पर आ गया है। इससे पहले इसकी कीमत 1.50 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं चांदी की कीमत में तेजी देखने को मिल रही है। एक किलो चांदी 3,906 रुपए बढ़कर 2.44 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले 30 अप्रैल को इसकी कीमत 2.40 लाख रुपए प्रति किलो थी। 2026 में सोना अब तक 15 हजार रुपए महंगा हुआ है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.48 लाख रुपए पर पहुंच गया है।

## चावल, चीनी, खाद्य तेलों के भाव टूटे दालों के भाव में रहा उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल का औसत भाव गिर गया। चावल के साथ चीनी और खाद्य तेलों में भी नरमी देखी गई। गेहूं में टिकाव रहा जबकि दालों के दामों में घट-बढ़ रही। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत चार रुपये घटकर 3,832 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं 2,781 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग अपरिवर्तित रहा। आटे की कीमत 12 रुपये गिर गई। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। चना दाल की औसत कीमत नौ रुपये और मसूर दाल की चार रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंग दाल में 37 रुपये और उड़द दाल



में 35 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट देखी गई। तुअर दाल के भाव स्थिर रहे।

मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 50 रिंगिट चढ़कर 4,620 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 75.44 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 119 रुपये और सोया तेल 104 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। पाम ऑयल में 55 रुपये और सरसों तेल में 35 रुपये की गिरावट रही। वनस्पति 30 रुपये और सूरजमुखी तेल 14 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 11 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। चीनी भी पांच रुपये सस्ती हुई। दाल-दलहन: दाल चना 7670.91 रुपये, मसूर काली 8092.13 रुपये, मूंग दाल 10151.06 रुपये, उड़द दाल 10811.01 रुपये, तुअर दाल 11245 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2781.05 रुपये और चावल 3832.43 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3261.23 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख ने पद से दिया इस्तीफा

नई दिल्ली, वार्ता

निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख विनय मल्होत्रा ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। एयरलाइंस ने आज शेयर बाजार को बताया कि उन्हें 03 जुलाई की शाम उनकी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया जाएगा।

कंपनी के प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया को संबोधित अपने त्यागपत्र में श्री मल्होत्रा ने लिखा है कि वह विमानन उद्योग से बाहर सलाहकार की भूमिका में अपना करियर तलाश रहे हैं। उन्होंने पिछले चार साल में अपने करियर के दौरान इंडिगो परिवार के साथ काम करने का मौका देने के लिए भाटिया को धन्यवाद दिया और कहा कि वह 3 जुलाई तक नोटिस पीरियड में काम करते रहेंगे।



पिछले साल दिसम्बर के पहले सप्ताह में इंडिगो के परिचालन में बड़े पैमाने पर व्यवधान के बाद कंपनी के उच्च प्रबंधन में यह दूसरा इस्तीफा है। इससे पहले इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीटर एल्बर्स ने मार्च में 'निजी कारणों से' अपने पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया था। अंतरिम व्यवस्था के तहत भाटिया एयरलाइंस के प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। एल्बर्स सितम्बर 2022 से कंपनी के सीईओ थे। दिसम्बर के पहले सप्ताह में हजारों की संख्या में कंपनी की उड़ानें रद्द रही थीं, जिससे लाखों यात्री प्रभावित हुए थे।

देश के विभिन्न हवाई अड्डों पर हजारों यात्री चेक-इन करने के बाद कई-कई घंटे तक फंसे रहे थे। घरेलू यात्रियों की संख्या के लिहाज से इंडिगो की बाजार हिस्सेदारी 60 प्रतिशत से ऊपर है और वह इस समय देश की सबसे बड़ी विमान सेवा कंपनी है।

## प्रयागराज ज्ञान और आस्था का प्रतीक: राजनाथ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**प्रयागराज।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि रक्षा, उद्योग और एकेडमिक जगत का एक साथ मिलन है। प्रयागराज ज्ञान और आस्था का प्रतीक है। जिस तरह कुंभ में हर जाति संप्रदाय के लोग पुण्य की डुबकी लगाने आते हैं, उसी तरह से नॉर्थ टेक सिम्पोजियम में भी रक्षा, उद्योग और एकेडमिक का संगम है, तीन दिनों तक यह कार्यक्रम चलने वाला है।

रक्षामंत्री ने कहा कि तीन दिनों तक यह कार्यक्रम चलने वाला है, जिसमें सिम्पोजियम में कई महत्वपूर्ण विषय को रखा गया है, जोकि रक्षा के क्षेत्र में काफी महत्वपूर्ण होने वाले है। इतिहास बताता है कि हर युग की क्रांति में काफी बदलाव होते हैं। हर क्रांति की यह नीयत है, लेकिन कुछ समय के बाद वह एक संतुलन में बदल जाती है।



■ नॉर्थ टेक सिम्पोजियम का उद्घाटन कर बोले रक्षा मंत्री

■ कहा- यहां रक्षा, उद्योग और एकेडमिक जगत का मिलन

जीवन के सभी क्षेत्र में हेल्थ, एकेडमिक, रक्षा सहित अन्य क्षेत्र में भी क्रांति आती है। रक्षा के क्षेत्र में तकनीकी बदलाव ज्यादा हुए हैं, आज तकनीक और इंजीनियरिंग का काफी इस्तेमाल हो रहा है। एयर, जमीन और समुद्र में भी वार के तरीके बदले हैं। इसमें नई तकनीक काफी कारगर साबित हुई है। रडार, साइबर तकनीक, उदाहरण के तौर पर है डिफेंस सेक्टर भी तकनीक हुई है। अब युद्ध में सिर्फ जमीन और एयर से नहीं, बल्कि साइबर तकनीक का भी इस्तेमाल हुआ है। टैंक, मिसाइल के बाद अब ड्रोन के साथ सेंसर सिस्टम गेम चेंजर के रूप में सामने आए हैं। आज के युग में हथियार के बदलते तरीके भी काफी आश्चर्यचकित करने वाले हैं। हमारी सेना ने भी काफी बदलाव किए हैं।

इसका उदाहरण ऑपरेशन सिंदूर में देखने को मिला। हमारी सेना ने आतंकियों को जो मुंहतोड़ जवाब दिया, वह एक नमूना है। ब्रह्मोस और अन्य लेटेस्ट तकनीक का भी इस्तेमाल किया गया है। आज के समय में हमें हर स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा, चिकित्सा में नई तकनीक आती है, तो उसमें देरी की जा सकती है, लेकिन डिफेंस सिस्टम की तकनीक में देरी का मतलब हम पर दुश्मन हावी हो सकता है। इसलिए हमें प्रो एक्टिव रहना होगा, ताकि समय के साथ हम चल सकें। इतिहास कहता है कि सर्पाइजेस ही युद्ध में जीत दिलाते हैं. ।बदलती परिस्थितियों के अनुसार हमें चलना ही होगा, जो देश बदलती क्रांति को एडॉप्ट करेगा। उन्होंने कहा कि तरक्की करने वाले डिफेंस सेक्टर में काफी कार्य यूपी में हुए हैं। डिफेंस सेक्टर में हमारे प्रयासों का असर भी दिखने लगा है, हमारी इंडस्ट्री की चर्चा अब दुनिया में हो रही है। राजनाथ सिंह ने कहा जैसे डिफेंस कॉरिडोर बनाया जा रहा है, उसी तरह नॉलेज कॉरिडोर भी तैयार किया जाना चाहिए, ताकि बदलती तकनीक को रिसर्च के जरिए भी समझकर कार्य किया जा सके।

## अयोध्या से लौटते समय छह की मौत

**जालौन।** जालौन-झांसी-कानपुर नेशनल हाईवे-27 पर सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में 6 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 4 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा कालपी कोतवाली क्षेत्र के जोल्हुपुर के पास चौरासी गुंबद के नजदीक हुआ, जहां तेज रफ्तार टवेरा कार पीछे से ट्रक में जा घुसी। कार चालक को झपकी आ जाने के कारण यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि टवेरा कार नंबर सीएच 04 एलटी 5412 में सवार सभी लोग अयोध्या से दर्शन कर ललितपुर लौट रहे थे। हादसे में मृतकों की पहचान ललितपुर जनपद के हरदौल मोहल्ला के रहने वाले लोगों के रूप में हुई। इस कार में शशिकांत तिवारी (चालक) पुत्र उत्तम तिवारी, कृष्णकांत नायक पुत्र दयाशंकर, दीपक तिवारी, हरिमोहन तिवारी, भूषण तिवारी और अंशुल तिवारी स्वामी प्रसाद तिवारी और मनोज भोंडल सवार थे।

# किस की लापरवाही : करंट लगने से स्कूल पहुंचे बच्चे की मौत

## परिवार में कोहराम, बच्चे का शव देखकर ग्रामीणों की भी भर आई आंखें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तितावी।** तितावी क्षेत्र के गांव नसीरपुर में एक बडी ही हृदय विधारक या यूं कहे कि बड़ी ही दर्दनाक घटना हुई है। मासूम बच्चा गया था स्कूल में शिक्षा के लिए और घर पहुंची उसकी लाश। यहां पर एक नन्हे-मुन्ने छात्र की मौत हुई है। मौत का कारण खम्भे में उतरा करंट है बच्चा घटना के समय आगंनवाडी में पेशाब करने के लिए चला और अचानक ही उसका हाथ करंट के खम्भे से टच हो गया और मौके पर ही बच्चे की सांसे थम गई। इस घटना में आगंनवाडी की लापरवाही कहा जाए या विद्युत विभाग की घौर लापरवाही समझी जाए फिलहाल तो इस संबंध में कुछ कहा नहीं जा सकता, लेकिन अचानक ही मासूम बच्चे का हमेशा के लिए चले जाना परिवार के लिए एक कोहराम मचाने वाली घटना हो गई है। भाकियू नेता के साथ मृतक के परिजनों और ग्रामीण थाने पहुंचे और कार्यवाही की मांग की। पुलिस के आश्वासन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

ग्राम नसीरपुर निवासी सोनू कुमार गरीब परिवार से और मेहनत मजदूरी करके वह परिवार का पालन पोषण करता है सोनू का पांच वर्ष का बेटा सत्यम गांव के ही आगंनवाडी में पढ़ता था।

सोमवार की सवेरे सत्यम घर से सरकारी स्कूल परिसर में स्थित आगंनवाडी केन्द्र में पढ़ने के लिए गया था। बताया जाता है कि स्कूल आने के कुछ देर बाद ही सत्यम बाथरूम करने के लिए जा रहा था जहां आगंनवाडी परिसर में ही लगा पोल में करंट आ रहा था।

अचानक सत्यम का हाथ स्ट्रीट लाइट के पोल से टच हो गया जहां करंट ने उसको जकड लिया और इससे पहले आगंनवाडी के टीचर व अन्य लोग उसे बचा पाते बच्चे की कुछ देर बाद ही सांसे थम गई। इस घटना से स्कूल परिसर में अफरा तफरी मच गई और कुछ ही देर में यह खबर गांव में आग की तरह फैल गई।

कुछ ही देर में परिजन यहां पहुंचे और ग्रामीणों की भीड भी यहां इकट्ठा हो गई। बच्चे की लाश देखकर सभी की आंखे नम होने लगी।

परिवार व ग्रामीण इस घटना को स्कूल के साथ-साथ विद्युत विभाग की घौर लापरवाही बताते हुए आक्रोश जता रहा था। ग्रामीण इस मामले में कड़ी कार्यवाही की मांग करने लगे। सूचना के बाद कुछ अफसर भी मौके पर पहुंच गए और भीड़ को समझाकर मामला शांत किया।

यह मामला तितावी थाने में भी पहुंचा जहां पुलिस के आश्वासन के बाद लोग शांत हुए और पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

लोगों का यही कहना था कि आगंनवाडी में स्ट्रीट लाइट के लगे खंभे में उतरे करंट से क्या ओर बच्चे सुरक्षित है? फिलहाल अब तो बस यही कहा जा सकता है कि आगंनवाडी में शिक्षा के लिए पहुंचे सत्यम का शव ही घर पहुंचा है।

# जंगल में महिला पर जानलेवा हमला

## मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

■ कई संदिग्ध लोगों को रडार पर लेकर पुलिस ने की पूछताछ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** तितावी क्षेत्र के गांव मुरादपुर निवासी प्रमोद की पत्नी अपने खेत में चारा काट रही थी इसी दौरान एक अज्ञात युवक खेत पर पहुंचा और हत्या के इरादे से महिला पर धारदार हथियार से कई वार कर दिए।

खून से लथपथ महिला खेत में ही गिर पड़ी। कुछ देर बाद इधर से गुजरे किसानों ने जब महिला की हालत खून से लथपथ देखी तो उन्होने इसकी जानकारी परिवार और पुलिस को दी।

कुछ देर बाद ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और इस समय तक ग्रामीणों की भीड भी मौके पर इकट्ठा हो चुकी थी पुलिसने मौके पर पहुंचते ही इस मामले की जानकारी जुटानी चाहि की आखिर की महिला की जान लेने वाला कौन था और उक्त अज्ञात व्यक्ति ने महिला पर जानलेवा हमला क्यो किया है पुलिस यह भी जानने का प्रयास कर रही है कि आखिर या उसके अन्य परिजनों से किस की रंजिश हो सकती है या फिर इस घटना के पीछे क्या राज है। फिलहाल पुलिस ने महिला को स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया और तुरंत ही इस मामले को दर्ज किया गया।

सीओ फुगाना यतेन्द्र नागर की माने तो घटना का साक्ष्य जुटाया जा रहा है और हमलावर की तलाश की जा रही है कुछ संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की गई, लेकिन अभी तक पुलिस को घटना के पीछे का कारण और आरोप का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस इस मामले में कई पहलुओं पर जांच में जुटी है।

# 9 को लगेगी लोक अदालत, बिना तारीख मिले मिलेगा न्याय

■ बिना शुल्क के निपटाए जाएगे घरेलू विवाद सहित अन्य मामले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मई को किया जाएगा जिसमें लम्बित मामलों और विभिन्न विवादों का बिना किसी शुल्क और लम्बी कानूनी प्रक्रिया के त्वरित निस्तारण किया जाएगा।

सिविल जज सिनियर डिवीजन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डॉक्टर सतेन्द्र चौधरी ने बताया कि लोक अदालत का आयोजन आम लोगों के लिए न्याय पाने का सबसे आसान, सस्ता और सबसे तेज तरीका है यहां पक्षकार अपनी सहमति से अपने विवादों को समाप्त कर सकते है। उन्होने बताया कि इसके लिए नो मई को लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में मामलों के निस्तारण के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता इसके अतिरिक्त, वकीलों और तारीकों के चक्कर में समय भी बर्बाद नहीं होता। यदि कोई मामला पहले से अदालत में चल रहा है और लोक अदालत में सुलझ जाता है तो जमा की गई कोर्ट फीस भी वापस मिल जाती है। उन्होने बताया कि लोक अदालत में घरेलू विवाद, पति-पत्नी के झगड़े, चैक बाउंस, बैंक लोन संबंधी मामलों के साथ-साथ सड़क दुर्घटना मुआवजा, किरायेदारी विवाद और वाहनों के चालान जैसे विभिन्न मामलों का निपटारा होगा।

# बंगाल में कमल खिलते ही शिव चौक पर भाजपाइयों ने मनाया जशन

■ राज्यमंत्री कपिल देव ने मोदी स्टाइल में बांटी झालमुडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पश्चिम बंगाल में प्रचंड बहुमत से पहली बार तथा असम और पाण्डुचेरी में एक बार फिर से भाजपा सरकार बनने से उत्साहित सैकण्डों भाजपा कार्यकर्ताओं ने कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शिव चौक पर जमकर जश्न मनाया। इस दौरान राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा मोदी स्टाइल में झालमुडी (भेलपुरी) का स्टाल लगवाकर खुद आने जाने वाले को जय श्री राम के नारे लगवाते हुए भेलपुरी बांटी तो लोगों के मन में बंगाल



चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा झालमुडी आने की घटना जीवंत हो उठी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाडों की धून पर जमकर नारेबाजी की घंटे बजाते हुए कई घंटे तक आतीशबाजी की और रंग गुलाल उडाकर इस बात पर खुशी जताई कि हजारों कुर्बानियां देकर भाजपा बंगाल में कमल खिलाने में कामयाब हुई।

टीवी पर सुबह से ही लोग पांच राज्यों का चुनाव परिणाम जानने के लिए बेताब रहे। जैसे ही



यह क्लियर हो गया कि असम, पाण्डुचेरी तथा बंगाल में भग्वा सरकार बहुमत के साथ आ रही है तो जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से भी भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं का मुजफ्फरनगर आना शुरू हो गया। सांय चार बजे शिव चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने जीत की खुशियां मनानी शुरू कर दी। इस दौरान झालमुंडी का स्टॉल विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने इसे एतिहासिक जीत बताते हुए बंगाल की जनता को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका संघर्ष कामयाब हुआ। और बंगाल की जनता ने समाज विरोधियों को धूल चटाते हुए मोदी सरकार के सिद्धांतों पर अपनी मोहर लगा दी है। अब बंगाल का तेजी से विकास होगा तथा देश की यह सीमा भी सुरक्षित हो जाएगी। पूर्व मंत्री संजीव बालियान, पूर्व सांसद सोहनवीर सिंह, जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, रामकुमार सहरावत, भाजपा नेता गौरव स्वरूप, सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, काक्का, सोभित गुप्ता, राजीव गर्ग, गौरव मुण्डे, संजीव संगम, दीपक मित्तल, राजीव पाराशर आदि सैकडों कार्यकर्ता शामिल हुए।

# जनगणना: दस्तावेज या ओटीपी की जरूरत नहीं:डीएम

## जिले में 7 मई से 21 मई तक लोग ऑनलाइन खुद कर सकेंगे स्व गणना





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिला प्रशासन ने सोमवार को ए कलेक्ट्रेट स्थित जिला पंचायत सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में डीएम उमेश कुमार मिश्रा और एडीएम वित्त गजेंद्र सिंह ने जनगणना प्रक्रिया से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

डीएम उमेश कुमार मिश्रा ने स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान किसी भी नागरिक से कोई दस्तावेज़ या ओटीपी नहीं मांगा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अफवाहें फैल रही हैं, जिससे लोगों में भ्रम की स्थिति बन रही है। डीएम मिश्रा ने नागरिकों से सतर्क रहने और किसी को भी ओटीपी या निजी जानकारी साझा न करने की अपील की। उन्होंने प्रगणकों को सही जानकारी देने का भी आग्रह किया।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 22 मई से 20 जून 2026 तक ष्मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के तहत प्रगणक घर-घर जाकर निर्धारित 34 प्रश्नों के आधार पर जानकारी एकत्र करेंगे। इस प्रक्रिया में किसी दस्तावेज़ या डिजिटल सत्यापन की आवश्यकता नहीं होगी। एडीएम गजेंद्र सिंह ने बताया कि इस बार जनगणना डिजिटल माध्यम से भी की जा रही है। 7 मई से 21 मई तक 'सेल्फ एन्यूमरेशन' की सुविधा उपलब्ध होगी, जिसमें लोग स्वयं ऑनलाइन पोर्टल पर अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इस प्रक्रिया के बाद एक यूनिक सीई-आईडी जनरेट होगी, जिसे प्रगणक को देना होगा। प्रशासन द्वारा जनजागरूकता के लिए अभियान भी चलाया जा रहा है, ताकि नागरिक अफवाहों से बचें और सही जानकारी के साथ इस राष्ट्रीय कार्य में भागीदारी करें।

### जिले में 6575 अधिकारी-कर्मचारी तैनात

**मुजफ्फरनगर।** जिला जनगणना अधिकारी अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व गजेन्द्र कुमार ने बताया कि जनपद में जनगणना को पूरा कराने के लिए 6575 अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती की गई है। इसके अलावा आठ अपर जिला जनगणना अधिकारी, 14 चार्ज अधिकारी बनाए गए है।

उन्होने बताया कि इसके लिए एक विशेष पोर्टल विकसित किया गया है जिसको ऑपन करने के बाद लिंक पर जाकर अपना मोबाइल नम्बर एण्टर करने के बाद ओटीपी देने के बाद फार्म खुलेगा जिसमें 33 सवाल दिए गए है इनमें से 31 सवालों के जवाब स्वयं परिवार के मुखिया को दर्ज कराना होगा। शेष सवालों का जवाब प्रगणक दर्ज करेगा। इन 33 सवालों को चार विभागों में विभाजित किया गया है इनमें घर परिवार, बुनियादी जरूरत और घरेलू उपकरण के संबंध में जानकारी ली जाएगी।

# आधी रात में आंधी से पेड़ व खम्भे गिरने से बिजली आपूर्ति रही ठप्प

■ शहर व देहात में सुबह तक नहीं हो सकी आपूर्ति बहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रविवार की देर रात आधी रात के बाद मौसम ने अचानक करवंट बदली और आंधी की रफ्तार इतनी तेज हुई कि कई स्थानों पर पेड़ बिजली की लाइनों पर गिर गए और खम्भे के तार टूटने से कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रही, हालांकि रात्रि में ही विद्युत विभाग के कर्मचारी व्यवस्था को सुधारने में लग गए, लेकिन कई क्षेत्र ऐसे थे जहां सोमवार की सुबह तक भी आपूर्ति पूरी तरह से बहाल नहीं हो पाई और विद्युत आपूर्ति ठप्प रहने से लोगों के सामने पानी का भी संकट गहरा गया।

पिछले दो दिन से भीषण गर्मी की मार झेल रहे लोगों को बदलते मौसम व बारिश की हल्की फुहारों से कुछ राहत तो मिली, लेकिन साथ ही आंधी आने से दुश्वारियां भी बढ़ गई। न्यूनतम तापमान गिरकर इक्कीस डिग्री सेल्यिस तक पहुंच गया, जबकि हवाएं 18 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती रही जिसका असर विद्युत आपूर्ति पर भी पड़ा। तेज हवा के कारण पेड़ गिरने से खम्भे भी क्षतिग्रस्त हुए जिससे विद्युत आपूर्ति भी ठप्प हो गई। सोमवार की सवेरे तक कई क्षेत्र ऐसे थे जहां बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हुई और लोग पानी की समस्या से भी जूझते नजर आए, हालांकि विद्युत विभाग की टीम रात्रि में ही टूटे हुए तारों और खम्भों को ठीक करने में जुटी हुई थी।

# ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पर निकाला पैदल मार्च

## हरिजन आबादी की जमीन बचाने की मांग को लेकर नारेबाजी कर जताया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आरक्षित भूमि को बचाने की मांग को लेकर तितावी के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पर पैदल मार्च करते हुए प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया। ग्रामीणों का कहना था कि यह विवाद चकबंदी प्रक्रिया के दौरान हरिजन समुदाय के लिए आरक्षित की गई भूमि से संबंधित है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में अंबेडकर पार्क हरिजन आबादी और बारातघर के लिए गाटा संख्या 588(0.2800 हेक्टयेर) भूमि पूर्व में सुरक्षित की गई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि बाद में इस भूमि का





आरक्षण नियमों के विरूद्ध समाप्त कर दिया गया। इस आरक्षण के खिलाफ तय सीमा तक आपत्ति दर्ज नहीं कराई फिर भी चकंबदी अधिकारी द्वारा कथित मिली भगत से इसे निरस्त कर दिया।

# लूट की झूठी सूचना देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के पुलिस मुखिया संजय कुमार वर्मा की पुलिस ने लूट की झूठी खबर देने वाले का चेहरा बेनकाब किया है। युवक ने मारपीट और लूट की झूठी सूचना देकर पुलिस से कार्यवाही की मांग की थी जहां खुलासे में आया कि परिजनों के पैसे खर्च करने के बाद डांट से बचने के लिए फर्जी सूचना दी गई थी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने बताया कि बिलाल पुत्र आबिद निवासी भैंसानी थाना थानाभवन ने डायल 112 को सूचना दी थी कि तितावी क्षेत्र के गांव नंगला पिथौरा पिपलहेडा मार्ग पर बाइक सवार बदमाशों ने मारपीट करके 37.50 हजार रूपये की नगदी लूट ली है। पुलिस ने सीसीटीवी के माध्यम से इस घटना को संदिग्ध माना और सूचना देने वाले युवक से पूछताछ की तो पता चला कि बिलाल ने परिवार के 50 हजार रूपये लिए और ऑनलाइन गेमिंग और शॉपिंग में उनको खर्च कर झूठी सूचना दी थी। पुलिस ने इस मामले का खुलासा कर परिवार के लोगों को भी इस मामले की जानकारी दी।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री ने काऊ सेंचुरी के लिए भूसा मांगा

## मोरना ब्लॉक में आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख सहित ग्राम प्रधानों ने लिया हिस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने मोरना ब्लॉक के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम प्रधानों से काउ सेंचुरी में पशुओं लिए भूसे की व्यवस्था का आह्वान किया इस दौरान ब्लाक प्रमुख सहित दर्जनों ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

सोमवार को मोरना ब्लॉक के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने पुरकाजी क्षेत्र के गांव तुगल. कपुर कम्हेडा में स्थित काउ सेंचुरी में पशुओं के लिए भूसे की व्यवस्था करने का आह्वान करते हुए कहा कि गौ माता की सेवा ही सच्ची सेवा है हम सभी को





मिलकर गौ माता के लिए चारे का प्रबंध करना चाहिए जिससे कोई भी पशु चारे के लिए भूखा न रह सके। ब्लॉक प्रमुख अनिल राठी ने कहा कि गौ माता की सेवा करने से मन को शांति मिलती है हम सभी को एकजुट होकर काऊ सेंचुरी के लिए चारे का प्रबंध करना चाहिए जिससे कोई भी गौ माता भूखी न रहे। इस अवसर पर भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी, खंड विकास अधिकारी विशाखा, पंचायत सहायक विकास अधिकारी योग्श्वेर दत्त त्यागी, वरिष्ठ सहायक योगेंद्र सिंह, आजाद वीर, समाजसेवी विनोद शर्मा,ग्राम प्रधान सर्वेन्द्र राठी, दिनेश राठी, नरेंद्र प्रधान, राजकुमार प्रधान,आबिद प्रधान, शाहनवाज, संजय प्रधान, शौकीन प्रधान मोनू प्रधान, तरुण प्रधान, मोहम्मद सालीम, जाहिद प्रधान, अंजुम प्रधान, योगेश प्रधान आदि मौजूद रहे।

### आज आएंगे भीम आर्मी अध्यक्ष विनय रत्न

**मुजफ्फरनगर।** विधानसभा चुनाव से पूर्व मिशन 2027 को लेकर आयोजित होने वाले भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों को लेकर सदर विधानसभा के गांव धंधेडा में बैठक के दौरान तैयारियों पर चर्चा की गई।

आजाद समाज पार्टी काशीराम के जिलाध्यक्ष दिनेश बावरा ने बताया कि पांच मई को आयोजित होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रत्न शामिल होगें। उन्होने बताया कि सम्मेलन की तैयारियों को लेकर भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी काशीराम के कार्यकर्ता व पदाधिकारी एकजुट है। उन्होने बताया कि मीनाक्षी चौक स्थित बैंकट होल में कार्यक्रम किया जा रहा है।

# सड़क हादसे रोकने को कट बंद कराए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस अधीक्षक नगर अमृत जैन ने दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से जनपद मुजफ्फरनगर क्षेत्र के अन्तर्गत एनएच-58 जिसमें खासकर खतौली, पुरकाजी क्षेत्र में निरीक्षण करते हुए अवैध रूप से बने कट को बंद करने के आदेश किए है।

एसपी सिटी अमृत जैन, सीओ खतौली रूपाली राव, सीओ सदर डॉक्टर रविशंकर व एनएचएआई के अधिकारी व कर्मचारी खतौली और पुरकाजी क्षेत्र के एनएच-58 मार्ग पर पहुंचे।

पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने जनपद में बढ़ती दुर्घटनाओं को रोकने के लिए



निरीक्षण के बाद सर्विस रोड, ब्लैक स्क्वायड डिवाइडर, साइन बोर्ड, स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था और यातायात को अच्छा करने के लिए आवश्यक कदम उठाए है। उन्होने ऐसे स्थानों को चिन्हित किया जहां अनियंत्रित कट और अवैध रूप से बनाए गए रास्तों को चिन्हित किया। यहां पर अक्सर दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। अधिकारियों ने अवैध कटों को बंद करने के निर्देश दिए। और दुर्घटना करने वाले स्थानों पर रंबल स्ट्रीट रिफ्लेक्टर लगाने के भी आदेश दिए है। बता दे कि पिछले दिनों लगातार भयानक सड़क दुर्घटना हादसों में काफी लोगों की मौत हो चुकी है।

# रात की आंधी में गिरा विशालकाय पेड़

## भूमिया खेड़ा का पवित्र स्थान रहा अछूता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कुदरत के खेल भी निराले हैं। कहीं उजाड़ देती है तो कहीं बचा लेती है। ऐसा ही एक नजारा सोमवार की प्रथम रात्रि तक चली तेज आंधी के बाद बुढ़ाना तहसील क्षेत्र के गांव उमरपुर में देखने को मिला। गांव के भूमिया खेड़ा पर सदियों से खड़ा विशालकाय पेड़ आंधी में जड़ से उखड़कर जमीन पर आ गिरा।

हैरानी की बात यह रही कि यह पेड़ भूमिया खेड़ा के पवित्र स्थान से महज एक कदम की दूरी पर पीछे की तरफ गिरा। पवित्र स्थल को खरोंच तक नहीं आई। ग्रामीणों ने बताया कि बीती रविवार रात करीब 11 बजे से तेज आंधी और हवा का दौर शुरू हुआ जो पूरी रात सोमवार तक चलता रहा।

बिजली कड़कने और पेड़ों के टूटने की आवाज से लोग सहमे रहे। सोमवार की सुबह जब लोग घरों से निकले तो भूमिया खेड़ा के पास का नजारा देखकर दंग रह गए। बरगद जैसा विशाल पेड़ जमीन पर पड़ा था। उसकी मोटी मोटी शाखाएं चारों तरफ फैली थी लेकिन जिस स्थान पर गांव के लोग पूजा करते हैं मन्नत मांगते हैं वह भूमिया खेड़ा वैसे का वैसा अडिग खड़ा था। पेड़ गिरने के बाद से ही गांव में यही चर्चा है कि यह केवल संयोग है या कुदरत का करिश्मा। बुजुर्गों का कहना है कि भूमिया खेड़ा गांव का रक्षक है। यहां सच्चे मन से मांगी हर मुराद पूरी होती है।

आंधी तूफान में भी इस स्थान का बाल बांका नहीं होता। वहीं कुछ युवाओं का मानना है कि हवा की दिशा और पेड़ के झुकाव के कारण वह पीछे की तरफ गिरा। कारण जो भी हो पर नजारा देखकर हर कोई हैरान है। सुबह होते ही बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे भूमिया खेड़ा पर पहुंच गए। लोगों ने वहां धूप, अगरबत्ती जलाकर माथा टेका और प्रसाद चढ़ाया। ग्रामीण तराबु, रहीस और हीरा ने बताया कि यह पेड़ कई पीढ़ियों से यहां खड़ा था। इसके नीचे बैठकर पंचायतें होती थी। बच्चों का बचपन इसकी छांव में बीता।

इसके गिरने का दुख है लेकिन भूमिया खेड़ा के सुरक्षित रहने से मन को सुकून भी है। पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि तेज आंधी में कमजोर जड़ वाले पुराने पेड़ अक्सर गिर जाते हैं। समय रहते पेड़ों की जांच जरूरी है। वहीं ग्रामीण इसे आस्था से जोड़कर देख रहे हैं। फिलहाल उमरपुर का यह मंजर बता रहा है कि कुदरत जब चाहे गिरा देती है और जब चाहे बचा लेती है। गिरा हुआ पेड़ और अडिग भूमिया खेड़ा दोनों ही लोगों को जिंदगी का फलसफा समझा रहे हैं।

### अतिक्रमण व लापरवाही पर सियासत गरम

# बाजार से लेकर श्मशान घाट तक उठे सवाल

**शाहटाइम्स सवांददाता,**

**खतौली।** नगर के प्रमुख बाजार विद्धीबाड़ा में बढ़ते अतिक्रमण ने अब लोगों की परेशानी को सियासी मुद्दा बना दिया है। आम जनता जहां रोज जाम और अव्यवस्था से जूझ रही है, वहीं सत्ताधारी दल के नेता भी अब खुलकर नगर पालिका की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं। भाजपा युवा मोर्चा के नगर उपाध्यक्ष ;षभ जैन ने प्रदेश के ऊर्जा राज्य मंत्री व जनपद प्रभारी सोमेंद्र तोमर को ज्ञापन सौंपते हुए बाजार में फैले अतिक्रमण पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ दुकानदार सड़क तक कब्जा कर ठेले और फड़ लगवा रहे हैं, और इसके बदले अवैध वसूली भी की जा रही है। उनके मुताबिक, अतिक्रमण के चलते बाजार की सड़कें संकरी होकर लगभग बंद होने की स्थिति में पहुंच गई हैं। ऊपर से ग्राहकों के दोपहिया वाहन हालात को और बिगाड़ देते हैं, जिससे दिनभर जाम जैसे हालात बने रहते हैं और पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने नगर पालि. का प्रशासन पर आरोप लगाया कि पिछले करीब 20 महीनों से शिकायतों के बावजूद केवल कागजी कार्रवाई दिखाकर मामले को दबाया जा रहा है। ;षभ जैन ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो जनता का आक्रोश बढ़ सकता है।

### श्मशान घाट पर भी खतरा, बिजली व्यवस्था बनी चिंता का कारण

नगर के सद्दीक नगर स्थित श्मशान घाट की स्थिति भी कम चिंताजनक नहीं है। यहां बिजली विभाग की लापरवाही के चलते अंतिम संस्कार के दौरान लोगों को खतरे का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा नगर मंत्री मनोज सैनी ने इस मामले में ऊर्जा मंत्री सोमेंद्र तोमर को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने बताया कि श्मशान घाट के उस स्थान पर, जहां अंतिम संस्कार की प्रक्रिया होती है, वहीं बिजली के खंभे और ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं। साथ ही आसपास बिखरे बिजली के तार हर समय करंट का खतरा पैदा करते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, इससे 'पिंडदान' और 'जल अर्पण' जैसी धार्मिक क्रियाओं में भी बाधा आती है। शाम के समय प्रकाश व्यवस्था के अभाव में स्थिति और भी कठिन हो जाती है। मनोज सैनी ने बताया कि इस समस्या को लेकर पूर्व में भी अधिका. रियों को अवगत कराया गया था और निरीक्षण भी हुआ, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने मांग की कि श्मशान घाट से खंभे और तार हटाकर सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

जनता परेशान, जिम्मेदारों पर उठ रहे सवाल दोनों ही मामलों में एक बात समान रूप से सामने आ रही है लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के बावजूद ठोस कार्रवाई का अभाव। बाजार में अतिक्रमण और श्मशान घाट पर बिजली खतरे जैसे मुद्दे अब प्रशासनिक कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो हालात और बिगड़ सकते हैं।

### बीज गोदामों पर अधिकारियों ने की जांच

**मुजफ्फरनगर।** संयुक्त कृषि निदेशक एवं उप कृषि निदेशक, मुजफ्फरनगर के द्वारा माह-अप्रैल, 2026 के जनपद- मुजफ्फरनगर के यूरिया उर्वरक के टॉप क्रेता कृषकों का बिक्री केन्द्रों के माध्यम से सत्यापन किया गया।जिसमें मै मिगलानी सीड स्टोर, पुरकाजी से कृषक विपिन, ग्राम-कुतबपुर के द्वारा क्रय किये गये 40 उर्वरक बैग का सत्यापन किया गया, जिसमें इनके गोदाम में एच.यू.आर.एल. कंद्र के 600 यूरिया बैग एवं आईपीएल कं के 369 यूरिया बैग का स्टॉक पाया गया। इसके साथ ही मै. हरबंस लाल संजीव कुमार के प्रतिष्ठान एवं गोदाम पर टीएसपी के 391 यूरिया के बैग पाये गये। उन्हे निर्देश दिये गये कि अन्य कृषि उत्पाद की बगैर टैगिंग किये बिक्री करें तथा प्रति कृषक को 1 है0 में 7 बैग यूरिया से अधिक न दे।

# विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर पत्रकार सम्मानित




**बुढ़ाना।** विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर बीती रविवार की देर रात आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के पदाधिकारियों ने कस्बा बुढ़ाना के मौहल्ला मिर्दगान में स्थित दैनिक शाह टाइम्स के कार्यालय में पहुंचकर पत्रकार नसीम कुरैशी को सम्मानित किया। पार्टी के नेताओं ने डायरी व पेन भेंट कर उन्हें प्रेस दिवस की शुभकामनाएं दी और उनकी निष्पक्ष पत्रकारिता की सराहना की। कार्यक्रम में मुस्लिमीन के बुढ़ाना विधानसभा अध्यक्ष व जिला पंचायत मुजफ्फरनगर के वार्ड 20 नंबर से सदस्य पद के प्रत्याशी सैय्यद बाबर, बुढाना विधानसभा महासि. चव काजी कादिर सिद्दीकी, बुढाना नगर अध्यक्ष आजम फारुकी, सदस्य चांद कस्सार मौजूद थे। इन नेताओं ने कहा कि नसीम कुरैशी की पत्रकारिता स्वच्छ और बेदाग है। इन्होंने हमेशा से ही जनता की आवाज को निष्पक्ष तरीके से उठाया है इसलिए इन्हें सम्मानित किया गया। सैय्यद बाबर ने कहा कि प्रेस की स्वतंत्रता लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरुरी है। पत्रकार समाज का आईना होते हैं। सच्ची पत्रकारिता से ही समाज में जागरुकता आती है। काजी कादिर सिद्दीकी ने कहा नसीम कुरैशी जैसे पत्रकार सबके लिए प्रेरणा हैं। आजम फारुकी ने कहा निष्पक्ष कलम चलाने वालों का सम्मान होना चाहिए। पत्रकार नसीम कुरैशी ने प्रेस की आजादी बनाए रखने व जिम्मेदार पत्रकारिता करने का संकल्प लिया। पत्रकार नसीम कुरैशी ने यहां पर सब नेताओं का आभार जताया और कहा ये सम्मान उनकी जिम्मेदारी को और भी बढ़ाता है। इन नेताओं ने पत्रकार अहसान कुरैशी, अरविंद पीटीआई, दीपक राठी, एसपी मलिक, सैय्यद शाहनवाज, मकबूल रंगरेज, नूर मौहम्मद को भी सम्मानित किया। बाकी अन्य पत्रकारों को 30 मई को पत्रकारिता दिवस पर सम्मानित किया जाएगा।

# 8 को रिलीज होगी नवाजुद्दीन की फिल्म 'मैं एक्टर नहीं हूं'

**( नसीम कुरैशी/महक कुरैशी )**

**बुढाना।** नवाजुद्दीन सिद्दीकी की नई फिल्म मैं एक्टर नहीं हूं 8 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फिल्म की सबसे खास बात ये है कि इसके निर्माता कोई और नहीं बल्कि नवाजुद्दीन के सगे भाई फैजुद्दीन सिद्दीकी हैं। साइड हीरो एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी ये फिल्म फैजुद्दीन के बतौर प्रोडक्सर थिएटर पर रिलीज होने वाली पहली फिल्म है।





फिल्म को लेकर फैजुद्दीन ने बॉलीवुड में एक नया प्रयोग किया है। डेढ़ करोड़ रुपये के छोटे बजट में तैयार इस फिल्म को 4 बड़े शहरों दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु व पुणे के 100 सिनेमाघरों में एक साथ रिलीज किया जा रहा है। फिल्म की शूटिंग बेहद कम यूनिट के साथ जर्मनी के फैंकफर्ट में की गई थी। फिल्म का एक हिस्सा मुंबई में फिल्माया गया है। निर्माता फैजुद्दीन का कहना है कि कम संसाधनों में अच्छी कहानी को पर्दे पर उतारना ही असली चुनौती थी जिसे पूरी टीम ने बखूबी निभाया। मैं एक्टर नहीं हूं में कई नए चेहरे दर्शकों को अपने अभिनय से प्रभावित करेंगे। फिल्म छोटे बजट की होने के बावजूद कंटेंट के मामले में बड़ी मानी जा रही है। इंडस्ट्री में चर्चा है कि ये फिल्म नए निर्माताओं के लिए एक मिसाल बन सकती है। 8 मई को रिलीज होने वाली ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर क्या कमाल दिखाएगी इसका पता तो रिलीज के बाद ही चलेगा। फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी उत्सुकता है। नवाजुद्दीन के फैंस एक बार फिर उनके संजीदा अभिनय को बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेकरार हैं।

### टीबी मुक्त अभियान का ग्राम प्रधान ने किया शुभारंभ

**मोरना।** टीबी मुक्त भारत के सपने को साकार करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान का सोमवार को मोरना में फीता काटकर शुभारम्भ किया गया।प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार ने बताया कि टीबी मुक्त अभियान में मुख्य चिकित्सा अधिकारी व जिला क्षय रोग अधिकारी के निर्देशानुसार कैम्प लगाकर मुफ्त बलगम की जांच एक्स रे आदि की सुविधा प्रदान की जायेगी।जिसमे ब्लॉक मोरना ब्लॉक् क्षेत्र के कुछ ग्रामों को अति संवेदनशील के रूप में चिह्नित किया गया है।जिनमे भोपा, गादला, जौली, करहेडा, खेडी फिरोजाबाद, रहकडा, तिगरी, तिस्सा, भण्डुरा, भोकरहेडी, ककरौली, ककराला, मोरना, तेवड़ा, बेहडा सादात, चौरावाला छछरौली, कम्हेडा, सीकरी, टण्टेडा शामिल है। जनप्रतिनिधियों,समाजसेवियों व आमजन के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाया जायेगा।

# भाजपा की जीत पर खूब हुई आतिशबाजी

**पुरकाजी।** भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर कस्बे में भाजपाइयों ने पूर्व विधायक प्रमोद ऊटवाल का नेतृत्व में आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाई जश्न मनाया है। सोमवार को कस्बे के लक्सर हाईवे पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रमोद ऊटवाल ने कहा कि भाजपा की बंगाल पश्चिम,असम,तमिलनाडू में जनता ने भाजपा को जनता ने पसंद किया है। वहीं जनता ने पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को सिरे से नकार दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज एक नया इतिहास रचा गया है।पश्चिम बंगाल, असम और अन्य क्षेत्रों में पार्टी की शानदार प्रदर्शन पर श्मोदी की गारंटीश और श्नारी शक्तिश की जीत का आधार बताया। भाजपाईयों ने जमकर आतिशबाजी कर खुशियां मनाई है। वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण खुल्लर, मामेश ठाकूर, हरिराम सक्सेना, केपी सिंह, निर्दोष जैन,सुशील वर्मा, रश्मी, सावन मैंबर,राजू राठी ,सुनील कुमार,नरेश प्रधान मौजूद रहे ।

### मंदवाड़ा में लगा फार्मर रजिस्ट्री कैंप

**बुढ़ाना।** गांव मंदवाड़ा में किसानों की सुविधा के लिए विशेष कैंप आयोजित हुआ। युवा प्रगतिशील किसान तैमूर अली राणा के आवास पर लेखपाल संजय गोस्वामी ने किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाई। कैंप में गांव के दर्जनों किसानों ने अपनी फार्मर रजिस्ट्री बनवाई। पूर्व प्रधान सैय्यार अली, मासूम अली, इरशाद राणा, फरमूद राणा, तैमूर अली राणा, वसीला व नवा. जिश राणा समेत कई किसानों ने मौके पर रजिस्ट्रेशन कराया। किसानों का कहना था कि खेती से जुड़ी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्री जरूरी है लेकिन काम के चलते समय नहीं मिलता। लेखपाल संजय गोस्वामी ने बताया कि शासन के निर्देश पर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाई जा रही है। इससे पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा व अनुदान सहित समस्त योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचेगा। किसानों की मांग पर तैमूर अली राणा के आवास पर यह कैंप लगा। किसान तैमूर अली राणा ने कहा कि लेखपाल की ये पहल सराहनीय है। गांव में सुविधा मिलने से किसानों का समय और पैसा दोनों बचेंगे। फार्मर रजिस्ट्री में किसान की जमीन, फसल व बैंक खाते का पूरा ब्यौरा दर्ज होता है।

### कुरालसी से 51 कुंतल भूसा काऊ सेंचुरी भेजा

**बुढ़ाना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉक्टर संजीव बालियान के आ]वान पर कुरालसी गांव के ग्रामीणों ने गोवंश सेवा की अनूठी मिसाल पेश की। ग्राम प्रधान व ग्रामीणों ने सोमवार को गांव के हर घर से एक एक गठरी भूसा एकत्र कर तुगलकपुर स्थित काऊ सेंचुरी भेजा। दान में मिला कुल भूसा करीब 51 कुंतल रहा। पूर्व केंद्रीय मंत्री डाक्टर संजीव बालियान ने बीती 30 अप्रैल को बुढ़ाना ब्लॉक परिसर में बुढ़ाना ब्लाक के सभी ग्राम प्रधानों और जन प्रतिनिधियों की बैठक ली थी।

बैठक में उन्होंने गर्मी के मौसम में लावारिस गोवंश के लिए चारे की कमी को देखते हुए हर घर से एक गठरी भूसा दान करने की अपील की थी। डॉक्टर बालियान की अपील पर जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन ठाकुर रामनाथ सिंह और ग्राम प्रधान कुरालसी ठाकुर मामचंद सिंह ने युवाओं की टोली के साथ सोमवार को पूरे गांव में अभियान चलाया। घर घर जाकर लोगों से भूसा दान लिया गया। देखते ही देखते 51 कुंतल भूसा एकत्र हो गया। इसके बाद देवी मंदिर परिसर से विधिवत पूजा के बाद भूसे से भरे ट्रक को काऊ सेंचुरी तुगलकपुर के लिए रवाना किया गया। जिला सहकारी बैंक के सभापति ठाकुर रामनाथ सिंह ने कहा कि बेसहारा गोवंश के लिए चारे की व्यवस्था करना सबसे बड़ा पुण्य है। इस नेक काम में सहयोग करने वाले सभी ग्रामीण बधाई के पात्र हैं। उन्होंने भूसा दान करने वाले हर परिवार का आभार जताया। भूसा एकत्र करने में ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा।

# प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व निकली भव्य कलश यात्रा

**मीरापुर।** ग्राम जमालपुर में नवनिर्मित श्री श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शंकर के स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व गांव में भव्य कलश यात्रा बैंड-बाजों के साथ निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल उपस्थित रहे। मंदिर का निर्माण ग्राम निवासी पंडित सतीश पालीवाल द्वारा भूमि दान के बाद ग्रामवासियों के सहयोग से कराया गया। बताया गया कि भगवान शंकर का यह भव्य मंदिर लगभग 51 फुट ऊंचा है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पं. ध्रुव प्रसाद के सानिध्य में सम्पन्न हुआ, जिसमें दर्जनों ब्राह्मणों द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में अरविंद तोमर उर्फ लिल्ली, अनुज कुमार, ज्ञानेन्द्र पंवार, दारा सिंह, राजवीर सिंह, सचिन, रामकिशन सैनी, सोनू, अरुण तोमर, वंश तोमर, अनिल, पूर्व चेयरमैन नवीन सैनी, अमित राठी, ओमवीर सहित समस्त ग्रामवासियों का सहयोग रहा।



# कई राज्यों में भाजपा की जीत पर जश्न



**बुढ़ाना।** पश्चिम बंगाल, असम व पुडुचेरी विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत की खुशी में सोमवार को बुढ़ाना में जश्न मना। कांधला रोड पर स्थित भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक संगीत गर्ग के प्रतिष्ठान पर जिला उपाध्यक्ष विनीत कात्यायन व वरिष्ठ भाजपा नेता नितिन मलिक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक दूजे को व कस्बेवासियों को झालमुड़ी व लड्डू खिलाकर जीत की बधाई दी। भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनीत कात्यायन ने कहा कि यह जीत बंगाल व असम की आम जनता की जीत है। वरिष्ठ भाजपा नेता नितिन मलिक ने कहा कि पीएम मोदी के प्रति बंगाल की जनता के अद्भुत प्रेम से ही ये प्रचंड विजय मिली। यहां भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य भारत ठाकुर, पूर्व अल्पसंख्यक मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य शाहिद असलम, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पुनीत शर्मा, कुलदीप मुखिया, बोबिंदर सहरावत, सूचित राठी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधीर सैनी, पंकज ठाकुर, विनोद ठाकुर, शुभम पाल, शुभम शर्मा, तिलक राम सैनी, नितिन सैनी, आकाश जैन, केशव गर्ग, अर्जुन गर्ग, आयुष, राजीव, समद, वंश पांचाल, अमन, सार्थक, नरेश गिरी, अनूप गर्ग, विनय, सोमपाल व विकास समेत बड़ी संख्या में भाजपाई मौजूद थे।

# दवा विक्रेताओं ने भी नारे लगाए जय भाजपा-तय भाजपा



**मुजफ्फरनगर।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर जिला परिषद में संगठन के जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष चौहान के नेतृत्व में मिष्ठान का वितरण किया गया इस अवसर पर प्रमोद मित्तल सुरेंद्र गर्ग मनोज गर्ग पंकज तनेजा रविंद्र छाबड़ा सचिन त्यागी दिव्या प्रताप सोलंकी सतीश तायल संजीव वर्मा सुनील सिंघल आदि दवा व्यापारी मौजूद रहे।


**सम्बन्ध विच्छेद**

मैं संजय पुत्र दला निवासी ग्राम डबल तहसील बुढाना थाना रतनपुरी जिला मुजफ्फरनगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र कार्तिक मेरे कहने में नहीं है। गलत संगत में बैठता है। जिस काम को में मना करता हूं उसी काम को करता है। जिससे में व मेरा परिवार तंग है। अब मैं अपने होश हवाश में अपने पुत्र से अपने परिवारिक रिश्ते खत्म करता हूं। आज के बाद मेरे पुत्र द्वारा किए गये किसी भी प्रकार के फौजदारी, दीवानी या अन्य कृत्य के लिए में या मेरे परिवार का कोई सदस्य जिम्मेदार नही होगा। मेरा पुत्र अपने लेन देन व अपने किए सब प्रकार के कार्यो का खुद जिम्मेदार होगा। मैंने अपने पुत्र को स्वयं अपने परिवार से बेदखल कर दिया है। मैं अपने पुत्र से अब परिवारिक रिश्ता नहीं रखूंगा। अब मेरे पुत्र कार्तिक का मेरी चल अचल संपत्ति से कोई लेना देना नही है।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैं नरेश पुत्र छोटा निवासी ग्राम उकावली थाना व तहसील बुढाना जिला मु.नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रवि व मेरी पुत्रवधु जानवी पत्नि रवि मेरे कहने में नहीं हैं। गलत संगत में बैठते हैं। जिस काम को में मना करता हूं उसी काम को करते हैं। जिससे में व मेरा परिवार तंग है। अब मैं अपने होशहवाश में अपने पुत्र व अपनी पुत्रवधु से अपने परिवारिक रिश्ते खत्म करता हूं। आज के बाद मेरे पुत्र व मेरी पुत्रवधू द्वारा किए किसी भी प्रकार के फौजदारी, दीवानी या अन्य कृत्य के लिए में या मेरे परिवार का कोई सदस्य जिम्मेदार नही होगा। मेरा पुत्र व मेरी पुत्रवधू अपने लेन देन व अपने किए सब प्रकार के कार्यो के खुद जिम्मेदार होंगे। मैंने अपने पुत्र व अपनी पुत्रवधू को स्वयं व अपने परिवार से बेदखल कर दिया है। मैं अपने पुत्र व अपनी पुत्रवधू से अब पारिवारिक रिश्ते नहीं रखूंगा। मेरे पुत्र व मेरी पुत्रवधू का अब मेरी चल अचल संपत्ति से कोई लेना देना नही होगा।

**बेदखली सूचना**

मेरा पुत्र मौ शावेज व उसकी पत्नी जोया निवासी ग्राम मोरना थाना भोपा जिला मुजफ्फरनगर उ. प्र. मेरे कहने सुनने में नहीं है। तथा मेरे व मेरे परिवार के साथ हमेशा लड़ाई झगड़ा व दुर्व्यवहार करते हैं जिस कारण में अपने पुत्र मौ शावेज पुत्रवधू जोया को अपनी तमाम चल संपत्ति से बेदखल करता हूं तथा इनसे अपने सभी संबंध विच्छेद करता हूं भविष्य में मौ शावेज व उसकी पत्नी जोया अपने बुरे कार्यो लेनदेन वाद विवाद के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे

**शमीम पुत्र तमीजुद्दीन**
**निवासी -गांव मोरना**
**थाना -भोपा**
**तहसील -जानसठ**
**जिला- मुज़फ्फरनगर उप्र**
**पिन 251316**

**आवश्यकता है**

राजमाता अहिल्याबाई होल्कर डिग्री कालेज कितास मे (शिक्षा शास्त्र, इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, हिन्दी अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, बी. पी.ई.एस.) विषयों हेतू योग्य एवं अनुभवी अध्यापकों की आवश्यकता है।

**सम्पर्क करें-**
**पुष्पेंद्र बालियान- 9557048988**
**सत्येन्द्र कुमार- 8273734800**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र शहजाद व उसकी पत्नी रूकसार मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नहीं है। आये दिन लडाई झगडा व मारपीट करते रहते है। इनकी गलत संगत हो गई है। इस कारण मैने व मेरे परिवार ने इन दोनों से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा मैने इन दोनों को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य, लेन-देन व वाद विवाद आदि के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा। ये दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सलीम पुत्र बुन्दन निवासी म. न.165 ग्राम नसीरपुर थाना नई मंडी ज़िला मुजफ्फरनगर**


## कार्यालय नगर पंचायत बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर

पत्रांक:-56/न.पं.बु./2026-27 दिनांक- 04/05/2026

**सूचना-आम**


सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा नगर पंचायत बुढाना में प्रार्थनापत्र प्रस्तुत करते हुए रजिस्टर्ड बैनामा/हिबैनामा/वारिसान/पारिवारिक सदस्यता प्रमाणपत्र/मृत्यु प्रमाणपत्र / रजि. वसीयत के आधार पर अपना नाम गृहकर पंजिका में दर्ज किये जाने का अनुरोध किया गया है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन से आपत्ति है तो वह सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर अपना दावा/आपत्ति इस कार्यालय में कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात किसी भी दावे/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। नाम परिवर्तन से सम्बन्धित प्राप्त आवेदनो का ब्यौरा निम्नप्रकार है:-

| क्र० सं० | नाम दर्ज करने हेतू आवेदन | भवन संख्या | भवन स्थित मौहल्ला | नगर पंचायत अभिलेखों में दर्ज नाम | नाम परिवर्तन किये जाने का कारण। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सचिन कुमार जैन पुत्र पवन कुमार जैन निवासी मौ. शाहवाडा बुढ़ाना। | 278 | शाहवाडा | रोशनलाल पुत्र चण्डीप्रसाद | रजि. बैनामा सं. 3409 दिनांक 19.03.2026 के आधार पर। |
| 2. | कु. अमीर अफसरा पुत्री अमीर आलम निवासी ग्राम चौसाना जिला शामली। | 479/2 | नई बस्ती नं. 1 | रोहित पुत्र नरेश | रजि. बैनामा सं0 4727 दिनांक 17.04.2026 के आधार पर। |
| 3. | अनिल पुत्र नानकचन्द निवासी मौ. खाकरोबान बुढ़ाना। | 337 | खाकरोबान | नानकचन्द पुत्र शुगनचन्द | रजि. हिबैनामा सं0 4508 दिनांक 13.04.2026 के आधार पर। |
| 4. | रोनू कुमार पुत्र महेश कुमार निवासी मौ. मण्डी बुढ़ाना। | 23 | चमारान | श्याम सिंह पुत्र चन्दनलाल | रजि. बैनामा सं. 4464 दिनांक 10.04.2026 के आधार पर। |
| 5. | धर्मवीर सिंह त्यागी पुत्र जयप्रकाश त्यागी व राशिका पत्नी धर्मवीर सिंह 5. त्यागी निवासी मौ. पछाला पूर्वी बुढ़ाना (भवन के 1/4 भाग पर नाम दर्ज हेतु)। | 311 | पछाला पूर्वी | केशोराम पुत्र गेन्दा सिंह | मा. न्यायालय के आदेश व पारिवारिक समझौते के अनुपालन में। |
| 6. | पवन कुमार पुत्र जयप्रकाश त्यागी व सुमन पत्नी पवन कुमार निवासी मौ. पछाला पूर्वी बुढ़ाना (भवन के 1/4 भाग पर नाम दर्ज हेतु)। | 311 | पछाला पर्वी | केशोराम पुत्र गेन्दा सिंह | मा. न्यायालय के आदेश व पारिवारिक समझौते के अनुपालन में। |
| 7. | मौ. फैसल पुत्र सलीम अहमद निवासी मौ. काजीवाडा उत्तरी बुढ़ाना। | 88 | काजीवाडा उत्तरी | नसीम पुत्र महबूब | रजि. बैनामा सं. 9172 दिनांक 13.09.2023 व बैनामा सं. 10486 दिनांक 11.09.2024 के आधार पर। |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत बुढ़ाना**
**जनपद मुजफ्फरनगर**

# रामकथा में साधु चरित्र की महिमा का भावपूर्ण वर्णन

**शुकतीर्थ।** पवित्र तीर्थनगरी शुकतीर्थ में चल रही नवदिवसीय श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास मोरारी बापू ने साधु-संतों के चरित्र, उनके मर्म और आध्यात्मिक ऊँचाई का अत्यंत मार्मिक एवं गूढ़ वर्णन किया। पूरे प्रवचन में साधु जीवन की निष्कपटता, स्वतंत्रता और ज्ञानमय स्वरूप केंद्र में रहा, जिसे सुनकर श्र)ालु भावविभोर हो उठे।कथा के आरंभ में बापू ने परम पूज्य शुकदेव जी महाराज को नमन करते हुए सभी संतों, विद्वानों, व्यासपीठ के आचार्यों एवं उपस्थित श्र)ालुओं को प्रणाम किया। उन्होंने कहा कि शुकतीर्थ वह पावन भूमि है जहां भागीरथी और भागवत दोनों का दिव्य संगम हैख्रएक ओर गंगा का पवित्र जल प्रवाहित है तो दूसरी ओर शुकदेव जी की अमृतमयी वाणी। ऐसी तपोभूमि न केवल पूजनीय है बल्कि आत्मिक जागरण का केंद्र भी है। उपनिषदों में वर्णित परमहंस स्वरूप का उल्लेख करते हुए बापू ने बताया कि शुकदेव जी का व्यक्तित्व सीमित नहीं, बल्कि आकाश की भांति असीम और विराट है। वे संशयरहित, निर्विकार और पूर्ण ज्ञान के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि सच्चा बुद्ध पुरुष वही है जिसके भीतर कोई द्वंद्व या संशय शेष न रह जाए वह सत्य में स्थित रहता है, चाहे संसार उसे माने या न माने।कथा में श्रीकृष्ण और गोपियों के प्रसंग का उल्लेख करते हुए बापू ने प्रेम और साधना की उच्चतम अवस्था को समझाया। उन्होंने कहा कि गोपियां केवल श्रीकृष्ण की प्रतिमा का ध्यान नहीं करती थीं, बल्कि उनकी 'गति'उनकी चेतना और भाव को



अपने अंतर्मन में धारण करती थीं। प्रतिमा के सामने ध्यान करना सरल है, किंतु निराकार गति का ध्यान करना अत्यंत कठिन साधना है, जो केवल निष्कपट प्रेम और पूर्ण समर्पण से ही संभव है।

भाषा के विविध रूपों पर प्रकाश डालते हुए बापू ने कहा कि एक भाषा वह है जो कम शब्दों में गूढ़ बात कहती है, दूसरी 'उपाधि भाषा' है जो पीड़ा, चिंता और परिस्थितियों से उत्पन्न होती है, और तीसरी 'व्याधि भाषा' है जो असंतु. लित मन:स्थिति की अभिव्यक्ति होती है। संत वाणी इन सबसे परे होती है। उन्होंने कबीरदास के पद का उल्लेख करते हुए कहा कि संतों की वाणी को समझने के लिए सामान्य ख्रष्टि नहीं, बल्कि 'साधु ख्रष्टि' की आवश्यकता होती है।साधु चरित्र की व्याख्या करते हुए बापू ने कहा कि साधु किसी जाति, कुल, धर्म या सामाजिक बंधनों से परे होता है। भगवान भी जात-पात या कुल नहीं देखते, वे केवल नवधा भक्ति को स्वीकार करते हैं।उन्होंने प्रतीकात्मक रूप में कहा कि जैसे तोते में अनेक रंग होते हैं, वैसे ही बु) पुरुष के भीतर समस्त भाव और रंग समाहित होते हैं श्र)ालुओं को आध्यात्मिक अनुशासन अपनाने की प्रेरणा देते हुए कहा कि रात्रि में तिलक और माला उतारकर नहीं सोना चाहिए, यह साधना की निरंत. रता का प्रतीक है। कथा के मुख्य यजमान एवं आयोजक चेतन भाई तथा श्रीराम कथा समिति के जिनेन्द्र गर्ग,प्रदीप जिंदल , अमित गोयल व सत्यप्रकाश रेशू ने भावविभोर होकर श्रीरामकथामृत का पान किया। पूरे वातावरण में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की त्रिवेणी प्रवाहित होती रही।

# असम, बंगाल में भाजपा की जीत पर बांटी मिठाई

**बुढ़ाना।** पश्चिम बंगाल व असम विधानसभा चुनाव में भाजपा के शानदार प्रदर्शन पर सोमवार को कस्बा बुढ़ाना में जमकर जश्न मना। जैसे ही नतीजों में भाजपा को बहुमत मिलता दिखा तो कार्यकर्ताओं के चेहरे खिल गये।

कोतवाली रोड पर भाजपाईयों व दुकानदारों ने एक दूजे को मिठाई खिला जीत की बधाई दी। पश्चिम बंगाल व असम के चुनाव परिणाम देखने हेतू भाजपाई दिन भर टीवी मोबाइल से चिपके रहे। जैसे भाजपा की सीटें बढ़ती गई वैसे कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ता गया। देर रात साफ हुआ कि पश्चिम बंगाल में भाजपा ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। असम व पुडुचेरी में भी भाजपा सरकार बनाने जा रही है।



मेडिकल एसोसिएशन के पदा. धिकारी ने कहा पश्चिम बंगाल में ममता का कुशासन हार गया। जनता ने गुंडागर्दी व तुष्टिकरण नकार दिया। भाजपा ने ममता को ससुराल भेज दिया। अब बंगाल में विकास की नई इबारत लिखी जाएगी। डॉक्टर पवन जैन ने कहा भाजपा की जीत का देश में बड़ा संदेश गया है। पश्चिम बंगाल के साथ असम की जनता ने भी भाजपा के सुशासन पर मुहर लगाई है। पुडुचेरी में भी भाजपा का परचम लहराया है। ये पीएम नरेंद्र मोदी की नीतियों व विकास कार्यो की जीत है। यहां राजीव वर्मा, शुभम, विनोद सैनी, डॉक्टर बंगाली, रमेश टोपाल, संजय, आकिब राणा आदि व्यापारी मौजूद थे। सबने भारत माता की जय के नारे लगाए और एक दूसरे को लड्ू भी खिलाए

## बापू की कथा से शुकतीर्थ की बढ़ रही ख्याति

मोरारी बापू आधुनिक युग के श्रेष्ठ सन्तो में माने जाते हैं उनकी कथा को सुनने के लिए देश के अनेक राज्यों से तथा विदेशों से भी श्रद्धालु शुकतीर्थ में आए हुए हैं। मुरारी बापू के अनुसार उनकी कथा का प्रसारण ब्विव के 170 देशों में किया जा रहा है।देश विदेश में करोड़ों लोग टीवी व इंटरनेट के माध्यम से कथा का श्रवण कर धर्म लाभ ले रहे हैं इस प्रकार शुकतीर्थ की ख्याति भी ब्विव के कोने कोने में हो रही है बापू की यह 977 वी कथा है तथा शुकतीर्थ में उनकी यह छठवीं कथा है।शुकतीर्थ का शांत व आध्यात्मिक वातावरण बापू को आकर्षित करता रहा है।

## अनेक रूप धारण कर भक्ति कर रहे श्रद्धालु

संत मुरारी बापू की विशिष्ट शैली श्रद्धालुओं को भी विशिष्ट बना देती है श्रद्धालु प्रभु भक्ति में डूबकर कथा का श्रवण करते हैं। अनेक श्रद्धालु विभिन्न रूप धारण किए हुए हैं। जबलपुर से आये श्रद्धालु सन्देश जैन ने बताया कि मुरारी बापू की कथा अमृत के समान है जो शरीर में औषधि के रूप में उतर जाती है और वह स्वस्थ निरोगी अनुभव करते हैं।वडोदरा से आई श्रद्धालु संजना ने बताया कि बापू की कथा आत्मिक ऊर्जा का संचार करती है। और वह उसमें खो जाती हैं। बापू की कथा सबसे अलग है जो उन्हें प्रभु के निकट करती है।

## तुलसीदास जी की महिमा बताई

मोरारी बापू ने बताया कि तुलसीदास जी महाराज अपने आप में विशेष हैं। जो श्री रामचरित मानस को लिखते हैं तथा संवत 1631 में रामनवमी के दिन अयोध्या में इसका प्रकाशन करते हैं। रामचरितमानस एक ग्रंथ नहीं अमृत सरोवर है।

# खतौली बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** तहसील सभागार में सोमवार को तहसील बार एसोसिएशन खतौली की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा विभाग के राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

समारोह के दौरान अध्यक्ष सुभाष चन्द सहित पूरी कार्यकारिणी ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। अध्यक्ष सुभाष चन्द को मुख्य अतिथि डॉ. सोमेंद्र तोमर ने शपथ दिलाई, जबकि महासचिव सत्यप्रकाश सैनी को भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी ने शपथ ग्रहण कराई। कोषाध्यक्ष अनामिका शर्मा को क्षेत्राधिकारी रुपाली राव ने शपथ दिलाई। वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवाब सिंह को उपजिलाधिकारी डॉ. ललित मिश्रा ने शपथ दिलाई। उपाध्यक्ष पद पर गंगा शरण और मुकेश शर्मा को एल्डर कमेटी के चेयरमैन चतपाल सिंह ने, जबकि हरिनिवास और अशोक सैनी को जानसठ बार संघ अध्यक्ष प्रमोद शर्मा 'कामरेड' ने शपथ दिलाई। सहसचिव रेखा देवी, युगांक मित्तल और विनीत कुमार गौतम को महासचिव दीपेश गुप्ता ने शपथ दिलाई। इसके अलावा वरिष्ठ सदस्य के रूप में राजवीर सिंह और सचिन कुमार आर्य को क्षेत्राधिकारी रुपाली राव ने, जबकि अमित त्यागी, शाकिर अहमद, विपिन कुमार और विकास कुमार को तहसीलदार अरविंद कुमार ने शपथ दिलाई। कनिष्ठ सदस्यों में रवि कुमार, पंकज कुमार और अजय राठी को अभिषेक चौधरी ने तथा तरुण मोघा, अभिषेक भड़ाना, अमन कुमार और अंकुश कुमार को पूर्व अध्यक्ष शशि सैनी ने शपथ ग्रहण कराई। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी डॉ. ललित मिश्रा, तहसीलदार अरविंद कुमार, क्षेत्राधिकारी रुपाली राव, नायब तहसीलदार राजीव त्यागी सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी और अधिवक्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ. सोमेंद्र तोमर ने कहा कि नई कार्यकारिणी के नेतृत्व में बार एसोसिएशन और अधिक सशक्त होगी तथा न्याय व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। वहीं अध्यक्ष सुभाष चन्द ने अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए सभी के हित में कार्य करने का भरोसा दिलाया। महासचिव सत्यप्रकाश सैनी ने भी अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन राजवीर सिंह ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में अधिवक्ता और पूर्व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# खंडानंद आश्रम में 10 मई को सजेगा आस्था का महाकुंभ

**खतौली।** गंग नहर स्थित श्री अखंडानंद आश्रम एक बार फिर भक्ति और आध्यात्मिकता के रंग में रंगने जा रहा है। 10 मई 2026 (रविवार) को यहां 74वें महान यज्ञ व विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया जाएगा। हर वर्ष की तरह इस बार भी कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आश्रम समिति द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में बताया गया कि यह आयोजन ब्रह्मलीन 108 स्वामी अखंडानंद जी महाराज की पुण्य स्मृति में किया जाता है। इस बार कार्यक्रम की विशेषता यह रहेगी कि ब्रह्मल. ीन संत रूद्रदेव जी महाराज की स्मृति में उनकी प्रतिमा की स्थापना भी विधिवत की जाएगी, जिससे आयोजन का महत्व और बढ़ गया है। समारोह का संचालन अवधूत मंडल हरिद्वार के पीठाधीश्वर परम पूज्य श्री श्री 1008 स्वामी संतोषानंद जी महाराज के सानिध्य में होगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 7 बजे नगर कीर्तन यात्रा से होगी। 8 बजे हवन-यज्ञ संपन्न कराया जाएगा। सुबह 10 बजे से संतों के प्रवचन और भजन-कीर्तन शुरू होंगे, जबकि दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।प्रेस वार्ता में आश्रम व्यवस्थापक अशोक अहलावत, अध्यक्ष अमृत लाल फंडा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश नागपाल, महासचिव विनीत कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष केशव अग्रवाल, संयुक्त सचिव सुनील भसीन, समारोह प्रभारी विनोद कालड़ा और पुजारी पं. पुष्पेश पंत सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### किसानों को कृषि विभाग ने बांटी क्षतिपूर्ति धनराशि

**मुजफ्फरनगर ।** उप कृषि निदेशक, के कार्यालय में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत खरीफ 2025 एवं रबी 2026 मौसम की क्षतिपूर्ति के भुगतान के सम्बन्ध में लाभान्वित कृषकों को क्षतिपूर्ति का भुगतान डी.बी.टी. के माध्यम से 4,93,438.00 रू0 का भुगतान अमित कुमार, ब्लाक प्रमुख, सदर, यतेन्द्र सिंह, संयुक्त कृषि निदेशक सहारनपुर, प्रमोद सिरोही, उप कृषि निदेशक एवं राहुल तेवतिया, जिला कृषि अधिकारी, की उपस्थिति में समरपालग्राम मेहलकी को 1,71,306.93, विरेन्द्र कुमार निवासी ग्राम भुम्मा को 37,439.74 रू, कु. ऑचल धीमान निवासी ग्राम भुम्मा को 28070.85 रू, एवं आरती को 27,820.05 रू का भुगतान किया गया।

### भाजपा सरकार बनने पर कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशी

**मीरापुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला मुजफ्फरनगर के प्रभारी मंत्री एवं डॉण् सोमेन्द्र तोमर के मीरापुर मंडल आगमन पर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं व मंडल पदा. धिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगालए असम और पुदुचेरी में भाजपा गठबंधन की सरकार बनने पर मंत्री डॉण् सोमेन्द्र तोमर व जिला अध्यक्ष डॉण् सुधीर सैनी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यकर्ताओं ने इसे पार्टी की बड़ी उपलब्धि बताते हुए खुशी जाहिर की। इसके उपरांत शाम करीब 6 बजे मंडल अध्यक्ष सचिन ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। ढोल.नगाड़ों की धुन पर कार्यकर्ता झूमते नजर आए और मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बन गया। इस मौके पर मुख्य रूप से डॉण् वीरपाल निर्वालए अभिषेक चौधरीए अमरजीत गुर्जरए प्रद्युम्न शर्माए नवीन सैनीए रामकुमार सैनीए रूप सिंह प्रजापतिए इंदर सिंह कश्यपए चंद्रपाल चौहानए संदीप शर्मा, रकम सिंह, अभिषेक गर्ग, प्रतीक सैनी, विकास शर्मा, अजीत तितोरिया, सचिन पाल, सुलभ रस्तौगी, वरुण कपासिया, पंकज प्रधान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कब्रिस्तान भूमि विवाद में युवक पर हमला

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम मुझेडा में कब्रिस्तान की भूमि को लेकर विवाद एक बार फिर हिंसक हो गया। सोमवार शाम करीब 4 बजे गांव निवासी सैयद अम्मार पुत्र हसन अब्बास पर कुछ युवकों ने हमला कर दियाए जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

बताया जा रहा है कि कब्रिस्तान की भूमि को लेकर अम्मार और गांव के कुछ लोगों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। इस मामले में अम्मार पक्ष दो बार अदालत से मुकदमा भी जीत चुका है घटना के समय अम्मार कब्रिस्तान के पास था। इसी दौरान गांव के आधा दर्जन युवक कथित रूप से कब्रिस्तान की जमीन को जोतनेध्खोदने लगे। अम्मार द्वारा विरोध किए जाने पर आरोप है कि युवकों ने उस पर लाठी.डंडों से हमला कर दियाए जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद घायल अम्मार ने थाना मीरापुर पहुंचकर हमलावरों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर चढ़ाये जीत के लड्डू

**बुढ़ाना।** पश्चिम बंगाल, असम व पुडुचेरी समेत कई राज्यों में भाजपा को मिली प्रचंड जीत पर सोमवार शाम बुढ़ाना में जश्न मना। चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के समक्ष भाजपाईयों ने ढोल नगाड़ों के साथ एक दूसरे को लड्ू खिला हर्ष जताया। जश्न में हिमांशु संगल, ठाकुर मोनू सिंह, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, सहकारी बैंकों के सभापति ठाकुर रामनाथ सिंह, शाहपुर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष प्रमेश सैनी, बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक उमेश मलिक, रामनरेश, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष मोनू मलिक व पूर्व नामित सभासद कुलदीप बागड़ी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। पूर्व विधायक उमेश मलिक ने कहा ये जीत पीएम मोदी के विकास, सुशासन व राष्ट्रवाद की जीत है। बंगाल की जनता ने ममता के कुशासन व तुष्टिकरण की राजनीति को नकारा है। असम व पुडुचेरी में भी जनता ने भाजपा पर भरोसा जताया है। सहकारी बैंकों के सभापति ठाकुर रामनाथ सिंह ने कहा भाजपा की ये जीत कार्यकर्ताओं की दिन रात की मेहनत का नतीजा है। मोनू मलिक ने कहा कि बंगाल में कमल खिलना ऐतिहासिक है। अब वहां भी डबल इंजन की सरकार विकास की गंगा बहाएगी। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए। चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जीत का लड्ू भी चढ़ाया गया। कस्बे के मुख्य मार्ग पर आतिशबाजी कर जीत का जश्न देर शाम तक चलता रहा।

# पीड़ित परिवार संयुक्त वैश्य मोर्चा के साथ एस पी कार्यालय पहुंचा



**मुजफ्फरनगर।** संयुक्त वैश्य मोर्चा जनपद मुजफ्फरनगर का एक प्रतिनिधिमंडल के साथ ककरौली का पीड़ित परिवार नरेश अग्रवाल ओर शशि प्रभा एस एस पी साहब से मिलने पहुंचे नोडल अधिकारी सीओ साहब से बताया कि हमलावर एक दबंग किस्म का व्यक्ति है जिससे हमें अपनी जान का खतरा है ख्रपया हमारे पूरे परिवार की सुरक्षा की जाए शशि प्रभा के हाथ ओर पैर मै भी चोट है मुक़दमे मै इससे संबंधित धाराओं को बढ़ाया जाना चाहिए और रिपोर्ट में जो अन्य नाम है उन्हें भी पुलिस शीघ्र पकड़ने का कार्य करे जिसे पर तत्काल सी ओ साहब के द्वारा सक्षम अधिकारी से बात की गई और पीड़ित परिवार के सुरक्षा का पूर्ण आ्वासन दिया ओर मुकदमे में जल्द ही चार्ज शीट लगवाने की बात कही एक्स रे के बाद धाराओं का भी इजाफा किया जाएगा और जो बाकी आरोपी बाहर है उन्हें भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा गुंडई किसी को नहीं करने दी जाएगी। पीड़ित परिवार के साथ ख्रष्ण गोपाल मित्तल,शलभ गुप्ता एडवोकेट,अमित गुप्ता एडवोकेट,विपिन गुप्ता,जनार्दन ब्विवकर्मा,भूपेंद्र गोयल,अभिमन्यु गर्ग,नरेन्द्र अग्रवाल,शशि प्रभा,पूजा ठाकुर,रूबी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# भारद्वाज एकेडमी उमरपुर का वार्षिक रिजल्ट घोषित

**बुढ़ाना।** भारद्वाज एकेडमी उमरपुर में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। स्कूल में हुए कार्यक्रम में प्रबंधक योगेश भारद्वाज ने सब कक्षाओं के बच्चों को रिपोर्ट कार्ड बांटे और मेधावी छात्रों की सराहना की। इस बार स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बच्चों ने शानदार अंक हासिल कर स्कूल व अभिभावकों का नाम रोशन किया। परिणाम में कक्षा 1 से भावि, कक्षा 2 से शाहनजर, कक्षा 3 से उवैस, कक्षा 4 से वंश, कक्षा 5 से मिस्टी, कक्षा 6 से नैना, कक्षा 7 से वंशिका व कक्षा 8 से वंशिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल में सर्वाधिक अंक लाकर वंश व वंशिका संयुक्त रुप से स्कूल टॉपर बने। प्रबंधक योगेश भारद्वाज ने कहा कि बच्चों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन से ही यह सफलता मिली है। अंक ही सब कुछ नहीं होते मगर मेहनत करने की आदत जीवन में हमेशा काम आती है। जो बच्चे इस बार कम अंक लाए हैं वे निराश नही हों और अगले साल दोगुनी मेहनत करें। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान देने की अपील की। प्रधानाचार्य मुकेश कुमार ने कहा कि भारद्वाज एकेडमी का लक्ष्य बच्चों को संस्कारों के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना है। इंचार्ज



शिखा सैनी ने टॉपर्स को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। यहां पर शिक्षिका शालू, दीपा, रीतू, कुसुम, अंजुम, तान्या और शिक्षक प्रद्युमन, मांगेराम, प्रशांत सैनी, प्रमोद कुमार, कामिल, उस्मान मौजूद थे। सभी ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की भी कामना की।

## एसएफडीएवी स्कूल में इण्टर हाऊस गर्ल्स वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**मंसूरपुर।** खेलो को बढावा देने, छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए एवं सौहार्द की भावना विक. सित करने के लिए एस एफडीएवी पब्लिक स्कूल, मन्सूरपुर द्वारा इण्टर हाऊस गर्ल्स वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ विद्यालय के प्रधाचार्या द्वारा किया गया। जिसमें दयानन्द, श्रद्धानन्द, विरजानन्द व हंसराज हाऊस ने प्रतिभाग किया। मुकाबले में श्रद्धानन्द हाऊस ने प्रथम स्थान ग्रहण किया। विजेता खिलाडियो को प्रधानाचार्य अनिल कुमार मोहन ने कहा कि खेलो से एकता एवं टीम भावना जाग्रत होती है। प्रधानाचार्य ने खेल प्रमुख रोहिन कुमार व सौवीर सिंह को इण्टर हाऊस वालीबॉल प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

# श्री बालाजी धाम एवं श्री शिव मंदिर का 12वां वार्षिक महोत्सव 10-11 मई को

**पुरकाजी।** कस्बे के श्री बालाजी धाम एवं श्री शिव मंदिर का 12वां वार्षिक महोत्सव इस वर्ष 10 और 11 मई को बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इस संबंध में बालाजी धाम मंदिर परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए श्री बालाजी धाम के महामंत्री एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ. संदीप वर्मा ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 9 मई को भगवान श्री बालाजी को स्वर्ण चोला चढ़ाकर किया जाएगा। इसके पश्चात 10 मई को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें हजारों श्र)ालु शामिल होंगे। शोभायात्रा बालाजी धाम से प्रारंभ होकर खाई खेड़ी मार्ग, मेन बाजार, घास मंडी, सब्जी मंडी, जीटी रोड सहित प्रमुख मार्गों से होते हुए पुन: मंदिर परिसर में पहुंचकर सम्पन्न होगी। इसके बाद रात्रि में भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि 11 मई को संकट मोचन हवन, 56 भोग और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

महोत्सव में दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, हिमाचल सहित कई राज्यों से श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, जिसके मद्देनजर मंदिर परिसर



और आसपास के क्षेत्रों में व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।इस अवसर पर श्री बालाजी धाम के संस्थापक पंडित घनश्याम दास गुरु जी ने जानकारी दी कि उन्होंने सर्वसम्मति से अंकुश शर्मा को अपना उत्तराधिकारी नियुक्त किया है।प्रेस वार्ता में निखिल गोयल, आशीष गोयल, विपुल गोयल, पराग शर्मा, जगदीश कुमार, लक्ष्मण सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा की प्रचंड जीत पर जश्न मनाया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** कस्बे मे पश्चिम बंगाल समेत तीन राज्यो के विधानसभा चुनाव मे भाजपा की प्रचंड जीत पर जश्न मनाया गया। दैनिक शाह टाइम्स पत्रकार भाग्य शर्मा के प्रतिष्ठान पर हिन्दू संगठनो के कार्यकर्ताओ द्वारा आतिशबाजी कर और लड्डू खिलाकर जश्न मनाया गया। पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी ने कहा कि यह ऐतिहासिक विजय देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व, केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के चाणक्य अमित शाह की सशक्त संगठन क्षमता और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लाखो अनगिनत स्वयंसेवको के बलिदान और परिश्रम का फल है। इस दौरान प्रमुख समाजसेवी विजय बंसल, अतुल सिंघल, वरिष्ठ भाजपा नेता उमेश मित्तल, एडवोकेट संदीप बंसल, प्रमुख



समाजसेवी प्रमोद गर्ग, समाजसेवी ललित जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता नवदीप मित्तल, डॉक्टर मोहित शर्मा, हितेश गोयल, कुलदीप शर्मा कमालपुर, रितिक ठाकुर, विनोद गर्ग, युवा समाजसेवी हर्षित जैन, शिवम वर्मा, सुमित सैनी, योगेश मलिक टेलर, मनी गर्ग, विशाल सैनी, बॉबी सिंघल, विनोद गर्ग, मुकेश गर्ग, संदीप जैन, सोनू नामदेव आदि लोग मौजूद रहे।

# सफीपुर पट्टी में स्कूल के पास गंदगी का अंबार

**बुढ़ाना।** सफीपुर पटी में आजाद मॉडर्न पब्लिक जूनियर हाईस्कूल के पास बुरा हाल है। सड़क पर गंदगी व नालियों का बदबूदार पानी भरने से लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। स्कूली बच्चों से लेकर आम राहगीर तक इस गंदगी से परेशान हैं।

हालात यह हैं कि पूरी गली कूड़ाघर में तब्दील हो चुकी है। मौके पर देखा गया कि स्कूल के पास वाली गली में जगह जगह कचरे के ढेर लगे हैं। पॉलिथीन, प्लास्टिक, सड़े गले सामान व घरों का कचरा नालियों के गंदे पानी में तैर रहा है। नालियां चोक होने से पानी सड़क पर आ गया है। कीचड़ व बदबू के कारण लोगों को नाक पर रुमाल रखकर गुजरना पड़ रहा है। एक बच्चा इस गंदे पानी के बीच से निकलता दिखा जो हालात की गंभीरता को दर्शाता है। ग्रामीणों ने बताया कि आजाद मॉडर्न पब्लिक जूनियर हाईस्कूल सफीपुर पटी में सैकड़ों बच्चे पढ़ते हैं। स्कूल के ठीक बाहर इतनी गंदगी होने से बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। बच्चे रोज इसी गंदगी से होकर स्कूल जाते हैं। डर है कहीं मच्छर व मक्खियों से डेंगू, मलेरिया या हैजा जैसी बीमारियां न फैल जाएं। बरसात से पहले ही ये हाल है तो बारिश में स्थिति और भयावह हो जाएगी। ग्राम सचिव को कई बार शिकायत की गई मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। सफाईकमह्र कभी कभी आते हैं और खानापूर्ति कर चले जाते हैं। नालियों की सफाई न होने से पानी की निकासी बंद है। अब लोग खुद ही कचरा हटा रहे हैं मगर स्थायी समाधान नहीं हो रहा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# खोखरी नदी पुनर्जीवित करने को दलबल के साथ पहुंची टीम

☐ कब्जाधारियों में मचा हडकंप।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** सहारनपुर जनपद के लखनौती स्थित यमुना नदी से उदगमित खोखरी नदी के जीर्णोद्धार के लिये शामली के जिला प्रशासन ने अपने अधीनस्थ विभागो के साथ मिलकर खोखरी नदी की खुदाई का कार्य शुरू कर दिया है। सीडीओ विनय तिवारी व उपजिलाधिकारी विनय प्रताप सिंह भदौरियों अन्य विभागो के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित भारी पुलिसबल के साथ शामली-सहारनपुर की सीमा पर पहुॅचें और खेतो मे विलुप्त खोखरी नदी के 22 मीटर चौडे हिस्से की पैमाईश करके जेसीबी की मदद से खुदाई का कार्य शुरू किया गया। बता दें कि करीब 20 किलोमीटर का खोखरी नदी का हिस्सा शामली जिले की सीमा मे आता है। जिसमे 1200 मीटर के हिस्से पर खोखरी नदी का अस्तित्व शेष बचा ही नही था। बाकी करीब 18.5 किलोमीटर पर नदी अपने मूल स्वरूप मे है लेकिन नदी के चौडीकरण का कार्य होना बाकी है।

> 1200 मीटर की भूमि पर खोखरी नदी का अस्तित्व नही बचा। इसके लिए पैमाईश का कार्य पूरा कर लिया गया है। जेस. ीबी से खुदाई कराई जा रही है। बाकी 18.5 किलोमीटर के हिस्से मे नदी अपने अस्तित्व मे है वहॉ नदी के चौडीकरण को पूरा किया जायेगा।
>
> **विनय कुमार तिवारी**
> **सीडीओ शामली**

अप्रेल 2024 से एनजीटी में खोखरी नदी पर अतिक्रमण को लेकर सुनवाई शुरू हुई थी। एनजीटी ने सुनवाई के दौरान पर्यावरणविद अमित कुमार की याचिका पर सुनवाई के बाद केंद्र व राज्य सरकार के आठ अलग अलग विभागों को नोटिस जारी करते हुए कार्यवाही मे शामिल किया था और समय समय पर जवाब मांगा गया । रविवार को पूर्व से प्रस्तावित जिलाधिकारी आलोक यादव की बैठक मे जिला प्रशासन के समस्त विभाग के अधिकारी शामिल हुए। सूत्र बताते है कि रात्रि करीब दस बजे तक डीएम ने सिंचाई विभाग,पंचायत विभाग,राजस्व विभाग सहित एक दर्जन विभागों के अधिकारियों के संग बैठक की आवश्यक कार्य के



संबंध में दिशा निर्देश दिए। जिला. धिकारी ने बैठक मे सोमवार से ही नदी को पूर्ण स्वरूप मे लाने का कार्य करने के निर्देश दिए। जिसके बाद सोमवार की सुबह नौ बजे ही सीडीओ विनय तिवारी व एसडीएम ऊन विनय प्रताप सिंह भदौरियां प्रशासनिक टीम के साथ मौके पर पहुॅचें और राजस्व टीम की मदद से खोखरी नदी के हिस्से वाली भूमि की पैमाईश को शुरू कराया गया। पैमाईश के बाद पॉच जेसीबी मशाीनों को बुंलाकर खुदाई का कार्य शुरू किया गया। अधिकारियों ने बताया कि खोखरी नदी के 17 मीटर के क्षैत्र की खुदाई कराई जायेगी जबकि ढाई ढाई मीटर पर नदी की पटरी का स्थान आरक्षित होगा। खोखरी नदी की पैमाईश व खुदाई का कार्य पूर्व विधायक जगत के खेत से शुरू हुआ।

क्योकि बताया गया है कि शामली-सहारनपुर की सीमा पर आखिरी खेत उन्ही के परिवार के लोगो का है। खुदाई के दौरान किसी प्रकार का कोई विरोध नही हो सका। खोखरी नदी के पुनर्जीवित करने के दौरान किसी प्रकार की कोई बाधा उत्पन्न ना हो सके,इसके लिये भारी पुलिसबल मौके पर मौजूद रहा और एसडीएम,सिंचाई विभाग के अधिकारी,राजस्व टीम,पंचायत विभाग सें जुडे समस्त अधिकारी मौके पर कैम्प किए रहे।

## नदी की खुदाई मे ढहाए गए 300 पेड़

**चौसाना।** प्रशासनिक अमले ने खोखरी नदी के क्षेत्र के दायरे मे आने वाले तीन सौ पेडो को जेसीबी की मदद से गिरा दिया। ग्रामीणों ने बताया कि सभी पेड किसानो द्वारा लगाये व पोषित किए जा रहे थे। हालाकि विभागीय अधिकारियों ने सम्बंधित किसानों को पूर्व मे ही पेडो को काटने को कहा था।

## मंगलवार से खुदाई का दायरा बढ़ेगा

चौसाना। सोमवार को खोखरी नदी की खुदाई का कार्य शुरू कर दिया गया। लेकिन मंगलवार को सीडीओ विनय तिवारी ने जिले के दो अन्य एसडीएम,सिंचाई विभाग के अधिकारियों व ऊन ब्लॉक के पंचायत सचिवों को अलग अलग संख्या मे जेसीबी बुलाकर खुदाई कार्य मे लगाने के निर्देश दिए। कैराना व शामली तहसील से पॉच-पॉच जेंस. ीबी मंगलवार से खुदाई कार्य मे लगेगी। ताकि खुदाई के कार्य को 4-5 दिन मे पूरा किया जा सके।

## गलत पैमाईश के आरोप पर एसडीएम भड़के

**चौसाना:** सहारनपुर के गांव कुंडाकला निवासी काला पुत्र फरजू ने खोखरी नदी की पैमाईश के दौरान राजस्व टीम पर गलत पैमाईश का आरोप लगाया। किसान का आरोप है कि मेरी भूमि 74 गटठे है,पैमाईश गलत हुई है। मेरी भूमि को पूरा कराकर समस्त ज्यादा भूमि को वापस ले लो। एसडीएम ने सुनवाई से इंकार कर दिया और सरकारी कार्य मे बाधा डालने पर कार्यवाही की चेतावनी दी। वही पीडित किसान की पैरवी करने पहुॅचे चौसाना जदीद के ग्राम प्रधान गुरूमुख को भी एसडीएम फटकार लगाई।

## मकान गंवाने वाले को मिलेगा सरकारी आवास

चौसाना: सीडीओ व एसडीएम ने बताया कि अगर किसी ग्रामीण का पक्का मकान खुदाई कार्य के बीच मे आता है तो उसको गिराया जायेगा लेकिन उसके नुकसान को पूरा करने के लिए पीडितो को मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री आवास का लाभ तुरंत दिया जायेगा ताकि परिवार बेघर ना हो सके।

## ताला तोड़कर सामान चोरी

**शामली।** शहर के सुभाष चौक स्थित सब्जी की दुकान में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित दुकानदार ने कोतवाली में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। शहर के बड़ी पंजाबी कॉलोनी निवासी विशाल कालरा ने बताया कि वह सुभाष चौक शिव मूर्ति के पास सब्जी की दुकान करता है। बीती रात अज्ञात चोर दुकान का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और गल्ला तोड़कर उसमें रखे करीब 2200 रुपये नकद चोरी कर ले गए। इसके अलावा चोर नींबू और लाल शिमला मिर्च भी उठा ले गए, जिनकी कीमत काफी अधिक बताई जा रही है। पीड़ित के अनुसार दो दिन पहले भी किसी ने दुकान के ताले तोड़ने का प्रयास किया था, लेकिन तब ताले नहीं टूट पाए थे। इसके बाद उसने सुरक्षा के लिहाज से नए ताले लगवाए थे, बावजूद इसके चोरी की घटना हो गई। घटना का पता सुबह दुकान खोलने पर चला, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

## मेधावियों को किया सम्मानित

**शामली।** क्षेत्र के गांव गोमतीपुर में सोमवार को शिक्षा गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 10वीं व 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर शिवराज ने की। मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी सीमा मेहरा, नीरज कश्यप, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शौकीनदर कश्यप, ग्राम प्रधान सुनील कश्यप तथा पूर्व प्रधान नरेश कश्यप शामिल हुए। उन्होने 10वीं व12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को 501-501रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। वहीं 12वीं के टॉपर छात्र को धीरज कश्यप द्वारा 1100 रुपये की राशि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के सदस्य सोहनवीर कश्यप, शिव. राज कश्यप, मास्टर सत्येंद्र कश्यप, डॉ. विकास कश्यप मौजूद रहे।

# शामली में स्कूल वाहनों की अनदेखी




☐ नियमों की उड़ रही धज्जियां, बच्चों की जान जोखिम में।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र में स्कूली बच्चों के परिवहन को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आ रही है। सीबीएसई और भारत का सर्वोच्च न्यायालय द्वारा तय किए गए स्पष्ट नियमों के बावजूद जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है।

क्षेत्र में संचालित कई स्कूल वैन और छोटे वाहन बिना स्कूल का नाम लिखे सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इतना ही नहीं, कई गाड़ियों पर न तो स्कूल का नाम अंकित है और न ही कोई पहचान चिन्ह, जिससे यह पता ही नहीं चल पाता कि वाहन किस स्कूल से संबंधित है। यह सीधे तौर पर सुरक्षा मानकों का उल्लंघन है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इन वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चों को ठूंस-ठूंस कर ले जाया जा रहा है। छोटे-छोटे बच्चों को एक-दूसरे के ऊपर बैठाकर सफर कराया जा रहा है, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। नियमों के अनुसार ओवरलोडिंग पूरी तरह प्रतिबंधित है, लेकिन स्थानीय स्तर पर इसकी खुलेआम अनदेखी हो रही है। वहीं, अधिकांश स्कूल वाहन पीले रंग में नहीं हैं, जबकि नियमानुसार स्कूल बस/वैन का रंग पीला होना अनिवार्य है ताकि दूर से ही उनकी पहचान हो सके। इसके अलावा कई वाहनों में महिला अटेंडेंट भी मौजूद नहीं पाई गई, जो छोटे बच्चों की सुरक्षा के लिए जरूरी होती है। तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि जर्जर और कीचड़ से भरी सड़क पर ये वाहन बच्चों को लेकर गुजर रहे हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा और



भी बढ़ जाता है। सड़क की खराब स्थिति और ओवरलोड वाहन मिलकर किसी बड़ी अनहोनी को न्योता दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन और संबंधित विभाग इस ओर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। अगर समय रहते इन अनियमित. ताओं पर रोक नहीं लगाई गई, तो भविष्य में गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। अब जरूरत है कि प्रशासन सख्त रुख अपनाते हुए ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करे और स्कूल प्रबंधन को नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए बाध्य करे, ताकि मासूम बच्चों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ न हो सके।

# संभागीय खाद्य नियंत्रक ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सूरज पटेल, संभागीय खाद्य नियंत्रक सहारनपुर सम्भाग, सहारनपुर द्वारा गेहूँ क्रय केन्द्र शामली एट मण्डी (खाद्य विभाग), शामली मण्डी एवं शामली मण्डी का औचक निरीक्षण किया। मौके पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी शामली व केन्द्र प्रभारी शामली एट मण्डी (खाद्य विभाग), सन्नी मलिक, केन्द्र प्रभारी शामली मण्डी, विवेक कुमार एवं केन्द्र प्रभारी शामली मण्डी (पीसीएफ), विनित चौहान उपस्थित मिले। केन्द्र पर बैनर टंगा है। केन्द्रों पर खरीद हेतु पर्याप्त बोरा एवं समस्त आवश्यक उपकरण उपलब्ध है। इस दौरान केन्द्र प्रभारी सन्नी



मलिक द्वारा अवगत कराया गया कि केन्द्र पर आज 07 किसानों से 242.00 कुंतल खरीद की गयी। केन्द्र पर 3476.50 कुंतल गेहूँ खरीद 105 कृषकों से की गई है। जिसके सापेक्ष 2700.00 कुंतल गेहूँ का सम्प्रदान को किया जा चुका है। केन्द्र प्रभारी विवेक कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि केन्द्र पर 80 किसानों से 3136.50 कुंतल खरीद की गयी है जिसके सापेक्ष 2583.00 कुंतल सम्प्रदान को किया जा चुका है। केन्द्र प्रभारी विनीत चौहान द्वारा अवगत कराया गया कि केन्द्र पर 79 किसानों से 4438 कुंतल खरीद की गयी है। जिसके सापेक्ष 4041.50 कुंतल गेहूँ का सम्प्रदान को कर दिया गया है। सम्भागीय खाद्य नियंत्रक द्वारा निर्देश दिये गये कि कृषको से सम्पर्क कर गेहूँ खरीद में प्रगति लाना सुनिश्चित करें। कृषकों से गेहूँ को को सम्प्रदान तत्काल करें। असामयिक वर्षा से गेहूँ के बचाव के पर्याप्त उपाय करें। क्रय केन्द्रों पर कृषकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखे। गेहूँ क्रय केन्द्रों पर कोई अनियमितता न पायी जाये अन्यथा की दशा में प्रतिकूल संज्ञान लिया जायेगा।

## बंगाल की जीत सनातनियों की जीत:विवेक प्रेमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय जनता पार्टी के नेता विवेक प्रेमी ने पश्चिम बंगाल में पार्टी की जीत को ऐतिहासिक बताते हुए इसे सिर्फ राजनीतिक सफलता नहीं, बल्कि करोड़ों सनात. नियों की भावनाओं की जीत करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम लंबे समय से चल रही सांप्रदायिक तुष्टिकरण की राजनीति के खिलाफ जनता का स्पष्ट संदेश है।

विवेक प्रेमी ने अपने बयान में कहा कि बंगाल की जनता ने विकास, सुशासन और पारदर्शिता को प्राथमिकता देते हुए भाजपा पर विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि अब राज्य एक नई दिशा में आगे बढ़ेगा, जहां सभी वर्गों को समान अवसर मिलेगा और राजनीति धर्म या जाति के आधार पर नहीं, बल्कि विकास के एजेंडे पर केंद्रित होगी।



उन्होंने आगे कहा कि वर्षों से बंगाल में एक खास वर्ग को ध्यान में रखकर राजनीति की जा रही थी, जिससे समाज में असंतुलन पैदा हुआ। लेकिन अब जनता ने इस सोच को नकारते हुए एक सकारात्मक बदलाव का मार्ग चुना है। प्रेमी ने विश्वास जताया कि भाजपा के नेतृत्व में बंगाल में बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में तेजी से सुधार देखने को मिलेगा।

## सीएचसी में हार्डकॉपी को लेकर दिए निर्देश

शामली। सीएचसी शामली में पैथोलॉजी लैब द्वारा मरीजों को जांच रिपोर्ट की हार्ड कॉपी उपलब्ध न कराने के मामले को गंभीरता से लेते हुए एसीएमओ डा. अश्वनी द्वारा चिकित्सा अधीक्षक को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं, लेकिन अभी भी मरीजों को जांच रिपोर्ट की हार्ड कापी नही दी जा रही है। सीएचसी में तैनात महिला रोग विशेषज्ञ डा. विजेन्द्र कुमार ने बताया कि जारी आदेश में कहा गया है कि सीएचसी में जांच के बाद मरीजों को केवल व्हाट्सऐप के माध्यम से रिपोर्ट भेजी जा रही है, जिससे उन मरीजों को परेशानी हो रही है जिनके पास व्हाट्सऐप की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इससे उनके उपचार में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। एसीएमओ ने निर्देश दिए हैं कि पैथोलॉजी लैब में होने वाली सभी जांचों की रिपोर्ट मरीजों को अनिवार्य रूप से हार्ड कॉपी में उपलब्ध कराई जाए, लेकिन उसके बावजूद हार्ड कक्मी नही दी जा रही है। जिस कारण मरीजों को उपचार देने में परेशानी हो रही है। उन्होने सीएमओ से आदेशों का पालन कराने की मांग की है।

## ईंट भट्टा यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ईंट भट्टा कामगार यूनियन एवं ईंट भट्टा कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर न्यूनतम मजदूरी का पूरा भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की है। सोमवार को ज्ञापन में बताया गया कि शासन द्वारा ईंट पथाई का वर्तमान रेट 718.13 रुपये प्रति हजार निर्धारित किया गया है, लेकिन भट्टा मालिक इस दर का पालन नहीं कर रहे हैं। मजदूरों का आरोप है कि गारा बनाने के नाम पर 125 रुपये प्रति हजार की कटौती कर दी जाती है, जिससे उन्हें मात्र 593 रुपये ही दिए जा रहे हैं। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि यह कटौती न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 के विरुद्ध है और इसे तुरंत बंद कराया जाना चाहिए। इस अवसर पर बाबूराम कामरेड, कुलदीप कुडाना, रवि कुमार, विनीत, हरीनंद, अविश, देवेंद्र, सुभाष, अधराज, सतीश, मनोज कुमार, प्रदीप, गरीबदास, सुनील आदि मौजूद रहे।

# बंगाल की जीत पर भाजपा ने मनाया जश्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पश्चिम बंगाल और असम में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने की खुशी में सोमवार को शहर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने अतिशबा. जी करते हुए एक दूसरे को मिष्ठान वितरित किया। सोमवार को शहर के शिव चौक पर एकत्रित हुए कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर नृत्य किया और आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। भाजपाईयों ने भारत माता की जय और भाजपा जिंदाबाद के नारों लगाये। चेयरमैन अरविन्द संगल ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों पर जनता के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि देशभर में भाजपा की स्वीकार्यता लगातार बढ़ रही है और आने वाले समय में पार्टी और मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी। वही शहर के अस्पताल रोड पर भी भाजपाईयों ने जमकर आतिशबाजी करते हुए जश्न मनाया। इस अवसर पर चेयरमैन अरविन्द संगल, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ सचिन जैन, घनश्याम पारचा, सलमान अहमद, रूबी चौधरी, सतीश धीमान, शशि अरोरा, रोहित विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे। वही पश्चिम बंगाल और असम में भाजपा की सरकार बनने की खुशी में मुस्लिम समाज के लोगों ने भी मिठाईयां बांटकर जश्न मनाया। इस दौरान उन्होने नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद के नारे भी लगाये। सोमवार को शहर के मोहल्ला कलंदरशाह में भाजपा नेता मुनव्वर मलिक के आवास पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पश्चिम बंगाल और असम में भाजपा की सरकार बनने की खुशी जाहिर की गई। साथ ही अतिशबाजी करते हुए मिष्ठान वितरित किया गया। उन्होने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय को भाजपा सरकार में सुरक्षा मुहैया हुई है साथ ही सरकार ने नौकरियां देने का काम किया है। इस अवसर पर इस्लाम, आशु मलिक, मुस्तकीम, इंतजार, इकराम मोजूद रहे।

## भाजपा ने जीत पर विजय जुलूस निकाला

**थानाभवन।** मंडल अध्यक्ष पवन गौतम एवं जिला मंत्री बृजेश वाल्मीकि और बीजेपी कार्यकर्ता मंदिर दयाल आश्रम पर पहुंचे जहां उन्होंने पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की जीत की खुशी में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई । इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओ में उत्साह देखने को मिला। थानाभवन मंडल अध्यक्ष पवन गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में बीजेपी जीत का परचम लहरा रही है। बीजेपी अन्य राज्यों की तरह पश्चिम बंगाल में भी विकास कार्यो को आगे बढ़ाएगी। जिला मंत्री बृजेश वाल्मीकि ने कहा यह एक ऐतिहासिक जीत है जिसने देश की जनता का भाजपा के प्रति बढ़ते विश्वास को दर्शाया है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने बंगाल की प्रचंड जीत पर एक विजय जुलूस निकाला जो मंदिर दयाल आश्रम से शुरू होकर घास मंडी, चौक बाजार, होते हुए शामली बस स्टैंड पर जाकर संपन्न हुआ। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि दीपक कोरी, जिला मंत्री बृजेश वाल्मीकि, मंडल अध्यक्ष पवन गौतम, बीजेपी मीडिया प्रभारी आशीष सिंगल, धीरज नारंग, केपी सैनी, महेश गोयल, मैनपाल सैनी, भूमेश नारंग, संजय कश्यप, अमित मित्तल, विक्रम सिंह, जगमाल सैनी, गोपाल सैनी,संदीप मोगा आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### शोयब मलिक का भारतीय सेना में हुआ चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुनव्वर मंसूरी राइफल क्लब लिलोन के प्रतिभाशाली निशानेबाज शोयब मलिक का स्पोर्ट्स कोटे से भारतीय सेना में चयन हो गया है। उनके चयन से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

क्षेत्र के गांव फतेहगढ़ स्थित राजपूत सेंटर में आयोजित आर्मी ट्रायल में कई शूटरों ने प्रतिभाग किया, जिसमें शोयब मलिक ने एयर राइफल स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना चयन सुनिश्चित किया। खंद्रावली निवासी शोयब मलिक पिछले तीन वर्षों से क्लब में लगातार अभ्यास कर रहे थे। उनकी मेहनत और लगन का ही परिणाम है कि उन्होंने यह सफलता हासिल की। क्लब अध्यक्ष मुनव्वर मंसूरी ने बताया कि शोयब एक बेहद प्रतिभाशाली और मेहनती शूटर है। वह छुटी के दिनों में भी अभ्यास करता था और उसका लक्ष्य हमेशा ऊंचा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि शोयब भविष्य में देश का नाम रोशन करते हुए ओलंपिक में भी हिस्सा लेगा। वहीं शोयब के पिता मीर हसन ने बताया कि वह स्कूल से लौटने के बाद रेंज पर अभ्यास करता था और घर पर भी देर रात तक मेहनत करता था।क्लब पहुंचने पर शोयब मलिक का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुनव्वर मंसूरी, सचिन पंवार, शुभ पंवार, लाभ पंवार, अभय तोमर, वर्धमान, कैफ मंसूरी, सुनील चौधरी, महताब मलिक मौजूद रहे।

### अवैध हथियारों के साथ वीडियो वायरल करने में मुकदमा दर्ज

शामली। पुलिस के अनुसार वायरल वीडियो में कुछ युवक अवैध तमंचा और पिस्टल लहराते हुए गाली-गलौज और आपराधिक धमकी देते नजर आए। मामले की जांच उप निरीक्षक खूब सिंह द्वारा की गई, जिसमें वीडियो अमित पुत्र रविन्द्र निवासी ग्राम किवाना, थाना कांधला की फेसबुक आईडी से अपलोड पाया गया। जांच में वीडियो में दिख रहे अन्य युवकों की पहचान आकाश पुत्र भानू, अंकुश पुत्र कालू, पारस पुत्र अंजू, सोनू पुत्र जगमेर और मुकुल पुत्र बिल्लू निवासीगण ग्राम लिसाढ़ थाना कोतवाली शामली के रूप में हुई। पुलिस का कहना है कि सभी आरोपी अवैध हथियारों का प्रदर्शन कर आम लोगों में भय और दहशत फैलाने का प्रयास कर रहे थे। इस संबंध में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और वायरल वीडियो को साक्ष्य के रूप में सुरक्षित कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**कांधला।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के तहत उप निरीक्षक सुनील त्यागी महिला व हेड कांस्टेबल मिथिलेश ने नगर के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं से संवाद स्थापित किया और उन्हें सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। टीम ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों, सरकारी योजनाओं और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी विस्तार से दी। महिला हेड कांस्टेबल मिथिलेश ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर और जागरूक बनना बेहद जरूरी है। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षित महिला न केवल अपने अधिकारों को समझती है, बल्कि समाज में भी सशक्त भूमिका निभाती है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, साइबर ठगी या किसी भी प्रकार के उत्पीड़न की स्थिति में बिना भय के तुरंत पुलिस से संपर्क करें। उप निरीक्षक ने महिलाओं को आपातकाल. ीन सेवा सहित अन्य सहायता नंबरों की जानकारी दी।अभियान के दौरान महिलाओं को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय भी बताए गए। सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक उपयोग करने, अनजान लिंक पर क्लिक न करने, ओटीपी साझा न करने और ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने की सलाह दी गई। पुलिस टीम ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, इसलिए जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है।अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना, उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना और समाज में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।

### सरस्वती में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता आयोजित

**शामली।** सरस्वती प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय व नगर का नाम रोशन किया। मेधावी परीक्षा में सक्षम स्वामी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी। प्रधानाचार्य संजय सैनी ने बताया कि शिशु शिक्षा समिति, पश्चिमी उत्तर प्रदेश नेहरू नगर, गाजियाबाद द्वारा प्रतिवर्ष इस प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाता है। इसमें कक्षा 8 के चयनित छात्र-छात्राओं को हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित व सामान्य ज्ञान विषयों की तैयारी कराई जाती है। इस वर्ष प्रतियोगिता का आयोजन 24 व 25 फरवरी 2026 को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, शामली में हुआ।प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। सक्षम स्वामी ने प्रथम, देव कुमार ने द्वितीय, रितिका ने तृतीय तथा पीहू शर्मा ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। वहीं वासु कुमारी ने छठा, श्रेया बंसल ने आठवां और वंश कुमार ने दसवां स्थान हासिल किया। परीक्षा प्रमुख आचार्य आशीष जैन ने बताया कि प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रांतीय कार्यालय, नेहरू नगर गाजियाबाद द्वारा प्रति छात्र 5100 रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर अध्यक्ष चंचल गोयल, प्रबंधक विवेक संगल, गौरव संगल सहित अन्य पदाधिकारियों ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

### अजान को लेकर हुआ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सलेक विहार में पुलिस ने मस्जिद की छत पर लगे लाउडस्पीकर हटाते हुए संबंधित मुतवल्ली के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान सलेक विहार स्थित मोहम्मदिया मस्जिद से तेज आवाज में अजान होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचकर पुलिस टीम ने जांच की तो मस्जिद की छत पर तीन बड़े लाउडस्पीकर लगे पाए गए। पुलिस ने टीम की मदद से सभी लाउडस्पीकर उतरवा दिए। स्थानीय लोगों से जानकारी करने पर पता चला कि मस्जिद के मुतवल्ली शकील अहमद निवासी सलेक चंद विहार हैं, जिनकी देखरेख में ये लाउडस्पीकर लगाए गए थे। पुलिस का कहना है कि उन्हें पूर्व में भी न्यायालय व उच्चाधिकारियों के निर्देशों के तहत लाउडस्पीकर हटाने के लिए कहा गया था, इसके बावजूद नियमों का पालन नहीं किया गया। पुलिस ने बताया कि लाउडस्पीकर के उपयोग से ध्वनि प्रदूषण हो रहा था, जो नियमानुसार अपराध की श्रेणी में आता है। इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**सूचना**

**दैनिक शाहटाइम्स में जनपद शामली के कस्बा कैराना, कांधला, ऊन, झिंझाना, थानाभवन, जलालाबाद, गढ़ीपुख्ता, बनत व एलम में संवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति को वरियता दी जाएगी।**

**शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

**सुनील वर्मा**

**( जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ )**

**मो. 8630354443, 9897943340**

**कार्यालय पता:- ओम प्लाजा मार्केटऊपरी मंजिल, निकट इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली**

# गेहूं की खरीद को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गेहूं खरीद को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने समीक्षा की। जिसमें जनपद में अब तक 1934 किसानों से 7504.77 मेट्रिक टन खरीद होने की जानकारी दी गई।

कलेक्ट्रेट के सभागार में जिलाधिकारी शामली आलोक यादव की अध्यक्षता में रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत गेहूं क्रय से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/जिला खरीद अधिकारी, शामली, जिला खाद्य विपणन अधिकारी शामली, जिला प्रबन्धक, समस्त क्रय एजेन्सी जनपद-शामली, मण्डी सचिव, शामली व गेहूँ क्रय केन्द्र प्रभारी शामिल रहे। बैठक में जिला खाद्य विपणन अधिकारी, प्रज्ञा शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 30 मार्च 2026 से 29 क्रय केंद्रों के माध्यम से गेहूँ खरीद की जा रही है। जिसमें खाद्य विभाग के 04, पी.सी.एफ. के 16, पी.सी.यू. के 06 एवं भा.खा.नि. के 03 क्रय केंद्र शामिल है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि तक जनपद में 1934 किसानों से 7504.77 मी0टन खरीद की गयी है जिसके सापेक्ष 4669.19 कुंतल गेहूं का सम्प्रदान भा0खा0नि0 को किया जा चुका है। क्रय संस्थावार खरीद की जानकारी चाहे जाने पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि खाद्य विभाग द्वारा 301 किसानों से 974.40 मी.टन, पीसीएफ द्वारा 1022 किसानों से 3680.17 मी0टन, पी0सी0यू0 द्वारा 396 किसानों से 1867.30 मी.टन, एवं भा0खा0नि0 द्वारा 215 किसानों से 982.90 मी0टन खरीद की गयी है।जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा कृषकों के भुगतान के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि तददिनांक तक 1934 किसानों के सापेक्ष 1455 किसानो को 1526.03 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। बैठक में अपर जिला. धिकारी (न्यायिक)/जिला खरीद अधिकारी, शामली द्वारा दिये गये निर्देश:-कि समस्त केन्द्र प्रभारी व जिला प्रबन्धक अपने क्रय केन्द्रों पर समस्त आवश्यक उपकरण व व्यवस्था पूर्ण रखें।यदि किसी केन्द्र पर कोई उपकरण खराब स्थिति में है तो केन्द्र प्रभारी द्वारा अपनी एजेन्सी के जिला प्रबन्धक व सम्बन्धित मण्डी सचिव से सम्पर्क कर उसे तत्काल ठीक करवा लिया जाये। बैठक में जिला. धिकारी द्वारा जिला प्रबन्धक, समस्त क्रय एजेन्सी, जनपद-शामली को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक क्रय केन्द्र पर समस्त आवश्यक उपकरण, किसानों की सुख-सुविधा की व्यवस्था व बोरो की उपलब्धता का विशेष ध्यान रखा जाये। यदि किसी क्रय केन्द्र पर कोई उपकरण खराब है तो सम्बन्धित मण्डी से सम्पर्क कर उन्हे तत्काल सही कराया जाये।निरीक्षण के दौरान कोई अनियमितता प्रकाश में न आये।समस्त क्रय केन्द्र समय से खुले, प्रत्येक क्रय केन्द्र प्रभारी प्रात: 09:00 बजे ई-पॉप मशीन के माध्यम से अपनी ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करना सुनिश्चित करें। कोई भी केन्द्र प्रभारी इसमें लापरवाही न करें। क्रय गेहूं का भुगतान नियमानुसार 48 घण्टे के अन्दर कृषको के आधार लिंक्ड बैंक खाते में करना/कराना सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि क्रय केन्द्रों पर कृषकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखे। गेहूँ क्रय केन्द्रों पर कोई अनियमितता न पायी जाये अन्यथा की दशा में प्रतिकूल संज्ञान लिया जायेगा।

# सीएचसी में डॉक्टरों की कमी से मरीज बेहाल, नियुक्त करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की कमी के चलते मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बढ़ती मरीजों की संख्या के बीच अस्पताल में पर्याप्त डॉक्टर न होने से लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

चिकित्सा प्रभारी ने शासन और प्रशासन को पत्र भेजकर चिकित्सकों की नियुक्ति की मांग की है।थाना क्षेत्र में तीन लाख से अधिक महिला-पुरुषों की आबादी है, जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा प्रभारी समेत मात्र तीन चिकित्सक ही तैनात हैं। मौसम में लगातार हो रहे बदलाव के कारण अस्पताल में नगर और ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले महिला, पुरुष और बच्चों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में सीमित डॉक्टरों पर मरीजों का दबाव बढ़ गया है।सोमवार को अस्पताल परिसर में मरीजों की भारी भीड़ दिखाई दी। पर्ची बनवाने से लेकर उपचार कराने तक लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ा। मरीजों की अधिक संख्या के चलते चिकित्सकों को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी।चिकित्सा प्रभारी डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि अस्पताल में अतिरिक्त चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए शासन और प्रशासन को पत्र भेजकर मांग की जा चुकी है, लेकिन अभी तक डॉक्टरों की तैनाती नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की संख्या बढ़ने से मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।

## गश्त के दौरान अवैध शराब तस्कर गिरफ्तार कर जेल भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** बीती रात उप निरीक्षक चंद्रशेखर अपनी हमराह टीम के साथ शांति व्यवस्था व संदिग्ध वाहन चेकिंग गश्त करते हुए बजाज शुगर मिल की तरफ से जा रहे थे तभी किसान इंटर कॉलेज वाले मोड़ की तरफ एक संदिग्ध व्यक्ति प्लास्टिक कट्टे को लेकर खड़ा दिखाई दिया। तभी पुलिस टीम ने अपना वाहन साइड में खड़ा कर उसे रुकने को कहा तो पुलिस को देखकर वह भागने लगा।

तभी पुलिस टीम ने उसे दौड़कर पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम योगेश पुत्र देवी सिंह निवासी गांव मंटी हसनपुर बताया और जब उसके पास मौजूद कट्टे की तलाशी ली गई तो उसमे 18 टेट्रा पैक 200 शराब बरामद हुई। पुलिस न संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को जेल भेज दिया।

## विद्युत दरों के बराबर हुई कॉमर्शियल की दरें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्रदेश सरकार द्वारा कमर्शियल विद्युत दरों को घरेलू दरों के बराबर किए जाने के निर्णय का व्यापारियों ने जोरदार स्वागत किया है। पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की बैठक सुभाष चौक स्थित शिव मूर्ति पर प्रांतीय मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित व्यापारियों व पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस निर्णय पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनका आभार जताया। वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से व्यापारी कमर्शियल बिजली दरों को घरेलू दरों के बराबर करने की मांग कर रहे थे, जो अब पूरी होने से छोटे-बड़े व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी। घनश्याम दास गर्ग ने कहा कि व्यापार मंडल वर्षों से इस मुद्दे को सरकार के समक्ष उठाता रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा इस मांग को स्वीकार करना व्यापारियों के हित में बड़ा कदम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार व्यापारियों की अन्य मांगों जैसे 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यापारियों को 3000 रुपये मासिक पेंशन, दुर्घटना बीमा राशि 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख करने तथा व्यापारियों के स्टॉक का सरकारी स्तर पर बीमा कराने पर भी सकारात्मक निर्णय लेगी। इस अवसर पर सुभाष चंद्र धीमान, नरेंद्र अग्रवाल, रवि संगल मौजूद रहे।

# आकाशीय बिजली गिरने से फुंके उपकरण, छाई दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** क्षेत्र के गांव रोटन में देर रात अचानक मौसम खराब हो गया। तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश और ओलावृष्टि के बीच आकाशीय बिजली गिरने से गांव में भारी नुकसान हो गया। बताया जा रहा है कि बिजली तारों के माध्यम से घरों तक पहुंच गई, जिससे कई घरों में रखे विद्युत उपकरण जलकर खराब हो गए। इस घटना में ग्रामीणों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। हालांकि गनीमत यह रही कि किसी भी व्यक्ति को शारीरिक नुकसान नहीं पहुंचा।

ग्रामीणों के अनुसार, हाशिम मुखिया के मकान का छज्जा टूट गया और उनका इनवर्टर व बैटरी खराब हो गई। वहीं आलीम के घर का इनवर्टर बैटरी जल गई। साजिद के घर की बिजली फिटिंग को नुकसान पहुंचा, जबकि रियायत और गय्यूर के घरों में भी इनवर्टर बैटरी खराब हो गई। इसके अलावा कई अन्य लोगों के घरों में भी विद्युत उपकरण क्षतिग्रस्त हुए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# तेज तूफान व बारिश से गिरा तापमान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** देर रात आये तेज तूफान और झमाझम बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सकी। बारिश के बाद चली ठंडी हवाओं के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई। वही बारिश के बाद कई स्थानों पर जलभराव और कीचड फैल गया, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पडा।

गत रविवार देर रात्रि अचानक मौसम ने करवट बदली और आसमान में काले बादल छा गए। तेज हवाओं के चलने से गर्मी के बीच अपने मकानों की छतों और आंगन में हो रहे लोगों में अफरा तफरी मच गई। सो रहे लोगों में जाग हो गई और झमाझम बारिश होने के बाद लोग लोग अपने घरों में दुबक गए। जिसके बाद तेज तूफान और बारिश हुई। तेज तूफान से आम और लीची की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है, जिससे बाग मालिक काफी चिंतित नही आये। कच्चा आम टूटकर जमीन पर गिर गया है। वही सोमवार को बारिश के बाद लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सकी। मौसम का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सैल्सियस और न्यूनतम तानमान 20 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया।

गत दिवस के मुकाबले तापमान में गिरावट दर्ज की गई। वही बारिश के बाद कई स्थानों पंसारियान, कलंदरशाह, नौकुआ रोड, कैराना रोड, दिल्ली रोड पर जलभराव और कीचड की समस्या का सामना करना पडा, जिससे नागरिकों को भारी दुश्वारियां हुई है।

# आंधी-तूफान से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**कांधला।** नगर एवं क्षेत्र में देर रात आए तेज आंधी-तूफान और हल्की बूंदाबांदी ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। तेज हवाओं के चलते कई स्थानों पर पेड़ उखड़कर सड़कों और विद्युत लाइनों पर गिर पड़े, जिससे बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। वहीं किसानों की आम की फसल को भी भारी नुकसान पहुंचा है।रविवार रात अचानक मौसम का मिजाज बदल गया और तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। आंधी इतनी तेज थी कि कई जगह पेड़ जड़ से उखड़ गए। विद्युत लाइनों पर पेड़ गिरने के कारण नगर और ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। रातभर और सोमवार दिनभर कई मोहल्लों में अंधेरा पसरा रहा, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।बिजली गुल रहने से पेयजल संकट भी गहरा गया। लोगों के घरों में लगे इनवर्टर जवाब दे गए, जबकि गर्मी और उमस के कारण बच्चों एवं बुजुर्गों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ीं। दूसरी ओर आंधी से आम के बागों में बड़ी संख्या में फल जमीन पर गिर गए, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हुआ है। किसानों का कहना है कि फसल तैयार होने के समय आए इस तूफान ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। विद्युत विभाग की टीमों ने रात से ही क्षतिग्रस्त लाइनों को दुरुस्त करने का कार्य शुरू कर दिया था।

# पिकअप ने बाइक में मारी टक्कर, युवक की मौत

**☐ युवक की मौत के बाद पिकअप को छोड़कर फरार हुआ चालक।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** बीती देर शाम थानाभवन क्षेत्र के गांव मसावी के पास रजवाहे की पुलिया पर एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव मसावी रजवाहे पुलिया के पास थाना भवन से गांव भैसानी इस्लामपुर की ओर जा रहे बाइक सवार दो युवकों को रजवाहे की पटरी से आ रही दूध से भरी पिकअप गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक युवक उछलकर रजवाहे में जा गिरा और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी और घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थाना भवन पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया।जबकि दूसरे की गंभीर हालत को देखते हुए उसे मुजफ्फरनगर अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतक की पहचान नसीम पुत्र हसीन निवासी गांव नूनाबड़ी थाना बड़गांव के रूप में हुई है जो पिछले कई वर्षों से अपनी मां के साथ थाना भवन क्षेत्र के गांव भैसानी इस्लामपुर में अपनी ननिहाल में रह रहा था। घायल युवक की पहचान फैजान पुत्र अनवर निवासी भैंसानी इस्लामपुर के रूप में हुई है।घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

वहीं हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।थाना भवन प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा फरार चालक की तलाश की जा रही है। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# कैराना रोड पर चल रहे निर्माण से बढ़ी जनता की परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कैराना रोड पर चल रहे निर्माण कार्य के चलते आमजन को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की खुदाई और अधूरे काम के कारण मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया है, जिससे दैनिक आवागमन प्रभावित हो रहा है।

स्थिति यह है कि कैराना रोड से गुजरने वाले लोगों को अब मजबूरी में दिल्ली रोड का सहारा लेना पड़ रहा है। इससे न केवल दूरी बढ़ रही है, बल्कि समय और ईंधन की खपत भी अधिक हो रही है।

दिल्ली रोड पर अचानक बढ़े ट्रैफिक के कारण जाम की स्थिति भी बन रही है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को और अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य की रफ्तार बेहद धीमी है और कहीं-कहीं सड़क की हालत इतनी खराब है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।

कीचड़, गड्ढे और धूल के कारण आसपास के दुकानदारों और राहगीरों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराया जाए और वैकल्पिक मार्गों की बेहतर व्यवस्था की जाए, ताकि जनता को राहत मिल सके। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए पुलिस की तैनाती बढ़ाने की भी मांग की जा रही है।

# जंगल में पड़ा मिला युवक का शव

## पांच दिन से था लापता, ईंट भट्टे पर था मुंशी, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मुजफ्फरनगर निवासी युवक का शव देवबंद-मुजफ्फरनगर बार्डर स्थित गांव आखलोर खेड़ी के जंगल में पड़ा मिला। युवक पांच दिनों से घर से गायब था और वह देवबंद क्षेत्र में एक ईंट भट्टे पर मुंशी का काम करता था। मृतक के गले और शरीर पर चोटों के निशान होने के चलते मामला हत्या का प्रतीत होता है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रविवार रात करीब नौ बजे देव. बंद पुलिस को सूचना मिली कि किसी युवक का शव मुजफ्फरनगर बार्डर स्थित गांव आखनौर खेड़ी में पाया गया है। पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। हालांकि शव की स्थिति खराब होने के चलते पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने आसपास के थानों को शव बरामदगी की सूचना दी। सोमवार सुबह शव की पहचान जनपद मुजफ्फरनगर के कस्बा चरथावल के गांव कुटेसरा निवासी 22 वर्षीय पिंटू प्रजापति उर्फ मन्नू के रूप में हुई। मृतक पिंटू देवबंद के घलौली गांव स्थित ईंट भट्टे पर मुंशी था, जो 29 अप्रैल से घर से गायब था। चार दिन पूर्व देवबंद और चरथावल पुलिस को स्वजन ने पिंटू के संदिग्ध अवस्था में गायब हो जाने की सूचना दी थी। इसकी गुमशुदगी देवबंद थाने में भी दर्ज थी। कुटेसरा गांव के प्रधान नयूम ने बताया कि मृतक पिंटू के पिता नाथी की दो साल पहले मौत हो चुकी है।

पिंटू दो भाइयों में दूसरे नंबर का था और उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। कोतवाली प्रभारी रोजंत त्यागी ने बताया कि युवक की हत्या हुई है या फिर किसी अन्य कारण से मौत हुई है, इसकी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। घटना के कारणों का पता चलने पर आगे की कार्रवाई होगी। स्वजन फिलहाल किसी पर आरोप नहीं लगा रहे है।

## खड़े वाहनों का चालान करना जनता का उत्पीड़न

**देवबन्द।** श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित सतेंद्र शर्मा ने केंद्र सरकार से वाहन चालान से संबंधित कानूनों में संशोधन की मांग की है। उन्होंने पुलिस द्वारा गली-मोहल्लों और बाजारों में खड़े वाहनों पर की जा रही कार्रवाई को आम जनता का उत्पीड़न करार दिया। पंडित सतेंद्र शर्मा ने जारी अपने बयान में कहा कि पुलिस मोहल्लों में खड़े दोपहिया और चौपहिया वाहनों के भारी-भरकम चालान काट रही है। उन्होंने तर्क दिया कि आम लोग अक्सर रोजमर्रा का सामान लेने के लिए अपने नजदीकी बाजार या मोहल्ले की दुकानों पर जाते हैं, जहां चेकिंग के नाम पर उनके चालान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नियमों की आड़ में आम नागरिकों को परेशान करना किसी भी स्थिति में उचित नहीं है। इस तरह की सख्ती से मध्यम वर्ग और छोटे व्यापारियों में भय और असंतोष का माहौल है। चालान काटने के बजाए पुलिस को लोगों को यातायात के प्रति जागरुक करना चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से मामले में हस्तक्षेप करने और चालान संबंधी नियमों में बदलाव करने की मांग की है।

## मिट्टी खनन का विरोध करने पर युवक से मारपीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बाबूपुर गांव निवासी धर्मवीर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि नगलीनूर निवासी कई व्यक्ति एक खेत से मिट्टी उठा रहे हैं। इस कार्य में करीब 12 ट्रैक्टर व जेस.ीबी लगाई हुई है। आरोप है कि रात के समय उक्त लोग उसके खेत से रास्ता बनाकर ट्रैक्टर निकाल रहे थे। जिस कारण उसकी फसल बरबाद हो गई। जानकारी मिलने पर वह वहां पहुंचा और उसने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। धर्मवीर का आरोप है कि जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर भी किया गया। जिसमें वह बाल बाल बच गया। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# माता पिता व गुरुजनों का अनुकरण करें तो जीवन में सफलता अवश्य प्राप्त होगी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** रविदास मार्ग (जाटव नगर) स्थित महामल देवता मंदिर में चल रही गुरु रविदास की कथा में चौथे दिन कथावाचक कपिल गोडिया ने माता पिता के प्रति श्रद्धा भाव और गुरुजनों का अनुकरण करने का जीवन में सफलता की कुंजी बताया।

सोमवार को कथा का वाचन करते हुए कपिल गोडिया ने अनुयायियों से कहा कि यदि वे अपने माता पिता के प्रति श्रद्धा का भाव बनाएं रखें और गुरुजनों का अनुकरण करें तो जीवन में सफलता अवश्य प्राप्त होगी। कहा कि हमारा व्यवहार कई बार हमारे ज्ञान से अधिक अच्छा साबित होता है।

जीवन में जब कभी विषम परिस्थितियां आती हैं तब ज्ञान तो हार सकता है लेकिन व्यवहार से हमेशा जीत होने की संभावना रहती है। मनुष्य के गुण नमक की तरह होने चाहिए, जो भोजन में रहता है मगर दिखाई नहीं देता है। अगर न हो तो उसकी बहुत कमी महसूस होती है। पूर्व सभासद राजकुमार जाटव ने संत शिरोमणि के वचनों का अनुकरण करने को कहा। इस मौके पर मास्टर यशपाल सिंह, प्रवीण जाटव, अमित जाटव, वेदप्रकाश जाटव, शुभम, प्रवीण, सुशील दलीप, नितिन जाटव, राकेश जाटव, नरेंद्र, सुंदर आदि शामिल रहे।

# 12 घंटे गुल रही बिजली

**देवबन्द।** बिजलीघर में केबिल फटने से करीब 12 घंटे आधे शहर की बत्ती गुल रही। इससे लोगों को गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली नहीं आने के चलते लोग पानी को तरस गए। सोमवार की दोपहर बिजली आपूर्ति सुचारू हुई तो लोगों ने राहत की सांस ली।

रविवार रात करीब 12 बजे आए तेज अंधड़ के बीच सांपला रोड स्थित 33 केवी विद्युत उपकेंद्र पर एक केबिल फट गई। इससे आधा नगर की बिजली व्यवस्था चरमरा गई। रात भर बिजली नहीं आने से लोगों के इन्वर्टर ने काम करना बंद कर दिया। बिजली नहीं आने से पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई और लोगों को पानी नहीं मिल पाया। औद्योगिक क्षेत्र में उत्पादन इकाइयां बंद रहने से उद्यमी परेशान रहे और कर्मचारी हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे। उधर, रात भर बिजलीघर में फाल्ट दुरुस्त करने का कार्य चलता रहा और सोमवार की दोपहर 12 बजे से धीरे धीरे बिजली आपूर्ति सुचारू करने का कार्य शुरू किया गया। फीडर नंबर तीन ख्वाजबख्श समेत दारुल उलूम क्षेत्र में सोमवार को शाम के समय ही विद्युत आपूर्ति हो पाई। ऊर्जा निगम के उपखंड अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि विभाग की टीम रात में ही फाल्ट दुरुस्त करने के कार्य में जुट गई थी। दोपहर 12 बजे तक केबल को ठीक कर आपूर्ति शुरू की गई।

# सीएम योगी के दौरे को लेकर अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सात मई के देवबंद दौरे को लेकर तैयारियां जोरों पर है। सोमवार को कार्यक्रम स्थल को संवारने में पूरा अमला जुटा रहा। कार्यक्रम को लेकर प्रशासन मुस्तैद बना हुआ है। डीएम व एसएसपी ने भी देवबंद पहुंच तैयारियां का जायजा लिया।

सात मई को सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ देवबंद आएंगे। वह जनसभा करने के साथ ही जनपद की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। सीएम के कार्यक्रम के लिए सहारनपुर मुजफ्फरनगर स्टेट हाइवे पर सिल्वर पैराडाइज के निकट मैदान में पंडाल बनाने के लिए टेंट का सामान भी मंगा लिया गया है। सभा स्थल निकट साफ सफाई का कार्य जारी है। सोमवार को दिन भर जेसीबी मशीन सडक किनारे उगी घास व मिट्टी को समतल करने के कार्य में लगी रही। वाहनों के लिए मंडी समिति परिसर को पार्किंग स्थल बनाया गया है। जबकि पंडाल के निकट में ही सिल्वर पैराडाइज प्रांगण में हेलीपैड बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन अलर्ट है। जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह और पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मयंक पाठक समेत अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया और अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अधिकारी लगातार गश्त कर तैयारियों का जायजा ले रहे है। सीएम की सुरक्षा को लेकर मैप तैयार किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग रा 'यमंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जारी है। कार्यक्रम को लेकर पंडाल बनाने का कार्य शुरू करा दिया गया है। वहीं, मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

# कैंटर की टक्कर से ट्रैक्टर पलटा, तीन गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सढौली कदीम।** शाकंभरी देवी मार्ग पर सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार छोटे हाथी (कैंटर) ने सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर में पीछे से भीषण टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। इस हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें दो सगे भाइयों की हालत बेहद नाजुक है; उनके दोनों पैर शरीर से अलग हो गए हैं।



जानकारी के अनुसार, थाना मिर्जापुर क्षेत्र के गांव अलीपुर भागूवाला निवासी नीरज (32) और उसका छोटा भाई लाखन (28) गांव के ही सतपाल के साथ महिंद्रा ट्रैक्टर पर सवार होकर गांव जसमोर स्थित साधन सहकारी समिति से खाद लेने गए थे। सुबह करीब 10 बजे, जब वे खाद लेकर वापस लौट रहे थे, तो गांव बड़वाला के पास हाइड्रोलिक पर रखे खाद के कट्टे फिसलने लगे। कट्टों को ठीक करने के लिए उन्होंने ट्रैक्टर सड़क किनारे खड़ा किया। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार छोटे हाथी ने ट्रैक्टर को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। घ्हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। टक्कर मारकर छोटे हाथी का चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायलों को खाई से बाहर निकाला। पुलिस ने तत्काल तीनों को सीएचसी बेहट में भर्ती कराया।

नीरज और लाखन की गंभीर स्थिति (पैर कटने) को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

पुलिस ने दुर्घटना करने वाले छोटे हाथी को अपने कब्जे में ले लिया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि फरार चालक की तलाश की जा रही है और तहरीर मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हादसे के बाद से पीड़ित परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## समस्याओं से कराया अवगत

**सहारनपुर।** पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष मनोज ठाकुर के नेतृत्व में नवनियुक्त जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान से मिला और मिलकर उनको व्यापारी समस्याओं से अवगत कराया।

पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल के पदाधिकारी आज जिला मुख्यालय पहुंचे जहां उन्होंने जिलाध्यक्ष मनोज ठाकुर के नेतृव में जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान से मुलाक. ात कर व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया। जिलाधिकारी ने व्यापारियों की समस्याओं को बड़े ध्यानपूर्वक सुना। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मनोज ठाकुर, जिला महासचिव अश्विनी गुप्ता, नगराध्यक्ष सनी, विजय मल्होत्रा व नगर महासचिव रोहित अग्रवाल, सुरेश मौजूद रहे।

# पैट्रोल की बोतल लेकर पानी की टंकी पर चढ़ा युवक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सरसावा क्षेत्र के पिलखनी स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में उस समय हड़कंप मच गया जब एक आउटसोर्सिंग कर्मचारी नौकरी से हटाए जाने के विरोध में पेट्रोल की बोतल लेकर पानी की टंकी पर चढ़ गया। युवक के इस कदम से कॉलेज परिसर में अफरातफरी का माहौल बन गया और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई।

सूचना मिलते ही कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुधीर राठी, एसडीएम नकुड़ सुरेन्द्र कुमार, सीओ नकुड़ रुचि गुप्ता और थानाध्यक्ष प्रवेश कुमार शर्मा तुरंत मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने करीब दो घंटे तक युवक को समझाने का प्रयास किया, जिसके बाद वह सुरक्षित नीचे उतर आया-बताया जा रहा है कि संबंधित कर्मचारी को कंपनी द्वारा लापरवाही के आरोप में हटाया गया था। प्राचार्य ने स्पष्ट किया कि टेंडर समाप्त होने के बाद कर्मचारियों का दूसरी कंपनी में स्वतः हस्तांतरण नहीं होता और पहले भी लापरवाही के मामलों में कार्रवाई की जा चुकी है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कृषि अधिकारी ने यूरिया से भरा ट्रक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र के सीडकी लाखनौर मार्ग पर चेकिंग के दौरान यूरिया से भरे बिना कागजात के एक ट्रक को जिला कृषि अधिकारी ने पकड कर स्थानीय पुलिस की हिरासत मे दिया है।



मिली जानकारी के मुताबिक जिला कृषि अधिकारी कपिल कुमार सोमवार को इस मार्ग पर भ्रमण कर रहे थे तभी उन्हें सीडकी पुलिस चौकी की ओर से एक ट्रक आता दिखाई दिया जिसमें यूरिया खाद भरा था। जब उसे रोकने का इशारा किया तो वह भागने लगा। उन्होंने उसका पीछा किया तो चालक ट्रक छोड़कर जंगल की तरफ फरार हो गया। जांच करने पर पाया कि ट्रक में 280 यूरिया के बैग भरे हुए हैं। ट्रक मालिक से जब इस संबंध में बात की गई तो ट्रक के मालिक ने कागजात लाने की बात कही लेकिन घंटो बीत जाने के बाद भी मौके पर ट्रक मालिक कागजात लेकर नही पंहुचा। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई तो वह भी मौके पर पहुंची। जिला कृषि अधिकारी ने ट्रक को पुलिस की सुपुर्दगी मे दे दिया। जिला कृषि अधिकारी के अनुसार मामले की जांच के बाद डीएम के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

# कस्बे में पहली बार पहुंचे अजीत राणा का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अजीत सिंह राणा का कस्बे में प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और पुष्प वर्षा के साथ ऐतिहासिक स्वागत किया। रुड़की रोड स्थित देव रत्ना पैलेस में आयोजित भव्य अभिनंदन समारोह के दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला



जिलाध्यक्ष को एक विशाल काफिले के साथ स्वागत स्थल तक लाया गया। कस्बे में जगह-जगह उन पर फूलों की वर्षा की गई। मुख्य कार्यक्रम स्थल पर मंडल अध्यक्ष अमित सेन, जिला कार्यकारिणी सदस्य अंकित वर्मा और वरिष्ठ भाजपा नेता संजय राणा ने जिलाध्यक्ष को चांदी का मुकुट और गदा भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक नरेश सैनी, प्रदेश मंत्री (ओबीसी मोर्चा) विजेंद्र कश्यप, साहब सिंह पुंडीर, अभय राणा, जिला महामंत्री राकेश आर्य सैनी और विपिन चौधरी उपस्थित रहे। इन सभी अतिथियों को पगड़ी और पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष अजीत सिंह राणा ने बंगाल में भाजपा की जीत पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर जीत की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को पूर्व विधायक नरेश सैनी, विजेंद्र कश्यप, साहब सिंह पुंडीर, अभय राणा और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश पुंडीर ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि अजीत राणा के नेतृत्व में संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी।

इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख कुलबीर सिंह राणा, मुल्की राज सैनी, बोकी राणा, अशोक चौधरी, करण सिंह चौहान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बाबूराम राठौर, प्रवेश कंबोज, नरेंद्र प्रधान, हिमांशु शर्मा, राजेश राणा, गगन वर्मा, योगेश धीमान, सुशील काम्बोज, सचिन कंबोज, दुबे सिंह कंबोज, विकास गुप्ता, मनोज महेश्वरी, धर्मपाल सैनी, धीर सिंह सेन, सुलेख प्रधान, मोनी काम्बोज, डॉ. अक्षय दीक्षित, संजय सैनी, परविंदर राणा, अमित चौधरी, हुकम सिंह सैनी, ओमप्रकाश रविदास, राकेश कुमार, सुखपाल प्रधान, सभासद रजत राणा, प्रियंका कंबोज, उषा राठौर, मास्टर ओमप्रकाश सैनी, बब्बू राठौर और आदित्य राठौर सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रामायण को जानें प्रश्न मंच का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सरस्वती विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल में युवा पीढ़ी को जागरूक करने के उद्देश्य से सारंग सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन द्वारा 30वां ज्ञानवर्धक रामायण को जाने प्रश्न मंच कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बच्चों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति देखने को मिली, जहां छात्र-छात्राओं ने पूरे जोश के साथ 100 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। दिल्ली रोड स्थित चुनेटी ग्राम के समीप स्कूल में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

# तरक्की के लिए उच्च शिक्षा जरूरी: मौलाना मुगीसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** हजरत मौलाना डॉ अब्दुल मलिक मुगेसी ने कहा कि देश और समाज की सेवा और उसके विकास के लिए उच्च शिक्षा हासिल करना जरूरी है।



ग्राम चर्रोह स्थित मदरसा जामिया दावतुल-हक मुईनिया में समाज सुधार बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मदरसा प्रबंधक अल्हाज सूफी मुहम्मद शमशाद ने की।संबोधित करते हुए मशहूर इस्लामिक विद्वान मौलाना डॉ. अब्दुल मलिक मुगेसी ने कहा कि दुनिया के इतिहास में ऐसा कोई उदाहरण नहीं है कि किसी भी देश ने बिना शिक्षा के तरक्की की हो। पैगम्बर ए इस्लाम की पूरी जिंदगी हमारे लिए नमूना है।आपने शिक्षा के लिए संघर्ष करने की तालीम दी।ज्ञान का महत्व समझाने के लिए अपने फरमाया।उन्होंने कहा कि युवाओं में शिक्षा के प्रति रुचि पैदा करने के लिए शिक्षा का स्तर बनाने और बढ़ाने की बहुत जरूरत है।मदरसा प्रबंधक अल्हाज सूफी मुहम्मद शमशाद ने कहा कि समाज में फैल रही दहेज जुआ सट्टा नशा आदि बुराइयों को दूर करने के लिए हर व्यक्ति को अपने स्तर से कोशिश करनी चाहिए। वरिष्ठ उर्दू पत्रकार समीर चौधरी ने कहा बच्चे देश का भविष्य हैं इनकी पढ़ाई माता-पिता की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। मौलाना शमशीर कासमी ने कहा कि युवा पीढ़ी में गलत व्यवहार का एक कारण संस्कारों की कमी है। अपने बच्चों को अच्छे अखलाक सिखाएं, उससे उनकी जिंदगी में बड़ों का अदब और सम्मान आएगा। मौलाना डॉ. अब्दुल मलिक मुगेसी ने देश मे अमन व तरकी के लिए दुआ कराई। इस दौरान कारी शौकीन, मौलाना हुसैन मजाहिरी, हाफिज नदीम अहमद, अरशद, अम्मार फारूक, शौकत अली, आफताब भूरा, डॉ.समरयाब आलम, मुस्तफा, अबूजर, अयान, अनस, साद मोनिस आदि मौजूद रहे।

# शोभित विवि के 30 छात्रों का चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** शोभित विश्वविद्यालय को अकम्स ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से 30 छात्रों का चयन हुआ। जिसमे बी. फार्म, डी.फार्म व एमएससी के 30 मेधावी छात्रों को चयनित किया गया।



चयनित छात्र 1 जून से अकम्स ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स हरिद्वार में निर्धारित तिथि पर कंपनी में उपस्थित होकर ज्वाइनिंग प्रक्रिया पूर्ण करेंगे। कुल. पति प्रो. डॉ. रणजीत सिंह ने चयनित छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, लगन एवं संस्थान द्वारा प्रदान की गई गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि छात्र अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से संस्थान का नाम गौरवान्वित करेंगे। कुलसचिव प्रो. डॉ. महिपाल सिंह, आदर्श विजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के डायरेक्टर डॉ. भूपेंद्र सिंह ने भी सभी छात्रों को बधाई दी। कार्यक्रम में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. नवीन कुमार, प्रो. मदन कौशिक, प्रो. आरिफ नसीर, डॉ. जयप्रकाश, वासु चौधरी, सचिन कुमार, रविंद्र कुमार भी उपस्थित रहे। सभी ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। अंत में विश्वविद्यालय प्रशासन ने अकम्स ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स का आभार व्यक्त किया।

# अधूरे पड़े काम से शीघ्र मिलेगी निजात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** नगर के रेलवे ओवरब्रिज पर प्राइम कोट डालने के बाद सड़क को पक्का बनाना शुरू कर दिया गया है जिससे लंबे समय से अधूरे पड़े इस कार्य के कारण लोगों को जाम और धूल की समस्या से निजात मिल गई है।

गौरतलब है कि काफी समय से अधूरे पड़े ओव. रब्रिज के कारण जनता को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।कई बड़े स्कूल सहारनपुर रोड पर ही स्थित हैं। ट्रेन आवागमन के कारण फाटक बंद हो जाता था। जिसके कारण स्कूली छात्र-छात्राओं व राहगीरों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।अब निर्माण कार्य में तेजी आने से उम्मीद हो गई है कि जल्दी ही ओवर ब्रिज पूरी तरह आवागमन के लिए तैयार हो जाएगा। रेलवे ओवरब्रिज पर प्राइम कोट डालने का कार्य शुरू कर दिया गया था इसके बाद अब सड़क बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है जिसे एक साइड का सड़क बनाकर तैयार हो चुकी है ओवरब्रिज को एक साइड चलने के लिए शुरू कर दिया गया है। ओवर ब्रिज पर सोमवार से एक साइड का आवागमन शुरू होने से वाहन स्वामियों ने एवं छात्र-छात्राओं ने रात की सांस ली क्योंकि सुबह के समय अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं स्कूल जाने के लिए सर्विस रोड से होते हुए जाते थे इस समय ट्रेन का भी समय होता था जिसके कारण रेलवे फाटक बंद हो जाती थी जिसके कारण रेलवे फाटक के दोनों और लंबी-लंबी लाइन लग जाती थी इसी कारण से छात्र-छात्रा आए स्कूल जाने में देरी भी देर भी हो जाती थी।

## मुकदमा दर्ज

**गंगोह।** आसरीन पुत्र मतलूब निवासी ग्राम धौलापडा, गंगोह ने नदीम, नावेद, मुस्तकीम, तन्नी निवासी अंबेहटा पीर, शेखर निवासी ग्राम ढायकी पर उसके साथ गाली गलौच करना, एक राय होकर उस पर जान से मारने की नियत से फायर करना व जान से मारने की धमकी देने का आरा. ेप लगाते हुए गंगोह कोतवाली मे मुकदमा दर्ज कराया था।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार के नेतृत्व मे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मुकदमे मे वांछित अभियुक्त तन्नी उर्फ साबेज सरफराज निवासी अंबेहटा पीर के नाम सामने आए जिन्हें सहारनपुर रोड निर्माणाधीन हाईवे के नीचे से गिरफ्तार कर लिया गया।

# कक्षा 10 व 12 के छात्र छात्राएं सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** श्री जगन्नाथ सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कक्षा 10 और कक्षा 12 के मेधावी छात्र छात्राओं को विद्यालय की ओर से इन सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार राशि, प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।



पुरस्कार वितरण समारोह का शुभारंभ अध्यक्ष उमेश गोयल, प्रबंधक नीरज अग्रवाल, मालती गुप्ता, विवेक गोयल, प्रधानाचार्य शुभम गुप्ता ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। अध्यक्ष ने सभी छात्र छात्राओं को उनके अभिभावकों को इस सफलता की बधाई दी और आशीर्वाद देते हुए कहा किसी प्रकार जीवन में आगे बढ़ते रहो। प्रबंधक ने सभी छात्र छात्राओं से आवाहन करते हुए कहा कि जब आप मेहनत करते हैं निश्चित ही उसका अच्छा फल मिलता है। मेहनत का फल कभी बेकार नहीं जाता। अतिथियों ने सभी छात्र छात्राओं को पुरस्कार राशि, प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। नगर के वरिष्ठ समाजसेवी जंग बहादुर अग्रवाल के द्वारा कक्षा 12 के होनहार छात्र छात्राओं को पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। श्री जयभगवान प्रकाशवती चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा भी कक्षा 12 के सभी विषयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। विवेक गोयल ने श्रीकांत गुप्ता की पुण्य स्मृति में पीसीएम विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रथम तीन छात्रों को अपनी ओर से क्रमानुसार 20000, 15000 व 10000 की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। इन सभी पुरस्कारों को प्राप्त करके सभी छात्र छात्राएं बड़े उत्साहित और प्रसन्न नजर आए सभी ने अपने विद्यालय प्रबन्धन व्यवस्था की सराहना की। प्रधानाचार्य ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन उप प्रधानाचार्य नंदकिशोर शर्मा ने किया। इस मौके पर विद्यालय संपूर्ण स्टाफ मौजूद रहा।

# 10 साल से बदहाल बिहारीगढ़-हसनावाला मार्ग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ।** एक ओर जहाँ सरकार अंत्योदय और ग्रामीण क्षेत्रों के चहुंमुखी विकास का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायत थापल इस्माईलपुर के ग्रामीण आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। विकास खंड मुजफ्फाबाद की ग्राम पंचायत थापल इस्माईलपुर के मजरे बिहारीगढ़ से घेर कर्मा, घेर कलीराम और हसनावाला होते हुए तहसील मुख्यालय भगवानपुर को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पिछले 10 वर्षों से अधिक समय से खंडहर में तब्दील हो चुकी है।



तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि सड़क पर अब डामर का नामोनिशान नहीं बचा है। पूरी सड़क गहरे गड्ढों में तब्दील हो गई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को कई बार अवगत कराने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। हल्की सी बारिश होते ही सड़क ताल-तलैया बन जाती है। गंदा पानी गड्ढों में भर जाने के कारण पैदल चलना भी दूभर हो जाता है। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों स्कूली बच्चे गुजरते हैं। कीचड़ और गड्ढों के कारण बच्चे अक्सर फिसलकर गिर जाते हैं, जिससे उनकी वर्दी खराब हो जाती है और चोट लगने का भय बना रहता है। उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा है कि प्रदेश की हर सड़क गड्ढा मुक्त हो और अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास पहुंचे। मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता से समझौता न हो, लेकिन बिहारीगढ़ की यह सड़क अधिकारियों की उदासीनता और सरकार की विकासपरक मंशा को ठेंगा दिखा रही है। क्या ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों का सुदृढ़ीकरण केवल कागजों तक सीमित है? अगर 10 साल में एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग की मरम्मत नहीं हो सकती, तो विकास के दावों पर सवाल उठना लाजमी है।ष ख्र स्थानीय ग्रामीण ब्रिजेश काम्बोज

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग का अविलंब पुनर्निर्माण कराया जाए। यदि जल्द ही इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो क्षेत्र की जनता आंदोलन करने को मजबूर होगी। अब देखना यह है कि कुंभकर्णी नींद में सोया लोक निर्माण विभाग और स्थानीय प्रशासन कब जागता है।

## आम मालिकों के लिए आफत बनी आंधी व बरसात

**गंगोह।** नगर व क्षेत्र में देर रात हुई तेज आंधी और बारिश ने भीषण गर्मी से राहत दिलाई, लेकिन आम के बाग मालिकों के लिए यह आफत बनकर आई। अचानक बदले मौसम से जहां आम जनजीवन ने राहत महसूस की, वहीं किसानों और बाग मालिकों के चेहरों पर चिंता साफ दिखाई दी।

आंधी तूफान के कारण बड़ी मात्रा में कच्चे आम पेड़ों से झड़ गए, जिससे बाग मालिकों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। कई स्थानों पर पेड़ों की टहनियां टूट गईं और कुछ पुराने पेड़ भी जड़ से हिल गए।

## कार्यालय- कृषि उत्पादन मण्डी समिति, सहारनपुर

पत्रांकः कृ० उ०म०स० / सफाई ई-निविदा / 2026-363

दिनांक :- 04-05-2026

### अति अल्पकालीन ई-टेण्डर सूचना

कृषि उत्पादन मण्डी समिति, सहारनपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में कार्यदिश से दिनांक 31.03.2027 तक नवीन मण्डी स्थल, सहारनपुर एवं उप मण्डी स्थल, बेहट की सफाई व्यवस्था हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। निविदा दरें दिनांक 05.05.2026 की दोपहर 02.00 बजे से दिनांक 11.05.2026 की प्रातः 11.00 बजे तक वेबसाईट http://etender.up.nic.in से डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है तथा उक्त निविदायें दिनांक 11.05.2026 की सांय 04:00 बजे कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, सहारनपुर मे खोली जायेगी। निविदादाता को उ०प्र० सरकार की वेबसाईट http://etender.up.nic.in के पोर्टल पर पंजीकरण कराना आवश्यक है, जिसके लिए यूपी इलैक्ट्रानिक कॉरपोरेशन से जानकारी प्राप्त की जा सकती है। अपलोड की गयी निविदा पत्र की एक हार्ड कॉपी, वांछित प्रमाण पत्रों की स्वः प्रमाणित प्रति सहित निविदा मूल्य की धनराशि का बैंक ड्राफ्ट जो सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति, सहारनपुर के नाम से देय हो तथा निर्धारित जमानत धनराशि की एफ.डी.आर. जो सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति, सहारनपुर के पदनाम से बन्धक तथा सहारनपुर पर देय हो दिनांक 11.05.2026 की दोपहर 02:00 बजे तक मण्डी समिति, सहारनपुर के कार्यालय मे जमा कराना अनिवार्य होगा। इच्छुक निविदादाता नियम व शर्तें समिति कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस मे देख / प्राप्त कर सकते है. जो वेबसाइट पर भी अपलोड की जा रही है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू में) प्रतिवर्ष | निविदा शुल्क 18% जीएसटी सहित (रू में) | जमानत राशि (लाख रू में) | निविदादाता की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | कार्यालय/प्रशासनिक / आवासीय भवन / पार्किंग/सार्वजनिक स्थल | ₹ 03.40 लाख (GST अतिरिक्त) | ₹ 708.00 | ₹ 0.34 | कोई भी फर्म/व्यक्ति जो निविदा की शर्तें पूर्ण करता हो |
| 2 | नवीन मंडी स्थल, सहारनपुर के खाद्यान्न एवं दाल परिसर की दैनिक सफाई का कार्य | ₹ 10.09 लाख (GST अतिरिक्त) | ₹ 1770.00 | ₹ 1.09 | |
| 3 | नवीन मंडी स्थल, सहारनपुर के फल सब्जी परिसर की दैनिक सफाई का कार्य | ₹ 21.40 लाख (GST अतिरिक्त) | ₹ 3422.00 | ₹ 2.14 | |
| 4 | उप मंडी स्थल, बेहट की दैनिक सफाई का कार्य | ₹ 5.04 लाख (GST अतिरिक्त) | ₹ 1062.00 | ₹ 0.50 | |

(सुमन भारती)
सचिव

(कुलदीप सिंह)
नगर मजिस्ट्रेट / सभापति

# लखनऊ ने मुंबई को 229 रन का टारगेट दिया

### पूरन के ताबड़तोड़ 63 व मार्श ने बनाए 44 रन बॉश को 2 विकेट



लखनऊ के जोश इंग्लिश को आउट करने के बाद खुशी मनाते मुंबई के गजनफर।

**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल में सोमवार को मुंबई इंडियंस (एमआई) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बीच मैच खेला जा रहा है। वानखेड़े में मुंबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी है। लखनऊ ने 19 ओवर में 5 विकेट पर 222 रन बना लिए हैं। ऐडन मार्करम और हिम्मत सिंह क्रीज पर हैं। 13वें ओवर की पहली बाल पर अक्षत रघुवंशी (11 रन) को रघु शर्मा ने अपनी ही बाल पर कैच किया। रघुवंशी ने अपनी पहली बाल पर छक्का लगाया था। कप्तान ऋषभ पंत (15 रन) को विल जैक्स ने विकेटकीपर रायन रिकेल्टन के हाथों कैच कराया। 9वें ओवर में कार्बिन बाश ने मिचेल मार्श (44 रन) और निकोलस पूरन (63 रन) को पवेलियन भेजा। पावरप्ले में अल्लाह गजनफर ने जोश इंग्लिस (13 रन) को कप्तान सूर्यकुमार यादव के हाथों कैच कराया। दोनों टीमें इस सीजन में पहली बार आमने-सामने हैं। अगर मुंबई की टीम आज अपने घर में हार जाती है, तो प्लेआफ की रेस बाहर हो जाएगी। दूसरी ओर लखनऊ सुपर जायंट्स के पास प्लेआफ की रेस में बने रहने का आखिरी मौका है। दोनों ही टीमों के पास एक समान 8-8 अंक हैं। 18वें ओवर में ऐडन मार्करम और हिम्मत सिंह ने छठे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप की। दीपक चाहर ने ओवर की दूसरी बाल वाइड फेंक दी। इसी से आए एक रन के सहारे साझेदारी का 50वां रन बना। लखनऊ ने 200 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। रघु शर्मा की चौथी बाल पर हिम्मत सिंह ने छक्का लगाया। इसी छक्के के सहारे टीम ने 200 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। 14वें ओवर में ऐडन मार्करम को जीवनदान मिला। उन्हें जसप्रीत बुमराह ने कैच कराया। बैक ऑफ लेंथ गेंद तेजी से बाहर निकली और नीची रही, मार्करम के बैट का किनारा लेकर कैच हो गया, लेकिन, तुरंत पता चला कि यह नो-बाल थी, जिससे बल्लेबाज को जीवनदान मिल गया। अगली बाल भी नो करार दी गई। बुमराह के इस ओवर से 7 रन आए। अक्षत रघुवंशी द्ध11 रनऋ को रघु शर्मा ने अपनी ही बाल पर कैच किया। रघुवंशी ने अपनी पहली बाल पर छक्का लगाया था। 11वें ओवर में कप्तान ऋषभ पंत 15 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें विल जैक्स ने विकेटकीपर रायन रिकेल्टन के हाथों कैच कराया। इसी ओवर में अक्षत रघुवंशी ने अपनी बाल पर छक्का लगाया। इसी के साथ टीम का स्कोर 150 पार हो गया। 9वें ओवर में कार्बिन बाश ने दो विकेट झटके। उन्होंने मिचेल मार्श (44 रन) और निक. ोलस पूरन (63 रन) को कैच आउट कराया। मार्श को नमन धीर ने कैच किया।

# फिल सॉल्ट उंगली में लगी चोट का स्कैन कराने इंग्लैंड गए

**चेन्नई, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के बल्लेबाज फिल सॉल्ट उंगली में लगी चोट के स्कैन के लिए इंग्लैंड लौट गए हैं।

सॉल्ट इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के टीम प्रबंधन के अनुरोध पर स्वदेश लौट गए हैं और अपनी उंगली का स्कैन कराया है। खिलाड़ी और टीम दोनों को उम्मीद है कि उनकी उंगली जल्द ठीक हो जाएगी और सॉल्ट इस महीने भारत लौट सकेंगे। सॉल्ट की गैरमौजूदगी में उनके साथी खिलाडी जेकब बेथेल को विराट कोहली के साथ ओपनिग का अवसर मिला सकता है, वह सीजन की शुरुआत में बेंच पर बैठे थे। तीन पारियों में 39 रन बनाकर बेथेल अभी तक बड़ा प्रभाव नहीं डाल पाए हैं, लेकिन अब उन्हें शीर्ष क्रम में खेलने मौका मिलने की संभावना है। अगर सॉल्ट की चोट सीजन खत्म करने वाली साबित होती है, तो आईपीएल नियमों के तहत आरसीबी उनके रिप्लेसमेंट पर साइन कर सकती है, लेकिन टीम उन्हें ठीक होने का पूरा अवसर देना चाहती है।

आरसीबी का अगला मैच गुरुवार रात लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ है। आरस. ीबी ने सॉल्ट की चोट की प्रकृति को सार्वजनिक रूप से नहीं बताया है। सॉल्ट को 18 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान एक बाउंड्री बचाने के लिए डाइव लगाते समय बाएं हाथ की उंगली में चोट लगी थी। उन्होंने सीजन की शुरुआत शानदार की और छह पारियों में 168-33 की स्ट्राइक रेट से 202 रन बनाए थे।

## खेल विशेष

### मेटा लाया एआई चश्मों पर क्रिकेट का लाइव अपडेट

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के क्रिकेट सीजन में प्रशंसक मेटा, रे-बैन मेटा और ओकले मेटा चश्मों पर लाइव क्रिकेट अपडेट पा सकते है। इस नए फीचर की मदद से भारत में क्रिकेट प्रशंसक अब अपने फोन को हाथ लगाए बिना हर मैच की पूरी जानकारी रख सकते हैं। मेटा एआई से अपनी पसंदीदा टीम के मैच को फॉलो करने के लिए कहें और एआई द्वारा बताए गए स्कोर अपडेट, विकेट अलर्ट, अहम पड़ावों की झलकियां और मैच के नतीजे सीधे अपने एआई चश्मों पर, उसी समय पाएं। इसमें विज्ञापनों का ब्रेक नहीं होगा। आपको बस इतना कहना है हॉय मेटा फोलो और अपनी पसंदीदा टीम का नाम या आने वाले मैच का नाम बताएं, ताकि आपको उसी समय के अपडेट मिल सकें।

### भारतीय टीम तीरंदाजी विश्वकप के दूसरे चरण में लेगी भाग

**शंघाई (चीन), वार्ता।** अनुभवी तीरंदाजों ज्योति सुरेखा वेन्नम और दीपिका कुमारी की अगुवाई में 16-सदस्ईय भारतीय टीम यहां मंगलवार से शुरु हो रहे आर्चरी वर्ल्ड कप 2026 के दूसरे चरण में हिस्सा लेगी। चार चरणों वाले आर्चरी वर्ल्ड कप सर्किट के इस दूसरे चरण में 5 से 10 मई तक 44 देशों के 300 से ज्यादा तीरंदाज अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। इस प्रतियोगिता में साल्टिलो में होने वाले वर्ल्ड कप फाइनल के लिए क्वालिफकिशन स्थान दांव पर होंगे। पिछले महीने मेक्सिको के पुएब्ला में हुए सीजन के पहले चरण में भारत को आर्चरी में केवल एक पदक मिला था। उस प्रतियोगिता में एशियाई खेलों की चैंपियन ज्योति, मधुरा धामन गांवकर और प्रगति की महिला कंपाउंड टीम ने स्वर्ण पदक जीता था। फरवरी में कोलकाता में हुए राट्रीय ट्रायल्स के जरिए चुनी गई यही 16-सदस्ईय टीम शंघाई में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

### केकेआर की वापसी को पटरी पर बनाए रखने को वरुण ने गति धीमी की

**अहदमदाबाद, वार्ता।** पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायडू का मानना है कि वरुण चक्रवर्ती ने पिच के मिजाज को भांपते हुए अपनी और कोलकाता नाइट राइडर्स द्धकेकेआरऋ की वापसी को पटरी पर बनाए रखने के लिए सनाइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बीच के ओवरों में अपनी गति धीमी कर ली। रायडू ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि वरुण ने शुरू में थोड़ी तेज गति से गेंदबा. जी शुरू की, और फिर जब उन्हें कुछ चौके-छक्के पड़े, तो उन्होंने बीच के ओवरों में अपनी गति धीमी कर ली। मुझे लगता है कि इस टूर्नामेंट में उन्होंने बहुत ही शानदार वापसी की है, अब वह क्रीज का बहुत अच्छे से इस्तेमाल कर रहे हैं, साथ ही गेंदबाजी के एंगल और अपनी गति का भी सही तालमेल बिठा रहे हैं।

# एमएस धोनी नहीं आएंगे दिल्ली चेन्नई में जारी रखेंगे रिहैब




**नई दिल्ली, वार्ता।** स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के साथ होने वाले मुक. ाबले के लिए चेन्नई सपुर किंग्स की टीम के साथ नई दिल्ली नहीं आए हैं। पूर्व कप्तान धोनी चेन्नई में ही रुक गए हैं, जहां वे अपनी पिडली की चोट के लिए रिहैबिलिटेशन (इलाज) करवा रहे हैं। अभी तक यह स्पट नहीं है कि धोनी आगामी मैच के लिए पूरी तरह तैयार नहीं हैं,

लेकिन फ्रेंचाइजी के अधिकारियों ने इस सीजन में उनके कोई मैच खेलने की संभावना से इनकार नहीं किया है। टीम के एक सीनियर अधिकारी ने क्रिकब्ज को बताया कि उन्हें किसी न किसी स्टेज पर उपलब्ध होना चाहिए। चेन्नई सुपर किंग्स के इस सीजन में अभी पांच मैच और बाकी हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के बाद, चेन्नई सुपर किंग्स 10 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स की मेजबानी करेगी, जिसके बाद 15 मई को लखनऊ में ऋाभ पंत की टीम के खिलाफ वापसी का मैच होगा। इसके बाद वे 18 मई को सनराइजर्स हैदराबाद की मेजबानी करेंगे, और फिर 21 मई को इस सीजन के अपने आखिरी लीग मैच के लिए अहमदाबाद जाकर गुजरात टाइटन्स का सामना करेंगे। उल्लेखनीय है कि धोनी ने इस सीजन में एक भी मैच नहीं खेला है।

# दिल्ली कैपिटल्स, चेन्नई सुपर किंग्स के लिए प्लेऑफ की चुनौती



**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मंगलवार को होने वाले लीग मुकाबले में दोनों टीमें प्लेऑफ में बनाए रखने की चुनौती का सामना करेंगी। दोनों टीमें के तालिका में समान अंक है।

यह एक ऐसा अहम मोड़ लगता है जो यह तय कर सकता है कि प्लेऑफ की दौड़ में कौन बना रहेगा और कौन दबाव के चलते पैदा हुई अफरा-तफरी में फंसता चला जाएगा। दोनों टीमों ने अपने नौ मैचों में से चार जीते हैं, दोनों के आठ-आठ अंक हैं, और दोनों जानती हैं कि गलती की गुंजाइश तेजी से कम होती जा रही है। फिर भी, यहां तक पहुंचने के लिए उन्होंने जो रास्ते अपनाए हैं, वे एक-दूसरे से बिल्कुल अलग हैं। दिल्ली कैपिटल्स की बात करें, तो वह एक ऐसी टीम रही है जिसमें सब कुछ या तो बहुत अच्छा होता है या बहुत बुरा। जब वे लक्ष्य का पीछा करते हैं, तो वे निडर दिखते हैं, और कभी-कभी तो उन्हें रो. कना लगभग नामुमकिन लगता है। लेकिन जब वे पहले बल्लेबाजी करते हैं, तो उनका यह सीजन अक्सर अस्थिरता का शिकार हो जाता है, जिसकी झलक उनके नेगेटिव नेट रन रेट में स्पट दिखती है। केएल राहुल उनके बल्लेबाजी क्रम में एकमात्र ऐसे खिलाड़ी रहे हैं जिनका प्रदर्शन लगातार अच्छा रहा है। उन्होंने शांत और मजबूत अंदाज में टीम की जम्मिदारी संभाली है। लक्ष्य का पीछा करते समय मैच पर अपना नियंत्रण बनाए रखने की उनकी काबि. लियत इस सीजन में दिल्ली के बेहतरीन प्रदर्शनों की मुख्य वजह रही है, और एक बार फिर, टीम की ज्यादातर उम्मीदें उन्हीं के कंधों पर टिकी हैं। उनके आस-पास, दिल्ली की बल्लेबाजी ने शानदार झलकियां दिखाई हैं। पथुम निसांका की हालिया फिफ्रटी ने शीर्ष क्रम में लय ला दी है।

# ऑरेंज कैप फिर से अभिषेक के सिर, रबाडा पर्पल कैप की दौड़ में



**अहदाबाद, वार्ता।** अभिोक शर्मा कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मात्र 15 रन बनाकर एक बार फिर से ऑरेंज कैप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए है। वहीं कगिसो रबाडा 16 विकेटों के साथ पर्पल कैप की दौड़ में शामिल हो गए है। ऑरेंज कैप तालिका में कम अंतर पर कब्जा देखने को मिल रहा हैं।

जैसे केकेआर के खिलाफ अभिोक शर्मा ने केवल 15 रन बनाए, लेकिन यह केएल राहुल (दिल्ली कैपिटल्स) से सात रन आगे निकलने और शीर्ष स्थान वापस हासिल करने के लिए काफी था। हाइनरिक क्लासन अवसर का फायदा नहीं उठा सके, इसलिए राहुल (433 रन) का दूसरा स्थान सुरक्षित है। क्लासन ने केकेआर के खिलाफ 11 रन बनाए और अब उनके 425 रन हैं। उनके बाद राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के वैभव सूर्यवंशी (404 रन) हैं और फिर शीर्ष पांच में नया नाम जुड़ा है। गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज बी साई सुदर्शन ने हालिया शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 41 गेंदों में 57 रन बनाए और 385 रन तक पहुंच गए हैं। शुभमन गिल, प्रभसिमरन सिंह, जॉस बटलर और श्रेयस अय्यर रविवार को अधिक रन नहीं बना सके, लेकिन इशान किशन ने 42 रन बनाकर कुल 354 रनों के साथ नौवें स्थान पर जगह बनाई, जबकि ट्रैविस हेड ने भी अपनी हालिया फॉर्म जारी रखते हुए 28 गेंदों में 61 रन बनाए और 12वें स्थान तक पहुंच गए। वहीं पर्पल कैप ताल‍ि. का की बात की जाए तो कगिसो रबाडा ने पिछले छह मैचों में 12 विकेट ले लिए हैं और तेजी से ऊपर चढ़ते हुए 16 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जो कि रॉयल चैजेंजर्स बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार और चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कम्बोज से केवल एक विकेट पीछे हैं। प्रसिद्ध कृणा को फिर बाहर बैठना पड़ा, इशान मलिगा को कोई विकेट नहीं मिला, राशिद खान को केवल एक विकेट मिला।

# जैनिक सिनर ने जीता मैड्रिड ओपन का खिताब



**मैड्रिड, वार्ता।** विश्व नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर मैड्रिड ओपन का खिताब अपने नाम किया। इटली के दिग्गज जैनिक सिनर ने जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 57 मिनट तक चले मुकाबले में 6-1, 6-2 से हराकर, अपने करियर में पहला मैड्रिड ओपन का खिताब जीत लिया है। इस जीत के साथ सिनर लगातार पांच एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब (पेरिस, इंडियन वेल्स, मियामी, मोंटे-कार्लो, मैड्रिड) जीतने वाले पहले पुरु खिलाड़ी बन गए। सिनर ने अब कैलेंडर पर मौजूद नौ मास्टर्स 1000 प्रतियोगिताओं में से आठ जीत लिए हैं, उनके कलेक्शन में केवल रोम का खिताब ही शो है। वह अपने करियर में आठ अलग-अलग मास्टर्स 1000 प्रतियोगिता जीतने वाले इतिहास के सिर्फ तीसरे खिलाड़ी हैं।

# महिला हॉकी टीम के विशेष गोल कीपिंग शिविर की सराहना कीं

**बेंगलुरु, वार्ता।** अंतर्राट्रीय टूर्नामेंट से पहले मुख्य कोच सजोर्ड मारिजने की देखरेख में डेविड विलियमसन द्वारा आयोजित भारतीय महिला हॉकी टीम के विशो गोलकीपिग शिविर की सविता, बिचू देवी खारिबाम और बंसरी सोलंकी ने सराहना की है। 22 अप्रैल से दो मई तक साई के बेंगलुरु केन्द्र में 11 दिनों तक चले इस शिविर में सीनियर गोल. कीपर सविता, बिचू देवी खारिबाम, बंसरी सोलंकी और माधुरी किडो ने इन सेशन में हिस्सा लिया। इससे उन्हें मैच जैसी स्थितियों में तकनीकी बारीकियों, फैसले लेने की क्षमता, डिफेंसिव संगठन और रणनीतिक समझ पर गहराई से ध्यान देने का मौका मिला, क्योंकि टीम आने वाले इंटरनेशनल कैलेंडर में होने वाले बड़े टूर्नामेंट की तैयारी कर रही है।

गोलकीपरों के लिए इस तरह के खास शिविर के फायदों के बारे में बात करते हुए सविता ने कहा कि एक गोलकीपर होने के नाते, मैंने हमेशा यह महसूस किया है कि इस तरह के कैंप आपको बहुत कुछ सीखने में मदद करते हैं, साथ ही आपकी स्किल्स को निखारते और बेहतर बनाते हैं। हम ट्रेनिग में मैच जैसी स्थितियां बनाते हैं और खूब चर्चा करते हैं। कैंप में बारीकियों पर इतना ध्यान देने से हमें मैच के दौरान वैसी ही स्थितियों का सामना करते समय ज्यादा सहज महसूस होता है। इसलिए, ए खास कैंप हमेशा जरूरी होते हैं

और हम आनंदना, कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि एक सीनियर खिलाड़ी होने के नाते, मुझे यह पक्का करना होता है कि मैं न सिर्फ अपने प्रदर्शन पर ध्यान दूं, बल्कि युवा गोलकीपरों पर भी ध्यान दूं और उन्हें प्रेरित करूं। मैं हमेशा देखती रहती हूं कि वे कैसा कर रही हैं और अपने अनुभव के आधार पर मैं उन्हें छोटी-छोटी बातों में कैसे गाइड कर सकती हूं। मैं हमेशा एक अच्छा माहौल बनाए रखने की कोशिश करती हूं, क्योंकि मेरा मानना है कि जब आप सही तरह के माहौल में ट्रेनिग करते हैं, तो आप अच्छा करना चाहते हैं। इसलिए, यह हर किसी को मोटिवेटेड रखने और उन्हें और भी बेहतर करने के लिए प्रेरित करने के बारे में है।

# सिडनी सिक्सर्स ने जेम्स होप्स को नया मुख्य कोच किया नियुक्त




**सिडनी, वार्ता।** सिडनी सिक्सर्स ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर जेम्स होप्स को दो साल के अनुबंध पर नया मुख्य कोच नियुक्त किया है।

सिक्सर्स क्लब ने आज यहां यह जानकारी दी है। 47 वर्षीय होप्स के लिए यह हेड कोच के तौर पर पहली भूमिका होगी। होप्स ने पहले भी असिस्टेंट कोच की भूमिकाएं निभाई हैं, खासकर फ्रैचाइजी क्रिकेट में गेंदबाजी कोच के तौर पर। होप्स अभी चल रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पंजाब किंग्स के साथ गेंदबाजी कोच के तौर पर काम कर रहे हैं। अब वह बीबीएल के इतिहास की सबसे सफल फ्रैंचाइजयों में से एक की कमान संभालेंगे। सिक्सर्स ने तीन बार यह खिताब जीता है और कई बार उपविजेता भी रहे हैं, जिसमें हाल ही का सीजन भी शामिल है। इसके बाद ग्रेग शिप्पर्ड को हेड कोच के पद से हटा दिया गया था। अपनी नियुक्ति के बाद होप्स ने कहा कि सिडनी सिक्सर्स से जुड़कर मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह एक ऐसा क्लब है जिसका इतिहास गौरवशाली है और जिसकी पहचान निरंतरता, प्रतिस्पर्धी भावना और अपने प्रशंसकों के साथ गहरे जुड़ाव पर बनी है। मैं खिलाड़ियों के इस प्रतिभाशाली समूह के साथ काम करने और बीबीएल में सिक्सर्स की सफलता के अगले चरण में अपना योगदान देने के लिए उत्साहित हूं। उल्लेखनीय है कि जेम्स ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 84 एकदिवसीय और 12 टी-20 मैच खेले हैं। उन्होंने अपना आखिरी अंतर्राट्रीय मैच 2010 में खेला था।

पश्चिमी बंगाल, असम व पुडुचेरी में भाजपा की प्रचंड जीत पर कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल

# भाजपाइयों ने मिठाई व झालमुरी खिलाकर दी बधाई





■ पश्चिमी बंगाल की धरती पर जीत पूरे देश के लिए एक सकारात्मक संदेश: डा.अजय सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** माता काली की पावन धरा व जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म भूमि पश्चिम बंगाल सहित असम पुडुचेरी तीनों प्रदेशों में प्रचंड जीत के साथ भाजपा की पूर्ण बहुमत सरकार बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने घंटाघर पर मिठाइयां वे झाल मुरी खिलाकर बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने यहां आतिशबाजी कर ढोल की थाप पर डांस भी किया।

मेयर डा.अजय सिंह ने कहा कि यह जनादेश नए भारत की सोच को दर्शाता है, जहां विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत और सनातन मूल्यों को भी समान महत्व दिया जाता है। पश्चिम बंगाल जैसी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरती पर यह जीत पूरे देश के लिए एक सकारात्मक संदेश हे। महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने वर्षों से चली आ रही भय, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति को पूरी तरह से नकारते हुए विकास, सुशासन और सांस्कृतिक आत्मसम्मान के पक्ष में ऐतिहासिक निर्णय लिया है। पूर्व महापौर संजीव वालिया ने कहा कि अब जनता अपनी जड़ों और पहचान के प्रति जागरूक हो चुकी है।

महामंत्री सरदार सुपनीत सिंह, महामंत्री किशोर शर्मा, ललित कटारिया, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी गौरव गर्ग, मीडिया प्रभारी विजय गुप्ता ने भी विचार रखे।

इस अवसार पर सोशल मीडिया प्रभारी प्रदीप शर्मा, हेमंत धीमान, कोषाध्यक्ष मानवेंद्र भारद्वाज, महानगर उपाध्यक्ष संदीप रावत, मनोज ठाकुर, दिनेश सेठी, प्रवीण छाबड़ा महानगर मंत्री नीरज ठकराल, बबीता सैनी, ठाठ सिंह, नितिन परमार, सागर वर्मा, अंकित जाटव, जितेन सचद.`वा, मण्डल अध्यक्ष मनुज तायल, विजय चौहान, गोपाल महेंद्रत्ता, हनी वर्मा, जोगेंद्र लाला, पार्षद राहुल झाम, मनीष सचदेवा, निशांत शर्मा, जसबीर मोघा, मनोज जैन, गौरव जैन, राजकुमार कालरा, कुलदीप पुंडीर, हैदर, जावेद आदि मौजूद रहे।

# 25 वार्डों में लग चुके 18 हजार कुत्तों को एंटी रेबीज टीके



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर नगर निगम प्रदेश का ऐसा पहला नगर निगम है जिसके द्वारा वृहद स्तर पर एंटी रेबीज टीकाकरण कार्यक्रम त्वरित गति से संचालित किया जा रहा है। नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देशन में नगर निगम द्वारा पिछले चार महीने में ही अब तक 25 वार्डों को कवर करते हुए 18 हजार श्वानों( कुत्तों) का एंटी रेबीज टीकाकरण किया जा चुका है। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2030 तक भारत को रेबीज मुक्त बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए नगर निगम सहारनपुर गंभीरता के साथ एंटी रेबीज अभियान को गति दे रहा है।

निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी एवं एंटी रेबीज अभियान के प्रभारी डॉ. सदीप मिश्रा ने बताया कि नगरायुक्त शिपू गिरि के दिशा निर्देशन में राष्ट्रीय रेबीज नियत्रंण कार्यक्रम के अंतर्गत एंटी रेबीज वैक्सीनेशन की शुरुआत गत आठ जनवरी को वार्ड 40 के निगम परिसर से महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि द्वारा की गयी थी। उन्होंने बताया कि 300 दिन में 70 वार्डो को पूरा करने का लक्ष्य है, जिसके सापेक्ष करीब चार माह में 25 वार्डो को कवर किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि एंटी रेबीज अभियान में पांच टीमें काम कर रही हैं। हर टीम में चार डॉग कैचर, एक वैक्सीनेटर और एक पशु चिकित्सक तथा एक वाहन शामिल है। उन्होंने बताया कि नगरायुक्त के निर्देश पर सार्वजनिक स्थानों बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, धार्मिक स्थलों आदि के आसपास यह अभियान प्राथमिकता के साथ चलाया गया है। इसके अतिरिक्त नगर निगम द्वारा अब तक 25785 श्वानों का बंध्याकरण (नसबंदी) भी किया जा चुका है। बंध्याकरण के दौरान भी कुत्तों में एंटी रेबीज वैकसीनेशन किया जाता है। जिन श्वानों में बंध्याकरण के दौरान वैक्सीनेशन किया गया था उन्हें भी बूस्टर डोज दिया जा रहा है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि भारत सरकार के राष्ट्रीय रेबीज नियत्रंण कार्यक्रम का उद्देश्य 2030 तक भारत को रेबीज मुक्त बनाना और 2030 तक रेबीज के कारण श्वानों से होने वाली मौतों को शून्य पर लाना है।

# अलग अलग मामलों के वारंटी पकड़े

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस ने विभिन्न मामलों में संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार मंडी कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी व उपनिरीक्षक प्रतापदत्त शर्मा के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर एक वारंटी आरोपी आमिर उर्फ पिल्ला पुत्र शरीफ निवासी पीरवाली गली चांद कालोनी थाना मंडी को पकड़ लिया। इसके अलावा उपनिरीक्षक प्रेमपाल सिंह के नेतृत्व में एक अन्य वारंटी आरोपी इम्तियाज उर्फ मटरू पुत्र दिलशाद निवासी मिद्देवाली गली खाताखेड़ी उसके घर से दबोच लिया। दबोचा गया आरोपी न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-11 सहारनपुर न्यायालय से वांछित चल रहा था। उपनिरीक्षक राहुल शर्मा के नेतृत्व में वारंटी आरोपी आकिल पुत्र हनीफ निवासी सलमान कालोनी थाना मंडी को, जो एनडीपीएस एक्ट के मामले में वांछित था, दबोच लिया। उपनि.रीक्षक उपेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने उस्मान पुत्र इनाम निवासी पुरानी मंडी को उसके मकान से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

❑**सहारनपुर।** 29वीं उत्तर प्रदेश राज्य सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 07 और 08 मई को प्रयागराज के पंडित मदन मोहन मालवीय स्टेडियम पर उतर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के तत्वाधान मे होना निर्धारित है।

## दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना देहात कोतवाली पुलिस ने दो वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक देवेश कुमार शर्मा, उपनिरीक्षक श्याम सिंह, उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह भड़ाना के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर दो वारंटी आरोपियों मुर्सलीन पुत्र मंगता निवासी शेखपुरा कदीम व ऋतिक पुत्र सुखवीर सिंह निवासी धतोली रांघड़ थाना कोतवाली देहात को उनके मकानों से दबोच लिया।

# केरल में कांग्रेस की जीत से कार्यकर्ताओं में खुशी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** केरल में कांग्रेस पार्टी के शानदार प्रदर्शन एवं सरकार बनने की खुशी में महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा खुशी मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर बधाई दी।

महानगर कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने कहा कि पश्चिम बंगाल और असम मे भाजपा ने बेईमानी की सारी हदे पार कर दी है चुनाव आयोग भाजपा आयोग बन कर काम कर रहा है 65 लाख मुस्लिम मतदाता को लिस्ट से बाहर कर दिया और जहाँ पर मुस्लिम वोट अधिक थे वहा पुलिस का लाठीचार्ज करवा कर उन्हें मत दान नहीं करने दिया प्रतिशत बढ़ाने के लिए मशीनों को अधिकारियो ने मतो से भर दिया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष मुजफ्फर अली गुर्जर, पीसीसी धर्मपाल जोशी, महानगर उपाध्यक्ष इकराम खान, महसचिव मयंक शर्मा, सचिव रवि कुमार, बरकत अंसारी, महासचिव नसीब खान आदि मौजूद रहे।

# मंत्री और विधायक ने बांटी मिठाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** भाजपा की शानदार जीत पर उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री जसवंत सैनी और प्रतिनिधि कृष्ण चंद सैनी ने अपने आवास पर खुशी का इजहार किया व एक दूसरे का मुंह मीठा कराया।

उधर विधायक देवेंद्र निम ने भी उत्साहित कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और प्रचंड विजय का जश्न मनाया। इस जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और जनता के अटूट विश्वास को दिया गया। जिसके चलते पार्टी ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। चुनावी नतीजों में भाजपा गठबंधन ने पश्चिम बंगाल में पहली बार अपनी ताकत दिखाते हुए ऐतिहासिक मौजूदगी दर्ज कराई है। वहीं असम में लगातार तीसरी बार और पुडुचेरी में दूसरी बार सरकार बनाकर पार्टी ने अपनी लोकप्रियता और जनसमर्थन को पुन: सिद्ध किया है। स्थानीय स्तर पर कार्यकर्ताओं के इस भारी उत्साह ने पार्टी की इस व्यापक राजनैतिक उपलब्धि को क्षेत्र में और भी यादगार बना दिया है।

# आत्मरक्षा के लिए कराटे सबसे उत्तम: चौ.नीरपाल




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व राज्यमंत्री व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि कराटे आत्मरक्षा के लिये सबसे उत्तम खेल है।

चौ.नीरपाल सिंह ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि खेलो के इस महाकुंभ के लिए में अध्यक्ष विजय कौशिक सहित पूरी आयोजक कमेटी को खेलो के इस विशाल आयोजन के लिए बधाई के पात्र है। कराटे चैंपियनशिप का यह विशाल आयोजन खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करेगा। विभिन्न राज्यों से आए हुए ये नन्हें मुन्ने सितारे एक दिन देश का भविष्य बनाएंगे। यह आयोजन हम सबके लिए प्रेरणास्रोत है खेलो के ऐसे विशाल आयोजन होते रहने चाहिए इससे देश में खेलो को बढ़ावा मिलेगा।चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि कराटे एक खेल ही नहीं बल्कि आत्मरक्षा का सबसे बड़ा हथियार है। कराटे सीखने से खिलाड़ी वक्त पड़ने पर आत्मरक्षा भी कर सकता है। विधायक संजीव शर्मा ने भी अपने विचार रखे।

इस दौरान आयोजक कमेटी के अध्यक्ष विजय कौशिक, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंदरजीत सिंह टीटू, रालोद अध्यक्ष रेखा चौधरी, महासचिव राजीव मुंडेलवाल, उपाध्यक्ष नौशाद अली आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# वीरेंद्र गुर्जर पर हो सख्त कार्रवाई: ठा.विरेंद्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पूर्व विधायक ठाकुर वीरेंद्र सिंह ने वीरेन्द्र गुर्जर के बयान पर सख्त आपत्ति जताते हुए प्रशासन से सख्त कार्येवाई की मांग की है।

पूर्व विधायक ने कहा कि अगर इस तरह का बयान कोई मुसलमान दे देता तो अब तक बुलडोजर की कार्यवाही भी हो चुकी होती और उसके खिलाफ पुलिस प्रशासन ऐसी कार्येवाही करता जो नजीर बन जाती। वीरेंद्र ठाकुर ने कहा कि ये वीरेन्द्र गुर्जर सुर्खियों में रहने के लिए हमेशा इस तरह के नफरती बयान देता है मगर इसपर पुलिस प्रशासन कोई कार्यवाही नही करता।

पूर्व विधायक ने कहा कि पुलिस प्रशासन को इस नफरती व्यक्ति के खिलाफ ऐसी सख्त कार्यवाही करनी चाहिए जिससे फिर कोई भी समाज मे अमन के खिलाफ खिलवाड़ करने का दुस्साहस न कर सके।

# विकास भवन में किसानों का बेमियादी धरना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्राम पंचायत दनियालपुर उर्फ नोजली में प्रधान द्वारा कराये गये विकास कार्यो की जांच की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा ने विकास भवन में अनिश्चितकाल.ीन धरना शुरू किया।

राष्ट्रीय प्रभारी शहबाद प्रधान व जिलाध्यक्ष अमर त्यागी के नेतृत्व में दिये गये धरने पर बैठे किसानों का कहना था कि ग्राम प्रधान द्वारा कराये गये विकास कार्यो की जांच हेतु शिकायत की गई थी, लेकिन आज तक भी कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई। जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा कराई गई जांच अधूरी है, क्योंकि कोई तकनीकी अधिकारी नियुक्त न होने के कारण प्रधान द्वारा कराये गये कार्यो की गुणवत्ता और सही माप की जांच नहीं हो गई। धरने के दौरान मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय जाने के लिये वहां से निकले, लेकिन किसानों की बातों को नजरअंदाज किये जाने का आरोप लगाते हुए किसान भडक गये और धरना लगातार जारी रखने की बात कही। किसानों की मांग है कि ग्राम पंचायत का पैसा प्रधान द्वारा अपने सगे भाई अशफाक के खाते में ट्रांसफर किये जाने, निजी लाभ के लिये निजी संपत्तियों में सीसी, नल की मरम्मत और रीबॉर कर सरकारी धन के गबन, थोडा कार्य कर अधिक धन निकालने, तकनीकी अधिकारी से विकास कार्यो की गुणवत्ता और क्षेत्रफल की जांच हो। इसके अलावा सफाई कर्मचारी के नाम पर पैसे के गबन, स्ट्रीट लाइट की मरम्मत के नाम पर गबन तथा इंटरलोकिंग कार्य की निष्पक्ष जांच कराने की मांग भी की गई।

धरने पर डा.रमीज, रोबिन त्यागी, नौशाद चेयरमैन, मंसूर, अशोक कुमार, अजब सिंह आदि समेत भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## मारपीट कर रुपए छीने

**गंगोह।** देर रात मोहड़ा गेट के पास अज्ञात बाइक सवारों ने एक व्यक्ति को रोककर उसके साथ मारपीट की और 1100 रुपये छीन लिए। घायल को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार गांव मोहड़ा निवासी सतीश कुमार देर रात गांव दुधाला से खेत में गन्ना छीलकर साइकिल से अपने घर लौट रहे था। जैसे ही वह मोहड़ा गेट के पास पहुंचा, अंधेरे में दो बाइकों पर सवार तीन अज्ञात युवकों ने उन्हें रोक लिया। पीड़ित ने बताया कि बिना किसी बात. चीत के एक युवक ने मेरे के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान हमलावरों ने मेरी जेब से करीब 1100 रुपये छीन लिए।

# 20 पात्र किसानों को चेक वितरित




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने आज प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ फसल की क्षति पूर्ति के 20 पात्र किसानों को चेक वितरित किए।

कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित कार्यक्रम जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत खरीफ फसल क्षति पूर्ति हेतु पात्र किसानों को चेक वितरित किये गये। कार्यक्रम में स्वराज ग्राम जसमौर, सचिन काम्बोज ग्राम गुमटी, महाविन्द्र सिंह ग्राम सोराना, कमलेश ग्राम कमलेश, मेघपाल ग्राम जन्धेडी सहित 20 कृषकों को चेक वितरित किये गये। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी कपिल कुमार, अपर जिला कृषि अधिकारी राजबीर, एसएमएस अमित कुमार, प्रतिनिधि फसल बीमा कम्पनी गिरीश मौजूद रहे।

# एक साल से फरार आरोपी नकुड पुलिस के हत्थे चढ़ा

■ दुकान पर मारपीट, जानलेवा हमले व फायरिंग को दिया था अंजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** करीब एक साल से पुलिस की पकड़ से दूर चल रहा एक वांछित आखिरकार गिरफ्त में आ ही गया। पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी वह आरोपी अचानक पुलिस के जाल में फंस गया इसके पीछे रही सटीक रणनीति और लगातार दबिश रही।

थानाध्यक्ष सुरेश कुमार ने बताया कि बीती मध्य रात्रि पुलिस टीम ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे वांछित अजय पुत्र प्रमोद निवासी मोहद.ीनपुर को गिरफ्तार कर लिया। बताया कि मामला जून 2025 का है उस समय आरोपी ने खेड़ा अफगान में एक दुकान पर मारपीट के बाद उस पर जान लेवा हमले के इरादे से फायरिंग की थी। घटना के बाद से ही वह फरार चल रहा था लेकिन पुलिस लगातार उसके पीछे लगी हुई थी। आखिरकार मुखबिर की सूचना और सटीक घेराबंदी के चलते आरोपी को उसके गांव से दबोच लिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी पर पहल से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष सुरेश कुमार, अंबेहटा चौकी इंचार्ज देवेन्द्र अधाना सहित पुलिस टीम के सहयोग से आरोपी को पकड़ा जा सका।

# निर्माण में रखें गुणवत्ता का ध्यान: डीएम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान लोक निर्माण विभाग के कार्यो एवं कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिये।

जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने संबंधित विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में समयबद्धता के साथ गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। संबंधित विभिन्न विभाग आपसी बेहतर समन्वय स्थापित कर सुनिश्चित करें कि कार्यों में अनावश्यक रूप से देरी न हो। जो कार्य प्रारम्भ होने वाले है उनकी तैयारी पहले से ही कर ली जाए। अनापत्ति प्रमाण पत्र संबंधी कार्यों में तेजी से कार्यवाही की जाए। शासन स्तर पर लम्बित प्रकरणों का निरंतर फालोअप लिया जाए। अगली बैठक में कार्ययोजना बनाकर लाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी निर्माण कार्यों का निंरतर फालोअप करते रहें। जिलाधिकारी ने माँ शाकम्भरी देवी समेकित पर्यटन विकास में निर्माण परियोजनाओं में प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल, नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, एक्सईन लोनिवि धर्मेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात चोरों ने बंद पड़े मकान को खंगाला

■ पीड़ित मकान मालिक ने थाने में कार्रवाई को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** अज्ञात चोरों ने मजदूरी पर गये युवक के बन्द पडे मकान को निशाना बनाते हुए घर के सभी नये व पुराने सामान पर हाथ साफ कर दिया। पीडित ने थाना पर तहरीर दी है।

ग्राम पटना उर्फ नयाबांस निवासी जाखिर पुत्र वहीद अहमद ने जानकारी देते हुए बताया कि वह पौंटा साहिब हिमाचल प्रदेश में रहकर मजदूरी का काम करता है। जहां पर वह किराये का मकान लेकर परिवार सहित रह रहा था। हाल ही में वह अपने घर पटना उर्फ नयाबांस लौटा और जैसे ही वह अपने घर में गया तो अन्दर का नजारा देख दंग रह गया।

पीड़ित के घर का सभी सामान बर्तन, नये पुराने कपड़े व अन्य लगभग अस्सी हजार रुपये कीमत का सामान उसकी गैरमौजूदगी में अज्ञात चोरों द्वारा उड़ा लिया गया। पीड़ित ने थाना पर तहरीर देकर अज्ञात चोरों का पता लगाते हुए कानूनी कार्यवाही किये जाने तथा चोरी हुआ सामान बरामद किए जाने की मांग की है। वहीं पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुक.दमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

# सम्पादकीय

## भाजपा का जोश चरम पर

तय कार्यक्रम के अनुसार 4 मई को पांच राज्यों में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव की मतगणना शुरू हुई। शाम आते-आते जो रुझान सामने आए, वह लगभग ऐसे ही थे, जिनके संबंध में एग्जिट पोल पहले ही अपनी राय दे चुका था। असम, पश्चिमी बंगाल और पुड्डुचेरी ने भाजपा को खुश होने का मौका दिया। विशेषकर पश्चिम बंगाल में जिस तरह भाजपा ने प्रदर्शन किया, वह वास्तव में ऐतिहासिक ही कहा जाएगा। भाजपा पूर्व बहुमत से अधिक सीटें लेती दिखाई दे रही है, जैसाकि हम जानते हैं पश्चिमी बंगाल में 294 सीटें हैं और भाजपा 200 से अधिक सीटें लेती दिखाई दे रही है। लिखे जाने तक 127 सीटें वह जीत चुकी है और 80 पर आगे चल रही है। कांग्रेस को भी दो सीटें हाथ लगी हैं। लेफ्ट फ्रंट दो सीटों पर आगे चल रहा है। टीएमसी की बात करें, तो उसके 48 उम्मीदवार जीत चुके हैं और 32 पर वह आगे चल रही है। वास्तविक परिणाम देर रात तक आने की उम्मीद है, लेकिन इन रुझानों से साफ है कि भाजपा अपने बल पर सरकार बनाने जा रही है। भाजपा के खेमे में कितनी खुशी है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय कार्यकर्ताओं के साथ जश्न मनाने पहुंच गए और कहा कि एक कार्यकर्ता होने के नाते वह भाजपा के हर कार्यकर्ता की खुशी में शामिल हैं और आज का दिन हर मायनों में खास है। उन्होंने आज के दिन को भरोसे का दिन बताया। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि यह सालों की साधना जब सिद्धि में बदलती है तो चेहरे पर खुशी जो होती है वही कार्यकर्ताओं के चेहरों पर मैं देख रहा हूं। निश्चित रूप से प. बंगाल का चुनाव भाजपा के लिए एक बड़ा चुनाव कहा जाएगा। टीएमसी की मुखिया एवं राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पिछले 15 वर्षों से लगातार वहां शासन कर रही हैं और केंद्र सरकार के साथ उनका टकराव जगजा. हिर है, उसको देखते हुए यह चुनाव भाजपा व टीएमसी के लिए बेहद प्रतिष्ठा का चुनाव हो गया था। पश्चिम बंगाल के चुनाव की गंभीरता को लेकर भाजपा कितनी गंभीर थी कि देश के गृहमंत्री अमित शाह वहां लगभग एक महीने से अपने लाव-लश्कर के साथ डेरा डाले हुए थे, तो वहीं पीएम मोदी ने भी दर्जनभर से अधिक रोड शो कर चुनाव में जान फूंकने की कोशिश की थी और पर्दे के पीछे से आरएसएस व उसके अन्य सहयोगी संगठनों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हालांकि यह चुनाव इसलिए भी याद किया जाएगा कि शायद ऐसा नजारा कभी देखने में आया हो जब चुनाव आयोग के क्रियाकलाप चुनाव प्रचार के समय केंद्र में रहे हों। निसंदेह ऐसी स्थिति हमारे लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। इस पर चुनाव आयोग को जरूर ध्यान देना चाहिए।

## मानवता को झकझोर देने वाली घटना





प्रो. आर.के. जैन

मानवता को झकझोर देने वाली यह घटना समाज की संवेदनहीनता को उजागर करती है। पुणे के भोर तहसील के नासरापुर गांव में 1 मई 2026 को घटी यह घटना केवल अपराध नहीं, बल्कि गहरी मानवीय त्रासदी है। लगभग चार वर्ष की मासूम बच्ची, जो गर्मी की छुट्टियों में नानी के घर आई थी, उसे भोजन या बछड़ा दिखाने के लालच में पशुशाला में ले जाया गया। 65 वर्षीय व्यक्ति ने बेरहमी से अत्याचार कर पत्थर से सिर कुचलकर हत्या की और शव को गोबर के ढेर में छिपा दिया। सीसीटीवी कैमरों ने सच सामने ला दिया, फिर भी प्रश्न है कि ऐसी घटनाएं क्यों बढ़ रही हैं। क्या हमारी सुरक्षा व्यवस्था और सामाजिक चेतना इतनी कमजोर हो चुकी है कि बच्चों की रक्षा भी सुनिश्चित नहीं? यह घटना केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे समाज की गंभीर विफलता का प्रमाण है। आरोपी पर पहले भी यौन अपराध के मामले दर्ज थे, जिससे अपरा. धियों के बढ़ते हौसले और पुलिस-न्याय व्यवस्था की कमियों पर सवाल और गहरे होते हैं।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के हालिया आंकड़ों के अनुसार महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराधों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। विभिन्न रिपोर्टों और उपलब्ध जानका. रियों से भी स्पष्ट होता है कि अनेक क्षेत्रों में स्थिति दिन-प्रतिदिन अधिक गंभीर और असुरक्षित होती जा रही है। जो स्थान कभी सुरक्षित माने जाते थे, वे अब अपराध और असुरक्षा के नए केंद्र बनते जा रहे हैं। समस्या केवल कानूनों की मौजूदगी नहीं, बल्कि उनके कमजोर क्रियान्वयन और प्रभावी निगरानी के अभाव में छिपी है। यदि एक मासूम बच्ची अपने ही घर के आसपास सुरक्षित नहीं है, तो यह पूरे सुरक्षा तंत्र पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। अपराधियों के बढ़ते हौसले का एक बड़ा कारण समाज की उदासीनता भी है, जो समय रहते चेतावनी संकेतों को नजरअंदाज कर देती है। व्यवस्था में गहरे सुधार के बिना ऐसी घटनाओं पर रोक संभव नहीं। पुलिस व्यवस्था और न्याय प्रणाली में ठोस, प्रभावी बदलाव आवश्यक हैं।

विशेष जांच दल का गठन हुआ है और मुख्यमंत्री ने फास्ट-ट्रैक ट्रायल व कठोर सजा की घोषणा की है, लेकिन यह कदम केवल तात्कालिक प्रतिक्रिया तक सीमित नहीं रहने चाहिए। बाल यौन अपराध संरक्षण कानून के अंतर्गत लंबित मामलों की अधिक संख्या और दोषसिद्धि की कम दर व्यवस्था की कमजो. रियों को स्पष्ट करती है। प्रत्येक जिले में 24 घंटे सक्रिय बाल संरक्षण इकाइयों की स्थापना अनिवार्य होनी चाहिए। गांवों और शहरों में निगरानी कैमरों का व्यापक नेटवर्क विकसित किया जाए तथा महिला पुलिस की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की जाए। न्याय प्रक्रिया को तेज, पारदर्शी और प्रभावी बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। सुरक्षा की वास्तविक नींव समाज की जागरूकता और सक्रिय भागीदारी पर ही टिकी होती है। केवल कानून या प्रशासन के भरोसे सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकती, जब तक समाज स्वयं सजग न हो। बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है। स्कूलों, आंगनवाड़ियों और खेल स्थलों को पूर्ण सुरक्षा क्षेत्र घोषित कर कठोर निगरानी आवश्यक है। अभिभावकों के लिए नियमित जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए ताकि वे संभावित खतरों को पहचान सकें। स्थानीय समुदायों में सतर्कता समूह बनाए जाने चाहिए जो संदिग्ध गति. विधियों पर तुरंत सूचना दें। बच्चों को आत्मरक्षा और सुरक्षित व्यवहार की शिक्षा देना भी अत्यंत आवश्यक है। जब तक समाज सक्रिय भागीदारी नहीं निभाएगा, तब तक केवल कानून व्यवस्था पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं होगा। सबसे बड़ी और गहरी चुनौती आज भी हमारी जड़ जमाई हुई मानसिकता है, जो वर्षों से बदली नहीं है। कई बार पीड़ित को ही प्रश्नों के घेरे में खड़ा कर दिया जाता है और पुरानी सोच से प्रभावित प्रतिक्रियाएं दी जाती हैं।

यह धारणा बदलनी होगी कि खतरा केवल अजनबियों से होता है, जबकि वास्तविकता यह है कि कई बार परिचित और भरोसेमंद लोग ही अपराधी बन जाते हैं। शिक्षा प्रणाली में लिंग संवेदनशीलता, सहमति का सम्मान और नैतिक मूल्यों को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाना चाहिए। मीडिया को भी अत्यंत जिम्मेदारी से कार्य करना होगा ताकि ऐसी घटनाओं को सनसनी के रूप में प्रस्तुत न किया जाए। दोषियों के लिए कठोरतम दंड पर गंभीर सामाजिक और कानूनी मंथन आवश्यक है। बदलते समय में सुरक्षा को मजबूत करने की कुंजी आधुनिक तकनीक के प्रभावी और व्यापक उपयोग में निहित है। एआई आधारित उन्नत निगरानी प्रणाली, बच्चों के लिए सुरक्षित पहनने योग्य उपकरण और स्थान आधारित सुरक्षा तंत्र को बड़े स्तर पर लागू किया जाना चाहिए। महिला सहायता केंद्रों को अधिक सशक्त, प्रभावी और त्वरित प्रतिक्रिया देने योग्य बनाया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों तक तकनीकी सुरक्षा सुविधाओं का विस्तार भी आवश्यक है, ताकि गांव और शहर के बीच सुरक्षा की खाई कम हो सके। साथ ही यह सुनिश्चित करना होगा कि तकनीक का उपयोग केवल सुरक्षा के उद्देश्य से हो और उसका किसी भी रूप में दुरूपयोग न हो। तकनीक तभी वास्तविक रूप से सार्थक है, जब वह अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी सुरक्षा पहुंचा सके। किसी भी राष्ट्र की पहचान उसकी मासूम और कमजोर जिंदगियों की सुरक्षा से होती है। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा केवल योजना नहीं, बल्कि राष्ट्र की नैतिक जिम्मेदारी है। इस घटना ने स्पष्ट किया कि दोषी अक्सर परिचित होता है और बार-बार जेल से छूटने वाले अपराधी समाज के लिए बड़ा खतरा हैं। पुणे की मासूम बच्ची यह कठोर सच याद दिलाती है कि विकास तभी सार्थक है, जब जीवन सुरक्षित हो। यदि आने वाली पीढ़ियां भय में जीने को मजबूर होंगी, तो विकास के दावे अधूरे रह जाएंगे। समाज, प्रशासन और परिवारकृसभी को मिलकर सुरक्षित वातावरण बनाना होगा।

## श्रीमुख से...

### वायनाड में यूडीएफ का शानदार प्रदर्शन



केरल की जनता का भरोसा ही यूडीएफ के लिए मार्गदर्शक शक्ति बनेगा और आने वाले पांच वर्षों में ईमानदारी एवं विनम्रता के साथ किए गए वादों को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा, वायनाड में यूडीएफ को 7 में से 7 सीटों पर मिली जीत जनता के मजबूत विश्वास का प्रतीक है, क्षेत्र के विकास के लिए सभी प्रतिनिधि मिलकर काम करेंगे और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे, यूडीएफ` कार्यकर्ताओं और नेताओं के अथक प्रयासों से एकजुट और प्रगतिशील केरल का संदेश हर घर तक पहुंचा है तथा आने वाले वर्षों में जनता की सेवा का संकल्प और मजबूत होगा।

-प्रियंका गांधी वाड्रा
कांग्रेस सांसद, वायनाड

## अपने विचार रखें...

**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**फीचर डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003**
**E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com**

## न हाथ में डिग्री फिर भी जिंदगियां देती दाई मां




महक कुरैशी

ना तो ऑपरेशन थिएटर की कोई भी चकाचौंध है और ना ही मेडिकल की मोटी मोटी किताबें। बस अनुभव का खजाना, ममता की पोटली और हौसले की धार ए हैं हमारी दाई मां। आज 5 मई अंतर्राष्ट्रीय दाई दिवस है। वो दिन जब दुनिया उन हाथों को सलाम करती है जिन्होंने बिना किसी भी शोर शराबे के करोड़ों घरों में समय समय पर बच्चों की किलकारी गुंजाई।

एक जमाना था जब गांव में लेबर रूम नही हुआ करता था बस दाई की गोद ही लेबर रूम हुआ करती थी। अगर किसी भी गर्भवती महिला को आधी रात को दर्द उठा तो अपने हाथों में लालटेन लेकर उस घर की और भागती दौडती हुई दाई ही एक उम्मीद हुआ करती थी। दाई मां के पास ना तो ब्लड प्रेशर की मशीन होती थी और ना ही ऑक्सीजन का सिलेंडर। बस उनके पास होता था गर्म पानी का एक पतीला, साफ सा कपड़ा और मंत्र सा पढ़ता हुआ कई वर्षों का अनुभव। तब दाई मां की एक आवाज पर पूरा का पूरा घर अलर्ट हो जाता था और वह उपचार के दौरान गर्भवती महिला को हौंसला देती थी और फिर सब कुछ सही हो जाता। घर में फिर किलकारियां गूंजती और पूरे घर में खुशी की लहर दौड़ जाती। दाई मां को इनाम भी मिलता था और वह भी बच्चे को पुचकारती हुई जच्चा और बच्चा को बहुत सारी दुआएं देकर ही अपने घर लौटती थी। एक बुजुर्ग बताते हैं कि 80 के दशक में एक गांव की शांति देवी दाई मां ने एक बच्चे का जन्म कराया था। अब वही बच्चा एक जिले का कलेक्टर है। यह कलेक्टर जब भी छुट्टियों में अपने गांव में आते हैं तो सबसे पहले शांति देवी दाई मां के पांव छूते हैं। कहते हैं दाई मां ने डिग्री नहीं देखी बस नब्ज देखी थी। उसी नब्ज ने मुझे बड़ा अफसर बना दिया। है ना ए चटपटा सच। आज बड़े हस्पताल हैं। नर्स हैं। गायनेकोलॉजिस्ट भी हैं। फिर भी दूर दराज के गांवों में, टांडों में और पहाड़ों पर आज भी पहली डॉक्टर दाई मां ही है। आशा और एएनएम के साथ कंधे से कंधा मिलाकर दाई मां अब भी जच्चा बच्चा की रखवाली करती है। सरकार भी अब इन्हें स्किल्ड बर्थ अटेंडेंट का प्रशिक्षण दे रही है यानी कि पुरानी दाई नया अवतार। नाम के साथ दाई शब्द जुड़ते ही लोग नाक सिकोड़ लेते हैं। कम पैसा, ना पहचान, ना पेंशन। कई बार अगर जच्चा या बच्चे की हालत बिगड़ जाए तो इल्जाम भी दाई मां के सिर ही लग जाता है पर मजाल है जो कभी उफ की हो। कहती हैं बच्चा रोया नही तब तक हम सोते नही। आज के दिन में बस इतना ही कहूंगी कि अस्पताल में जन्म प्रमाण पत्र पर डॉक्टर का नाम लिखा जाता है पर उस बच्चे की पहली सांस पर हक तो दाई की हथेली का ही है। डिग्री भले ही ना हो पर ममता में पीएचडी हैं ए दाई मां। तो अगली बार किसी दाई मां को देखो तो बस हाथ जोड़ देना क्योंकि यही वह शख्सियत हैं जिन्होंने मौत को मात देकर जिंदगी को धरती पर उतारा है। हैप्पी दाई दिवस। दाई मां तुम सच में लाइफ लाइन हो।

**उसी नब्ज ने मुझे बड़ा अफसर बना दिया। है ना ए चटपटा सच। आज बड़े हस्पताल हैं। नर्स हैं। गायनेकोलॉजिस्ट भी हैं। फिर भी दूर दराज के गांवों में, टांडों में और पहाड़ों पर आज भी पहली डॉक्टर दाई मां ही है। आशा और एएनएम के साथ कंधे से कंधा मिलाकर दाई मां अब भी जच्चा बच्चा की रखवाली करती है। सरकार भी अब इन्हें स्किल्ड बर्थ अटेंडेंट का प्रशिक्षण दे रही है यानी कि पुरानी दाई नया अवतार। नाम के साथ दाई शब्द जुड़ते ही लोग नाक सिकोड़ लेते हैं।**

## कुछ लोगों को ठंड कम क्यों लगती है



**जो लोग गर्म इलाकों से ठंडे स्थानों पर जाते हैं, उन्हें शुरुआत में ज्यादा दिक्कत होती है, लेकिन लगातार उस स्थान पर रहने से धीरे-धीरे शरीर ठंड के मुताबिक खुद को ढाल लेता है। इस प्रक्रिया को अनुकूलन कहते हैं। शरीर का आकार भी मायने रखता है। छरहरे शरीर या छोटे कद वाले लोग जल्दी गर्मी गंवाते हैं, जबकि बड़े डील-डौल वाले लोग गर्मी देर तक सहेज पाते हैं। खासकर मांसपेशियां बहुत महत्वपूर्ण होती हैं, क्योंकि वे काम करते समय गर्मी पैदा करती हैं। इसलिए जिन लोगों की मांसपेशियां ज्यादा होती हैं, वे अंदर से अधिक गर्मी बनाते हैं। ठंड से बचाव के मामले में मांसपेशियां शरीर की सबसे मजबूत ढालों में से एक हैं। लेकिन, सिर्फ शरीर का आकार ही पूरी कहानी नहीं है। आर्कटिक जैसे बेहद ठंडे इलाकों में रहने वाले कुछ समुदाय अपेक्षाकृत छोटे कद के बावजूद कड़ाके की ठंड आसानी से सह लेते हैं।**

जाड़े का मौसम तो चला गया है लेकिन जाते-जाते एक सवाल का जवाब मिल गया हैरू कुछ लोगों को ठंड कम क्यों लगती है? इसका कारण है हमारे शरीर की बनावट, अनुकूलन की क्षमता और हमें मिले वंशानुगत गुण।

युनिवर्सिटी ऑफ ओटावा के जीवविज्ञानी फांस्वा हेमन के अनुसार, इंसान का शरीर नैसर्गिक रूप से बहुत ज्यादा ठंड सहने में माहिर नहीं है। हम आसानी से शरीर की गर्मी गंवा देते हैं। फिर भी हर व्यक्ति को ठंड अलग-अलग तरह से महसूस होती है। और, इसमें हमारी जीवनशैली व जैविक बनावट, दोनों की अहम भूमिका होती है। ठंड सहने में एक भूमिका अनुकूलन की भी होती है। जो लोग गर्म इलाकों से ठंडे स्थानों पर जाते हैं, उन्हें शुरुआत में ज्यादा दिक्कत होती है। लेकिन लगातार उस स्थान पर रहने से धीरे-धीरे शरीर ठंड के मुताबिक खुद को ढाल लेता है। इस प्रक्रिया को अनुकूलन कहते हैं। शरीर का आकार भी मायने रखता है। छरहरे शरीर या छोटे कद वाले लोग जल्दी गर्मी गंवाते हैं, जबकि बड़े डील-डौल वाले लोग गर्मी देर तक सहेज पाते हैं। खासकर मांसपेशियां बहुत महत्वपूर्ण होती हैं, क्योंकि वे काम करते समय गर्मी पैदा करती हैं। इसलिए जिन लोगों की मांसपेशियां ज्यादा होती हैं, वे अंदर से अधिक गर्मी बनाते हैं। ठंड से बचाव के मामले में मांसपेशियां शरीर की सबसे मजबूत ढालों में से एक हैं। लेकिन, सिर्फ शरीर का आकार ही पूरी कहानी नहीं है। आर्कटिक जैसे बेहद ठंडे इलाकों में रहने वाले कुछ समुदाय द्धजैसे ग्रीनलैंड के इनुइट लोगत्रः अपेक्षाकृत छोटे कद के बावजूद कड़ाके की ठंड आसानी से सह लेते हैं। शोध में पाया गया है कि कुछ लोगों के जीन ऐसे होते हैं जो 'भूरी वसाश नाम की खास वसा के विकास से जुड़े हैं। यह वसा शरीर में गर्मी पैदा करने में मदद करती है। इसके अलावा, जीन यह भी तय करते हैं कि शरीर में चर्बी कैसे वितरित होगी और मांसपेशियां कैसे काम करेंगी। इन कारणों से कुछ लोग अपने शरीर का अंदरूनी तापमान दूसरों की तुलना में बेहतर तरीके से बनाए रख पाते हैं। जीन इस बात को भी प्रभावित कर सकते हैं कि ठंड में हमारी रक्त वाहिकाएं कैसे प्रतिक्रिया देती हैं। जब मौसम बहुत ठंडा होता है, तो त्वचा और हाथ-पैरों की ओर बहने वाला खून कम हो जाता है, ताकि हृदय और दूसरे जरूरी अंगों के आसपास गर्मी बनी रहे। इसी कारण उंगलियां और पैर ज्यादा ठंडे महसूस होते हैं, लेकिन इससे शरीर का केंद्रीय तापमान सुरक्षित रहता है। कुछ लोगों में जीन इस प्रक्रिया को और बेहतर तरीके से नियंत्रित करने में मदद करते हैं। कुल मिलाकर, ठंड लगना कई कारणों से तय होता है। इसमें डील-डौल, अनुकूलन क्षमता और जेनेटिक्स तीनों मिलकर असर डालते हैं। **( स्रोत फीचर्स )**



कोलंबो। श्रीलंका के साथ समुद्री सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित यात्रा के दौरान भारतीय नौसेना की पनडुब्बी आईएनएस सिंधुकेसरी श्रीलंका पहुंची।

## मॉन्स्टर ट्रक शो के दौरान भीड़ में घुसी कार, दो की मौत, 37 घायल

**बोगोटा।** दक्षिणी कोलंबिया में 2026 मॉन्स्टर ट्रक शो के दौरान एक कार भीड़ में घुस गई, जिससे कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 37 अन्य घायल हो गए। नोटिशियास काराक. ोल ब्रॉडकास्टर की रिपोर्ट के अनुसार यह कार्यक्रम काउका प्रांत के पोपायान शहर में आयोजित किया गया था। काउका के गवर्नर ऑक्टेवियो गुजमैन ने हताहतों की संख्या की पुष्टि की और इस दुर्घटना से प्रभावित लोगों के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त की है।

# होर्मुज में फंसे जहाजों को निकालने की कवायद तेज

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने की प्रोजेक्ट फ्रीडम नाम से एक नौसैनिक अभियान की घोषणा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' नाम से एक नौसैनिक अभियान की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे वाणिज्यिक जहाजों को सुरक्षित बाहर निकालना है।

यह अभियान पश्चिम एशिया में सोमवार सुबह से शुरू हो गया है। ट्रम्प ने एक बयान में कहा कि दुनिया के कई देशों ने अमेरिका से सहायता का अनुरोध किया है ताकि इस संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले समुद्री मार्ग में फंसे जहाजों को बाहर निक. ाला जा सके। उन्होंने कहा कि दुनिया भर के देशों ने अमेरिका से अनुरोध किया है कि क्या हम उनके जहाजों को मुक्त कराने में मदद कर सकते हैं, जो होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे हुए हैं। उन्होंने इन जहाजों को 'तटस्थ और निर्दोष पक्षों' का बताया। ट्रम्प ने कहा कि तटस्थ देशों के जहाजों को अमेरिकी बल 'सुरक्षित तरीके से प्रतिबंधित जलमार्गों से बाहर निकालेंगे', ताकि वे सामान्य व्यावसायिक गतिविधियों को फिर से शुरू कर सकें। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल अमेरिका बल्कि ईरान और पूरे पश्चिम एशिया के लिए भी लाभकारी होगी। घोषणा के अनुसार अमे. रिकी प्रतिनिधियों को संबंधित देशों को सूचित करने के निर्देश दिए गए हैं कि वाशिंगटन उनके जहाजों और चालक दल को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए 'हर संभव प्रयास' करेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में शामिल जहाज तब तक वापस नहीं लौटेंगे जब तक क्षेत्र को नौवहन के लिए सुरक्षित नहीं माना जाता। ट्रम्प ने कहा कि यह प्रक्रिया, प्रोजेक्ट फ्रीडम, सोमवार सुबह मध्य पूर्व समयानुसार शुरू होगी।




■ तटस्थ देशों के जहाजों को अमेरिकी बल 'सुरक्षित तरीके से प्रतिबंधित जलमार्गों से बाहर निकालेंगे', ताकि वे सामान्य व्यावसायिक गतिविधियों को फिर से शुरू कर सकें

उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच 'बहुत सकारात्मक बातचीत' चल रही है, जिससे रचनात्मक परिणाम निकल सकते हैं। ट्रम्प ने इस अभियान को मानवीय पहल बताते हुए कहा कि क्षेत्र में कई जहाज भोजन सहित आवश्यक आपूर्ति की कमी का सामना कर रहे हैं, जिससे चालक दल की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यह प्रयास उन लोगों, कंपनियों और देशों को राहत देने के लिए है जिन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और परिस्थितियों के शिकार बने हैं। यह एक मानवीय पहल है। हालांकि उन्होंने चेतावनी भी दी कि इस अभियान में किसी भी तरह का हस्तक्षेप होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है, जहां से वैश्विक तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है और हाल के महीनों में यह बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव का केंद्र बना हुआ है।

## प्रोजेक्ट फ्रीडम, होर्मुज खोलने के लिए सैन्य स्तरीय अभियान: सेंटकॉम

**वॉशिंगटन।** अमेरिका का 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' एक बड़ा सैन्य स्तरीय अभियान है जिसमें गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर्स, 100 से अधिक विमान और लगभग 15000 सैन्य कर्मी तैनात किए गए हैं। यह उन देशों की तत्परता को दर्शाता है, जो हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने का समर्थन कर रहे हैं। अपनी व्यापकता और मारक क्षमता के बावजूद इस अभियान से दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री चोकपॉइंट्स में से एक में बढ़ती अस्थिरता का कोई स्थाई समाधान मिलने की संभावना कम ही है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार, इस मिशन का उद्देश्य केवल वाणिज्यिक जहाजों को मात्र सुरक्षा देना नहीं बल्कि इस रणनी. तिक रूप से महत्वपूर्ण जलमार्ग में नौवहन की स्वतंत्रता बहाल करने का व्यापक प्रयास है। इस मार्ग से प्रतिदिन वैश्विक समुद्री तेल का लगभग एक-चौथाई हिस्सा और भारी मात्रा में एलएनजी, ईंधन व उर्वरक लदे जहाज गुजरते हैं। सेंटकॉम ने अपने बयान में कहा है कि उसकी सेनाएं चार मई से इस पहल का समर्थन करना शुरू कर देंगी।

### प्रोजेक्ट फ्रीडम के जवाब में तेहरान ने दी अब चेतावनी देते हुए

# ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट का नया नक्शा जारी किया

**तेहरान।** ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने सोमवार को होर्मुज जलडमरूमध्य का एक नया नक्शा जारी किया। इसमें उन क्षेत्रों को दर्शाया गया है जो ईरान के नौसैनिक नियंत्रण और प्रबंधन के अधीन हैं। इस कदम से क्षेत्र में तनाव और बढ़ने की आशंका है। 'फारस न्यूज एजेंसी' के अनुसार, आईआरजीसी द्वारा निर्धारित यह क्षेत्र पश्चिम में ईरान के केशम द्वीप और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उम्म अल-कुवैन के बीच से शुरू होकर, पूर्व में ईरान के माउंट मुबारक और फुजैराह तक फैला हुआ है। ईरान का यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा घोषित 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' के जवाब में आया है।

'प्रोजेक्ट फ्रीडम' के तहत अमेरिका इस रणनीतिक जलमार्ग में फंसे वाणिज्यिक जहाजों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए एक बड़ा नौसैनिक अभियान शुरू कर रहा है। ईरान की एकीकृत सशस्त्र सेना कमान के प्रमुख मेजर जनरल अली अब्दुल्लाही ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि ईरान जलडमरूमध्य में प्रवेश करने या उसके करीब आने वाले 'किसी भी विदेशी सशस्त्र बल', विशेष रूप से 'आक्रामक अमेरिकी सेना' को निशाना बनाएगा। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा का प्रबंधन ईरान पूरी मजबूती के साथ कर रहा है। दूसरी ओर, अमेरिकी सेना ने स्पष्ट किया है कि उसका यह प्रयास कोई औपचारिक 'एस्कॉर्ट मिशन' (जहाजों के साथ चलने वाला मिशन) नहीं है, बल्कि इसमें गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर, 100 से अधिक विमान और 15000 सैनिक 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' को सहयोग देंगे। अब्दुल्लाही ने सभी वाणिज्यिक जहाजों और तेल टैंकरों से अपील की है कि वे ईरानी सशस्त्र बलों के साथ समन्वय किए बिना इस क्षेत्र से न गुजरें, अन्यथा उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की किसी भी आक्रामक कार्रवाई से स्थिति और जटिल होगी और जहाजों की सुरक्षा को खतरा पैदा होगा। अब्दुल्लाही ने कहा कि यह जलमार्ग ईरान के सशस्त्र बलों के नियंत्रण में है, और 'स्थिति को बिगाड़ने के लिए अमेरिका द्वारा की गई कोई भी आक्रामक कार्रवाई केवल और अधिक जटिलताएं पैदा करेगी और इस क्षेत्र में जहाजों की सुरक्षा को खतरे में डाल देगी। उल्लेखनीय है कि ट्रम्प ने एक नौसैनिक मिशन की घोषणा की है, जिसका नाम 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' रखा गया है। आधिकारिक बयान के अनुसार, इसका मकसद होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे हुए व्यापारिक जहाजों को बाहर निकालना है। आईआरजीसी के प्रवक्ता सरदार मोहेब्बी ने कहा कि तेहरान द्वारा लागू किए गए पारगमन नियमों (ट्रांजिट प्रोटोकॉल) का उल्लंघन करने वाले किसी भी जहाज को बलपूर्वक रोका जाएगा। उन्होंने सभी शिपि. ंग और परिवहन बीमा कंपनियों को सलाह दी है कि वे आईआरजीसी की आधिकारिक घोषणाओं पर गौर करें। उन्होंने फारस समाचार एजेंसी की ओर से जारी बयान में कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य की प्रबंधन प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं हुआ है। नागरिक और वाणिज्यिक जहाजों की कोई भी समुद्री आवाजाही, जो आईआरजीसी नौसेना द्वारा जारी किए गए पारगमन प्रोटोकॉल का पालन करती है और समन्वय के साथ निर्धारित मार्ग से होती है, वह पूरी तरह सुरक्षित रहेगी। उन्होंने कहा कि आईआरजीसी नौसेना द्वारा घोषित सिद्धांतों के विपरीत होने वाली अन्य गतिविधियों को गंभीर जोखिमों का सामना करना पड़ेगा।



■ कहा: स्ट्रेट में प्रवेश करने पर किसी भी विदेशी सशस्त्र बल को निशाना बनाएगा

## होर्मुज की नई व्यवस्था में अमेरिकी हस्तक्षेप युद्धविराम का उल्लंघन है: ईरानी सांसद

**तेहरान।** ईरान की संसद के एक वरिष्ठ सांसद ने चेतावनी दी है कि होर्मुज जलडमरूमध्य की नई समुद्री व्यवस्था में अमेरिका का कोई भी हस्तक्षेप युद्धविराम का सीधा उल्लंघन माना जाएगा। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की जहाजों को सुरक्षा देने की योजना को 'भ्रमपूर्ण' करार दिया। ईरानी संसद की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने रविवार को सोशल मीडिया पर कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के नई समुद्री व्यवस्था में किसी भी अमेरिकी हस्तक्षेप को युद्धविराम का उल्लंघन माना जाएगा। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य और फारस की खाड़ी का संचालन ट्रम्प के भ्रमपूर्ण पोस्ट से नहीं होगा। दोषारोपण की कहानियों पर कोई विश्वास नहीं करेगा। अजीजी की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब ट्रम्प ने घोषणा की है कि अमेरिकी बल सोमवार से इस जलमार्ग से गुजरने वाले जहाजों को सुरक्षा प्रदान करना शुरू करेंगे।

## पाक में दो हिंदू अल्पसंख्यकों का सीएसएस में चयन

■ अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित 123 सीटें अभी भी खाली

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के दो पुरुषों ने देश की संघीय सिविल सेवा में शामिल होने की योग्यता हासिल की है। सिंध प्रांत के जीवन रेबारी और खेम चंद जंडोरा उन 170 उम्मीदवारों में शामिल हैं, जिन्हें संघीय लोक सेवा आयोग द्वारा गुरुवार को परिणाम घोषित होने के बाद केंद्रीय सुपीरियर सेवा (सीएसएस) में शामिल होने के लिए योग्य घोषित किया गया। यह उपलब्धि ऐसे समय में मिली है जब सरकारी नौकरियों में अल्पसंख्यक समूहों का प्रतिनिधित्व ऐतिहासिक रूप से कम रहा है।

2023 की जनसंख्या जनगणना के अनुसार, 38 लाख की कुल आबादी के साथ हिंदू पाकिस्तान का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समुदाय हैं, जो अधि. कतर सिंध प्रांत में रहते हैं। पाकिस्तान की सीएसएस में अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व ऐतिहासिक रूप से कम रहा है, जिसके कारण सरकार ने समावेश बढ़ाने के लिए 2025 में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम जैसी पहल शुरू की है। संघीय लोक सेवा आयोग के अनुसार, देशभर से 12792 लोगों ने लिखित परीक्षा दी थी। इनमें से 355 उम्मीदवार उत्तीर्ण हुए, और आगे के दौर के बाद कुल 170 उम्मीदवारों का चयन किया गया। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित 123 सीटें अभी भी खाली हैं, जो इन पुरुषों की शीर्ष सूची में जगह बनाने के महत्व को और उजागर करता है। संविधान संघीय नौकरियों में अल्पसंख्यकों के लिए समान अधिकारों और पांच फीसदी कोटा की गारंटी देता है। हालांकि, उनका वास्तविक प्रतिनिधित्व कोटा सीमा से कम बना हुआ है। सीएसएस में विदेश सेवा से लेकर डाक सेवा तक 12 समूह हैं। 2022 के परिणामों के बाद राजेंद्र मेनघवार पहले हिंदू पीएसपी (पाकिस्तान पुलिस सेवा) अधिकारी बने थे। राजेंद्र की सफलता ने भी अन्य लोगों को इस क्षेत्र में शामिल होने और एक उदाहरण बनने के लिए प्रोत्साहित किया। खेम चंद के माता-पिता को अपने बेटे की शिक्षा के लिए उच्च ब्याज दरों पर कर्ज लेना पड़ा और गहने बेचने पड़े। खेम चंद जंडोरा समुदाय से संबंध रखते हैं, जिसका नाम जंड से लिया गया है, जो भारी पत्थर की चक्की को संदर्भित करता है।

# होर्मुज की नाकेबंदी पर अकेले पड़े ट्रम्प

## यूरोप ने पीछे खींचे हाथ, मैक्रों बोले: जंग में हम शामिल नहीं, अमेरिका से अलग रणनीति अपनाएंगे

**पेरिस।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर जारी संकट के बीच फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने साफ कर दिया है कि यूरोप इस मुद्दे पर अमे. रिका से अलग रणनीति अपनाएगा। फ्रांस के राष्ट्रपति ने कहा कि यूरोप अपना स्वतंत्र सुरक्षा ढांचा तैयार कर रहा है और अमेरिका के नेतृत्व वाले किसी अस्पष्ट सैन्य आपरेशन का हिस्सा नहीं बनेगा।

आर्मेनिया की राजधानी येरेवन में आयोजित यूरोपीय पालिटिकल कम्युनिटी की 8वीं बैठक में मैक्रों ने कहा कि यूरोपीय संघ अपनी सुरक्षा और रक्षा के लिए खुद समाधान बना रहा है। हम अपनी किस्मत अपने हाथ में ले रहे हैं और कामन सिक्योरिटी फ्रेमवर्क विक. सित कर रहे हैं। मैक्रों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा शुरू किए गए प्रोजेक्ट फ्रीडम में शामिल होने से साफ इनकार कर दिया। यह पहल होर्मुज जलडमरूमध्य में जहा. जों की आवाजाही बहाल करने के लिए शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि हम ऐसी किसी पहल में हिस्सा नहीं लेंगे, जिसका ढांचा स्पष्ट न हो। हालांकि फ्रांस ने जलमार्ग को फिर से खोलने के प्रयासों का समर्थन किया, लेकिन यह भी स्पष्ट किया कि वह किसी भी फोर्स-बेस्ड आपरेशन में शामिल नहीं होगा, जब तक कि उसका स्पष्ट और सहमति आधारित ढांचा न हो। मैक्रों ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने का सबसे टिकाऊ तरीका अमेरिका और ईरान के बीच समन्वित समझौता है। उन्होंने फ्री और बिना टोल के नेविगेशन को सुनिश्चित करने के लिए बातचीत को ही एकमात्र रास्ता बताया। इस बीच, क्षेत्र में हालात अभी भी बेहद संवे. दनशील बने हुए हैं। 28 फरवरी के बाद से तनाव तेजी से बढ़ा है, जब अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमले किए और जवाब में तेहरान ने भी इजरायली ठिकानों और खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। ईरान ने साफ चेतावनी दी है कि अगर अमेरिकी सेना होर्मुज जलडमरूमध्य के करीब आती है, तो उस पर हमला किया जाएगा। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि अमेरिका के प्रस्ताव की समीक्षा की जा रही है, जो पाकिस्तान के जरिए मिला है।



■ मैक्रों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा शुरू किए गए प्रोजेक्ट फ्रीडम में शामिल होने से साफ इनकार कर दिया

## ट्रम्प कार्रवाई चाहते हैं, वह चुपचाप बैठे नहीं रहना चाहते: अमेरिकी अधिकारी

**वाशिंगटन।** होर्मुज स्ट्रेट में गतिरोध को तोड़ने के उद्देश्य से ट्रम्प की ओर से शुरू किया गया नया नौसैनिक अभियान 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' ऐसे समय में आया है जब अमेरिका में ईरान के साथ 'न समझौता, न युद्ध' की स्थिति को लेकर निराशा बढ़ रही है। अमे. रिकी न्यूज वेबसाइट एक्सियोस से बातचीत में प्रशासन के एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपति कार्रवाई चाहते हैं। वह चुपचाप बैठे नहीं रहना चाहते। वह दबाव बनाना चाहते हैं। वह एक समझौता चाहते हैं। अधिकारियों का कहना है कि कूटनीति पर जोर देने के बावजूद, ट्रम्प बंद दरवाजों के पीछे ईरान के लिए कड़े सैन्य विकल्पों पर विचार कर रहे हैं।

# अमेरिका ने ईरानी जहाज के चालक दल को पाक के हवाले किया

■ इस जहाज ने बार-बार दी गई चेतावनियों के बावजूद नौसैनिक नाकाबंदी को तोड़ने की कोशिश की थी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि अमेरिका ने एक ईरानी कंटेनर जहाज पर पकड़े गए चालक दल के 22 सदस्यों को सुरक्षित पाकिस्तान पहुंचा दिया है, जिन्हें आज ही ईरानी अधिकारियों को सौंप दिया जाएगा।

पाकिस्तान ने चालक दल की इस वापसी को तनाव कम करने की दिशा में अमेरिका द्वारा उठाया गया एक 'विश्वास बढ़ाने वाला कदम' बताया है। ईरानी ध्वज वाला जहाज 'एम/वी टूसका', जो इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान शिपिंग लाइन्स का हिस्सा है, पिछले महीने ओमान की खाड़ी में अमेरिकी सेना द्वारा जब्त कर लिया गया था। अमे. रिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार, इस जहाज ने बार-बार दी गई चेताव. नियों के बावजूद नौसैनिक नाकाबंदी को तोड़ने की कोशिश की थी। अमे. रिकी सेना ने जहाज के इंजन रूम पर फायरिंग भी की थी। ईरान ने अमेरिका की इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की थी और इसे 'समुद्री डकैती' करार दिया था। पाकिस्तान के मुताबिक, चालक दल के सदस्यों को रविवार रात उसकी हिरासत में सौंपा गया था और सोमवार को उन्हें ईरान भेज दिया जाएगा। मंत्रालय ने यह भी कहा कि मरम्मत के बाद जहाज को उसके असली मालिकों को लौटा दिया जाएगा। सीएनएन ने पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के हवाले से कहा कि इन सदस्यों की वापसी ईरानी और अमेरिकी पक्षों के समर्थन से मिलकर की जा रही है।






## राम चरण स्टारर पेड्डी में स्पेशल सॉन्ग के लिए शामिल हुईं श्रुति हसन

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री श्रुति हासन, दक्षिण भारतीय फिल्म स्टार राम चरण स्टारर की आने वाली फिल्म पेड्डी के स्पेशल सॉन्ग के लिए शामिल हो गई हैं। फिल्म पेड्डी, में ग्लोबल स्टार राम चरण लीड रोल में हैं। इस फिल्म में जाह्नवी कपूर और जगपति बाबू भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। इसका म्यूजिक पहले ही माहौल बना चुका है, चार्टबस्टर हिट्स दे चुका है और एक्साइटमेंट को और बढ़ा दिया है। अब इस फिल्म को लेकर और बड़ा अपडेट सामने आया है। पैन-इंडिया सिनेमा की बज गर्ल श्रुति हासन फिल्म में एक हाई-एनर्जी स्पेशल डांस नंबर में नजर आने वाली हैं, जिसकी शूटिंग इस वक्त चल रही है। इससे पहले उन्हें एक और बड़े प्रोजेक्ट वाराणसी के लिए भी अप्रोच किया गया था। इससे साफ है कि भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी आने वाली फिल्मों में उनकी डिमांड और मौजूदगी लगातार बढ़ रही है।

## नाटो के भीतर अमेरिका ही जर्मनी का सबसे महत्वपूर्ण साझेदार: मर्ज

**बर्लिन।** जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा है कि ईरान मुद्दे पर मतभेदों के बावजूद अमे. रिका नाटो संगठन में जर्मनी का सबसे महत्वपूर्ण साझेदार बना हुआ है। मर्ज ने एआरडी प्रसारक को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि मुझे स्वीकार करना होगा कि अमेरिकी राष्ट्रपति की इन मुद्दों पर हमसे अलग राय है, लेकिन इससे यह तथ्य नहीं बदलता कि अमेरिका हमारे लिए महत्वपूर्ण साझेदार है, नाटो में सबसे महत्वपूर्ण, और यूरोप तथा अमे. रिका के साथ मिलकर आगे बढ़ने में हमारी साझा रुचि है। उन्होंने ईरान को लेकर अमेरिकी रणनीति की आलोचना भी दोहराई।

